सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-357 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 08 जून 2024
01 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

एनडीए ने सरकार बनाने का दावा किया पेश, मोदी चुने गए संसदीय दल के नेता

अगले 10 साल एनडीए की सरकार रहेगी: मोदी

बैठक

- एनडीए का यह कार्यकाल बड़े फैसलों और तेज विकास का है
- सरकार चलाने के लिए बहुमत आवश्यक और देश चलाने के लिए सर्वमत

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत न मिलने के बावजूद नरेंद्र मोदी के पीएम बनने का रास्ता साफ हो गया है। चुनाव में एनडीए को बहुमत मिला है, जिसके बूते आज मोदी को एक बार फिर संसदीय दल का नेता चुन लिया गया। आज एनडीए की बैठक में सर्वसम्मति से मोदी को पीएम पद के लिए अपना नेता चुना गया। संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद मोदी ने सैंट्रल हॉल में भाषण भी दिया। मोदी ने अपने एनडीए नेताओं की खूब तारिफ भी की। अपने भाषण के दौरान मोदी ने एक खास बात भी कही। मोदी ने कहा कि अगर मैं एक तरफ एनडीए रखूं और दूसरी तरफ भारत के लोगों के सपने और संकल्पों को रखूं तो मैं कहूंगा... एनडीए। पीएम ने इसी के साथ एनडीए का मतलब भी बताया। एन-न्यू इंडिया डी-डेवलप इंडिया ए-एस्पिरेशनल इंडिया। पीएम ने कहा कि इन सपनों और संकल्पों को पूरा करना, ये हम सबका संकल्प भी है, कमिटमेंट भी है और इसको लेकर हमारे पास रोडमैप भी है। पीएम ने आगे कहा कि आज के वातावरण में देश को सिर्फ एनडीए पर ही भरोसा है और जब इतना अटूट विश्वास और भरोसा है तो स्वाभाविक है कि देश की अपेक्षाएं भी बढ़ेंगी और मैं इसे अच्छा मानता हूं। मैंने पहले भी कहा था कि पिछले 10 साल का कार्य तो सिर्फ ट्रेलर है। और ये मेरा कमिटमेंट है, हमें और तेजी से और विश्वास देश की आकांक्षाओं को पूरा करने में रत्तीभर भी विलंब नहीं करना है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की भागीदारी हमारा कमिटमेंट है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब सदन में माताएं-बहनें ज्यादा संख्या में नेतृत्व करती दिखाई देंगे। हमने महिलाओं को सबसे ज्यादा टिकट देने वाल पार्टी रहे हैं। हम जी-20 समिट से भी इस बात को आगे बढ़ा रहे हैं- महिलाओं के नेतृत्व में विकास। पीएम ने कहा कि एनडीए का यह कार्यकाल बड़े फैसलों और तेज विकास का है। हम समय नहीं गंवाना चाहते। हम पांच नंबर से तीन नंबर की अर्थव्यवस्था पर पहुंच रहे हैं। यह खाली पांच-तीन का आंकड़ा नहीं है। इससे अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा, उससे सरलता बढ़ेगी, देश की जरूरतें पूरी करने का सामर्थ्य बढ़ेगा। राज्यों का सहयोग भी इसमें उतना ही महत्वपूर्ण रहेगा।

आडवाणी-जोशी से घर जाकर मिले मोदी

बैठक के बाद मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके घर जाकर मिले। इससे पहले इस बीच वरिष्ठ भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में कहा कि नरेंद्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। एनडीए सांसदों के अलावा भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और गठबंधन के वरिष्ठ नेता बैठक में मौजूद थे।

गर्मजोशी से मिले मोदी-योगी

पीएम मोदी ने सभी मुख्यमंत्रियों से भेंट की और सभी का अभिवादन किया। इन सबके बीच यूपी के मुख्यमंत्री ने जब मोदी को गुलदस्ता देकर प्रणाम किया तो उन्होंने योगी आदित्यनाथ की पीठ थपथपाई। दोनों के बीच हुई इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। चर्चा हो रही है कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन रहा उसके बाद इस तरह से मोदी और योगी की मिलना एक अलग ही संदेश दे रहा है। दोनों के बीच काफी गर्मजोशी दिखाई दी।

राष्ट्रपति ने मोदी को सरकार बनाने का न्यौता दिया

मोदी 3.0

- लगातार तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री मोदी
- चेंज ऑफ गार्ड समारोह में बदलाव

नरेंद्र मोदी नौ जून को शाम सवा 7 बजे लेंगे पीएम पद की शपथ

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार रविवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नरेंद्र मोदी को इस दौरान पद की गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। राष्ट्रपति भवन द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, नरेंद्र मोदी नौ जून को शाम 7 बजकर 15 मिनट पर शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नौ जून को शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के अन्य सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। मालूम हो कि इससे पहले पीएम मोदी ने आज राष्ट्रपति भवन पहुंचकर राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकर की थी और एनडीए की सरकार बनाने का दावा पेश किया था। वहीं, राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह और राष्ट्रपति द्वारा संसद के दोनों सदनों को संबोधित करने की तैयारी के कारण राष्ट्रपति भवन में 8, 15 और 22 जून को चेंज ऑफ गार्ड समारोह नहीं होगा। इससे पहले संसद के सेंट्रल हॉल में आज एनडीए की बैठक हुई। इस बैठक में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार संसदीय दल का नेता चुना गया। संसद के सेंट्रल हॉल में हुई एनडीए की इस बैठक में सभी नव-निर्वाचित सांसद शामिल हुए।

पीएम मोदी के सामने होंगी कई चुनौतियां

रविवार को शपथ ग्रहण के बाद तीसरा कार्यकाल शानदार होगा। भरोसा भी यही कि प्रधानमंत्री को चुनौतियों से निबटना आता है। पहले बात बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की। नीतीश कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अनोखी केमिस्ट्री दिखाई। प्रधानमंत्री की पिछली कैबिनेट में उनके सहयोगी ने इस ओर इशारा भी किया। मानो, नीतीश कुमार ने एनडीए छोड़ने के अपने पिछले अपराधों की क्षमा मांग ली हो।

चार नक्सली ढेर

छत्तीसगढ़। नारायणपुर-दंतेवाड़ा के सीमावर्ती इलाके में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप (डीआरजी) के जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान पांच नक्सली मारे गए। जवानों ने हथियार बरामद किए हैं। क्षेत्र में सर्चिंग अभियान जारी है। नारायणपुर एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि छह जून की रात से जिला नारायणपुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव के सीमावर्ती इलाके में पूर्व बस्तर डिविजन अंतर्गत ग्राम मुंगेडी, गोबेल क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अंतर्जिला संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया था। अभियान के दौरान सात जून को दिन भर गोबेल क्षेत्र के जंगल में पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ हुई। संयुक्त अंतर्जिला नक्सल अभियान में पांच वर्दीधारी नक्सली ढेर हुए हैं। सभी मृत नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। बड़ी संख्या में नक्सली घायल होने की सूचना भी है। नारायणपुर डीआरजी के तीन जवान घायल भी घायल हुए हैं।

अपहरण मामले में प्रज्वल रेवन्ना की मां को मिली अंतरिम जमानत

यौन उत्पीड़न

- कर्नाटक हाईकोर्ट ने दी राहत
- प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी एसआईटी के समक्ष पेश हुईं

बेंगलुरु। कर्नाटक हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न मामले में आरोपित प्रज्वल रेवन्ना की मां भवानी रेवन्ना को अन्य अपहरण के एक मामले में शुक्रवार को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। हाईकोर्ट का यह निर्णय अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी की ओर से भवानी के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट के जवाब में आया है। कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए पुलिस को उन्हें गिरफ्तार करने या हिरासत में लेने से परहेज करने का निर्देश दिया है। जस्टिस कृष्ण एस दीक्षित ने जमानत का जश्न मनाने के खिलाफ चेतावनी दी और चल रही जांच में सहयोग सुनिश्चित करने की शर्त भी रखी। न्यायालय की ओर से निर्धारित शर्तों के तहत भवानी को जांच में पूरा सहयोग करना होगा और कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद अपहरण के एक मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) के समक्ष पेश हुईं। इसके अतिरिक्त, उन्हें उन विशिष्ट क्षेत्रों में प्रवेश नहीं करने का निर्देश दिया गया, जहां कथित अपहरण हुआ था। उन पर एक महिला के अपहरण में शामिल होने का आरोप है, जिसका कथित तौर पर उसके बेटे प्रज्वल ने यौन उत्पीड़न किया था। प्रज्वल कई महिलाओं पर यौन उत्पीड़न के आरोपों और ऐसे हमलों की रिकॉर्डिंग के सिलसिले में फिलहाल गिरफ्तार है।

तीस हजारी कोर्ट से लगा बिभव कुमार को झटका

मारपीट मामला

- दूसरी जमानत याचिका भी हुई खारिज

नई दिल्ली। अदालत ने सीएम आवास में आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट मामले में आरोपी बिभव कुमार की जमानत याचिका फिर खारिज कर दी। तीस हजारी कोर्ट की विशेष न्यायाधीश एकता गौबा मान ने कहा कि मामले की जांच अभी शुरुआती चरण में है और पीड़िता के मन में अपनी सुरक्षा को लेकर डर है।

अदालत ने यह भी कहा कि इस बात की पूरी आशंका है कि जमानत मिलने पर बिभव कुमार गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं। कुमार की पहली नियमित जमानत याचिका को ट्रायल कोर्ट ने 27 मई को खारिज की थी। उनकी दूसरी जमानत याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने इस तथ्य पर विचार किया कि मालीवाल एक महिला हैं और आम आदमी पार्टी की मौजूदा सांसद हैं। वह अपनी ही राजनीतिक पार्टी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर गई थीं।

अदालत ने कहा कि उसके आरोपों पर विचार करते हुए कि उसके साथ मारपीट की गई और उसे बेरहमी से पीटा गया व आवेदक बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आवास के ड्राइंग रूम में उसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई।

इरफान सोलंकी को सात साल की सजा

आगजनी केस

- एमपीएमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला
- फैसले के लिए शाम छह बजे का समय निर्धारित था

कानपुर। कानपुर के जाजमऊ आगजनी मामले में दोषी करार दिए गए सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व साथी शौकत अली, मो. शरीफ और इसराइल आटे वाला की सजा का एलान हो चुका है।

एमपीएमएलए सेशन कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने सभी दोषियों को सात साल की सजा सुनाई है। इससे पहले कोर्ट ने इन सभी आरोपियों को दोषी करार दिया था। जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में स्थित एक प्लॉट में रहने वाली नजीर फातिमा के घर में सात नवंबर 2022 को आग लग गई थी। नजीर ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी व उनके साथियों पर आग लगाने का आरोप लगाया था। मामले में इरफान, रिजवान, मो. शरीफ, शौकत अली व इजराइल आटे वाला को 3 जून को कोर्ट ने आगजनी, नुकसान पहुंचाने, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दोषसिद्ध किया था। वहीं, सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए सात जून की तारीख तय की थी। सजा सुनाने के लिए इरफान को महाराजगंज जेल से नहीं लाया गया है। बाकी चारों आरोपी कोर्ट में मौजूद हैं। सजा पर सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से डीजीसी दिलीप अवस्थी, एडीजीसी भास्कर मिश्रा व पीड़ित नजीर की अधिवक्ता प्राची श्रीवास्तव ने तर्क रखा कि दोषी इरफान सोलंकी लोक सेवक हैं, उनकी जिम्मेदारी औरों से ज्यादा थी। इसलिए उनको अधिकतम सजा सुनाई जाए और अधिकतम जुर्माना लगाया जाए। वहीं, शौकत की ओर से अधिवक्ता रवींद्र वर्मा ने तर्क रखा कि बुजुर्ग हैं 65 साल की उम्र है सजा में रहम बरता जाए। शरीफ की ओर से अधिवक्ता चंद्रभान शर्मा ने गरीब होने का तर्क दिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसले के लिए शाम छह बजे का समय निर्धारित किया था। आज सजा की सुनवाई के लिए रिजवान समेत सभी आरोपियों को कोर्ट लाया गया। रिजवान ने कहा कि हम दोनों भाई बेगुनाह, इंसाफ होगा। केडीए सरकारी संस्था और हमने केडीए से प्लॉट खरीदा।

कम से कम सजा की मांग की गई

वादिनी पीड़िता है गरीब है, बेघर है, जुर्माने की अधिकतम राशि पीड़िता को दी जाए। वहीं, बचाव पक्ष की ओर से इरफान रिजवान के अधिवक्ता सईद नकवी, शिवाकांत दीक्षित व करीम अहमद सिद्दीकी ने तर्क रखा गया कि दोषी इरफान सोलंकी विधायक हैं सजा से उनकी विधायकी पर भी खतरा है इसलिए कम से कम सजा सुनाई जाए।

आज मंत्रियों के साथ हार के कारणों पर होगी चर्चा

लोकसभा चुनाव

- दिल्ली से लौटने के बाद एक्शन में योगी

लखनऊ। लोकसभा चुनावों में यूपी में मिली हार के बाद योगी सरकार एक्शन के मोड में आ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मंत्रिमंडल के सभी सहयोगियों के साथ बड़ी बैठक करेंगे। चुनाव परिणाम आने के बाद होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्यमंत्री प्रदेश में भाजपा की हार के साथ ही सभी मंत्री के कार्यों की समीक्षा करेंगे। लोकभवन में होने वाली इस बैठक में सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ राज्य मंत्रियों को बुलाया गया है। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा होगी और मुख्यमंत्री द्वारा अहम दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इसके अलावा रिक्त सरकारी पदों पर भर्तियों को लेकर भी निर्देश दिए जा सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उन सीटों पर विशेष चर्चा होगी जहां पर मंत्रियों की हार हुई है। सरकार के अलावा संगठन के स्तर पर भी जल्द ही बैठक का आयोजन होना है। भाजपा और एनडीए के संसदीय दल द्वारा संसद के सेंट्रल हॉल में शुक्रवार को नरेंद्र मोदी को लोकसभा का नेता चुनने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम मोदी को बधाई दी।

मौसम विभाग **आने वाले दिनों में पांच डिग्री तक बढ़ेगा पारा**

भीषण गर्मी के लिए रहें तैयार

उमस

- रात के पारे ने भी दिखाई है तेजी
- पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार
- कई हिस्सों में लू का बना रह सकता है प्रकोप

लखनऊ। प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर फिर शुरू हो गया है। आंधी-बारिश में पांच डिग्री तक गिरा दिन का पारा शुक्रवार को 4 डिग्री तक बढ़ गया। वहीं रात के पारे ने भी तेजी दिखाई है और ज्यादातर हिस्सों में बढ़ोतरी दर्ज की गई।

न्यूनतम तापमान में भी 4 डिग्री तक की वृद्धि दर्ज हुई है। बाराबंकी में दिन का तापमान बृहस्पतिवार को 38 डिग्री था, जो शुक्रवार को बढ़कर 42 डिग्री हो गया। मौसम विभाग ने चेताया है कि भीषण गर्मी के लिए तैयार हो जाएं। एक सप्ताह तक गर्मी, लू के हालात प्रदेश में बने रहेंगे। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। प्रदेश के कई हिस्सों में लू का प्रकोप भी बना रह सकता है। मौसम 13 जून तक शुष्क रहने के आसार है। प्रदेश में इन दिनों में लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी ललितपुर और आसपास के इलाकों के लिए लू का आरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, संतरविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, कन्नौज, रायबरेली, हाथरस, मैनपुरी व आसपास के इलाकों में लू का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इससे पहले दिनभर सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल नजर आए थे। गर्मी से बचने के लिए लोग सुबह से ही घरों में कैद रहे।

दिल्ली-एनसीआर में धूल के साथ आंधी की संभावना

नई दिल्ली। राजधानी शहर में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो सामान्य से लगभग 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, इससे दिल्ली में लू चलने की स्थिति बन रही है। हालांकि, न्यूनतम तापमान गिरावट के साथ सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया। वहीं, एक दिन पहले 5 जून को न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस था, जो इस मौसम का अब तक का सबसे अधिक न्यूनतम तापमान है।

शहरों में रात सबसे गर्म

झांसी 31.4
कानपुर 30.4
फतेहगढ़ 29.5
फतेहपुर 29.2
खीरी 29.0
प्रयागराज 28.9

गर्म रहे प्रदेश के इलाके

झांसी 45.8, प्रयागराज 45.3, कानपुर 45.1, आगरा 44.4, उरई 44.4, वाराणसी 44.0, फतेहपुर 43.2, हमीरपुर 44.2

हरियाणा में फिर किसान आंदोलन की सुगबुगाहट

अलर्ट

- कंगना थप्पड़ कांड के बाद फिर से मिला बल
- भाकियू समेत प्रदेश के किसान संगठनों ने महिला जवान का स्वागत किया

चंडीगढ़। हरियाणा में एक बार फिर किसान आंदोलन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। मोहाली एयरपोर्ट पर भाजपा की सांसद कंगना रानौत को सीआईएसएफ महिला जवान द्वारा थप्पड़ मारे जाने के बाद अचानक से किसान संगठन अलर्ट मोड पर आ गए हैं। भारतीय किसान यूनियन समेत प्रदेश के किसान संगठनों ने महिला जवान का स्वागत किया और किसी भी स्थिति में उसका साथ देने का वादा भी किया है। उधर, फिर से किसान आंदोलन की चर्चा शुरू होने से खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। किसान संगठनों पर निगरानी बढ़ा दी गई है और उनकी तमाम गतिविधियों पर ध्यान रखा जा रहा है। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले पंजाब में 13 फरवरी से किसान आंदोलन की शुरुआत हुई थी। किसानों ने दिल्ली कूच करने के लिए पूरी ताकत झोंकी, लेकिन वह शंभू बॉर्डर से आगे नहीं बढ़ पाए। हरियाणा पुलिस द्वारा पक्के बंदोबस्त करके किसानों को रोका गया था। इस दौरान हरियाणा में केवल धरने और प्रदर्शन करके किसानों ने अपनी ताकत का अहसास कराया था। भारतीय किसान यूनियन संगठनों ने ट्रैक्टर मार्च भी किया था। हालांकि, उस समय हरियाणा में आंदोलन इतनी गति नहीं पकड़ पाया, क्योंकि हरियाणा में भाकियू नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी और रतन मान इस बात को लेकर नाराज थे कि आंदोलन से पहले उनके साथ सलाह नहीं की गई।

लगातार बिजली कटौती और प्रदर्शन करने पर मुकदमा दर्ज होने से नाराज किसानों ने किया जोरदार हंगामा

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लगातार बिजली कटौती और प्रदर्शन करने पर मुकदमा दर्ज होने से नाराज किसानों ने जोरदार हंगामा और प्रदर्शन किया। किसानों ने चौराहे पर एकत्र होकर रोड जाम करने की कोशिश की। हालांकि पुलिस ने उनको समझा कर पावर हाउस भेज दिया। पावर हाउस पर किसानों ने धरना देना शुरू कर दिया है। मोहम्मदी इलाके में बिजली कटौती को लेकर किसानों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। पिछले सप्ताह ही गांव में खराब हुए ट्रांसफार्मर की मरम्मत न होने से नाराज किसानों ने पावर हाउस पर जमकर हंगामा किया था और बिजली विभाग के जेई समेत कई कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की थी। मामले में बिजली विभाग ने कई किसानों पर मुकदमा दर्ज कराया। इसी को लेकर तमाम किसान एक बार फिर मोहम्मदी पहुंच गए और वहां उन्होंने चौराहा जाम करने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह किसानों को समझ कर वहां से पावर हाउस भेज दिया। पावर हाउस पर पहुंचे किसानों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। किसानों का कहना है कि गांव में बेतहाशा बिजली कटौती की जा रही है। एक बार कोई उपकरण खराब हो जाए तो विभाग उसको बनाने में महीना का समय लगाता है और जब किसान इसके खिलाफ आवाज उठाते हैं तो उन पर मुकदमे दर्ज कर दिए जा रहे हैं।

बेटे की पिटाई कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को दी तहरीर

लखीमपुर खीरी। एक महिला ने माल गोदाम के कर्मचारियों पर उसके बेटे की पिटाई कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। नोतला भवानीगंज निवासी मेवाराम की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह चीनी मिल में झाड़ पोछा का काम करती है। काम अधिक होने के कारण उसे रात हो गई तो उसका बेटा प्रीतम उसे देखने के लिए जा रहा था। आरोप है कि जब वह रेलवे माल गोदाम के निकट पहुंचा तो वहां एफसीआई का कर्मचारी आसाराम ने उनके बेटे को जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। वह किसी तरह बचकर भागा। महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

चोरी की दो मोटर साइकिलो सहित दो लोगो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के तहत आज कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो मोटर साइकिलो सहित दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पकड़े गये अभियुक्तो की पहचान शतीश कुमार मिश्रा पुत्र रामबहोर मिश्रा निवासी रामपुर मिश्र थाना मोहम्मदी व खुशनूर पुत्र जहीर हसन निवासी वनवुजा थाना मोहम्मदी के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रामवीर सिंह पुलिस दल के साथ जंगलीनाथ मन्दिर के पास से गुजर रहे थे इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्रातः 11:15 बजे बरबर रोड स्थित जंगली नाथ मन्दिर मोड़ के निकट दो शातिर अपराधियो को गिरफ्तार किया। पकड़े गये अपराधियो पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 402/2024 धारा 379 भादवि, मु0अ0सं0 387/2024 धारा 379 भादवि में चोरी हुई मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स पंजिकरण संख्या यूपी-31एडब्लू-7334 व एचएफ डीलक्स पंजिकरण संख्या यूपी-31एपी-3960 के गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, हेड कानेस्टेबल श्रीकान्त, हरीश कुमार, जगमोहन सहित पुलिस टीम मौजूद रही। पुलिस ने पकड़े गये दोनो अभियुक्तो पर वैधानिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी दबोचा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना मिर्जापुर पुलिस ने घर में घुसकर महिला के साथ छेडछाड के आरोप में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। गौरतलब है कि 16 मई को पीडिता ने थाना मिर्जापुर पर आरोपी बिलाल पुत्र इश्फाक, जावेद पुत्र इरशाद व सुहैल पुत्र इस्लाम निवासीगण ग्राम मिर्जापुर थाना मिर्जापुर पर उसके घर मे घुसकर छेडछाड करने, गाली गलौच व जान से मारने की धमकी संबंध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना प्रभारी मिर्जापुर के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर मिर्जापुर पुलिस टीम ने मुकदमे में वांछित अभियुक्त बिलाल पुत्र इश्फाक निवासी ग्राम मिर्जापुर थाना मिर्जापुर को मण्डी के पास शेरपुर पेलो तिराहे से गिरफ्तार किया। विवेचना के आधार पर मुकदमें में धारा 354बी की वृद्धि की गयी।

केन्द्र में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने पर रालोद ने जतायी खुशी

सहारनपुर। राष्ट्रीय लोकदल की बैठक में केन्द्र में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने पर खुशी जाहिर की गयी और पार्टी नेता राष्ट्रीय अध्यक्ष, सांसद जयंत चौधरी को पहली कैबिनेट में कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाये जाने की मांग की गई। दिल्ली रोड आवास विकास में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि हम तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी को बधाई देते हैं। लेकिन पार्टी नेता जयंत चौधरी को भी पहली कैबिनेट में स्थान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के कैबिनेट में शपथ लेने से किसानों का सम्मान बढ़ेगा और एनडीए को और ताकत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के माध्यम से सरकार मे रहकर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के विचारो को आगे बढ़ाया जायेगा।

पुलिस अभिरक्षा से फरार अभियुक्त की मदद करने वाले दो आरोपी दबोचे

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना सदर कोतवाली बाजार पुलिस ने पुलिस अभिरक्षा से अभियुक्त वसीम उर्फ मॉडल के फरार होने में मदद करने वाले 02 शातिर अभियुक्तों को अग्रसैन चौक के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

विदित हो कि 03 जून को उपनिरीक्षक विवेक वैधवान पुलिस लाईन की लिखित तहरीर पर थाना सदर बाजार पर अभियुक्त वसीम उर्फ माडल पुत्र मोबीन निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी, टीपू उर्फ मोहसिन पुत्र मोबीन निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी, सुहेल पुत्र दलीप निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी व कांस्टेबल दीपक कुमार पुत्र नामालूम निवासी पुलिस लाईन के खिलाफ थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत कराया था।

आज थाना सदर बाजार पुलिस ने उपरोक्त मुकदमे के 02 शातिर वांछित अभियुक्त टीपू उर्फमोहसिन पुत्र मोबीन निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी व सुहेल पुत्र दलीप निवासी खानआलमपुरा थाना जनकपुरी को अग्रसेन चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त सुहेल ने बताया कि वह वसीम उर्फ मॉडल उर्फ जॉन का दोस्त है तथा टीपू उर्फमोहसीन, वसीम उर्फ मॉडल का भाई है। वसीम उर्फ माडल के दोस्त उक्त मुकदमे में जमानत पर है। वसीम ने हमसे कहा था कि मुझे लग रहा है कि मुझे सजा हो जायेगी। इसलिये मैंने जेल से भागने की योजना बनायी। जिसके तहत 03 जून को हम वसीम को भगाने के प्रयास में स्कूटी लेकर कचहरी में आये थे तथा पेशी से वापस आते समय हम लोग वसीम उर्फ मॉडल के दोनो तरफ चलने लगे थे तभी वसीम उर्फ मॉडल ने धीरे से अपने हाथ से हथकड़ी निकाल ली और कचहरी में काफी भीड़ थी हम भीड़ में से होते हुये पुलिस से छिपते हुये मौका देखकर न्यायालय परिसर से बाहर आये और मोहसीन द्वारा लायी हुई स्कूटी पर वसीम उर्फ मॉडल को बैठाकर वहाँ से भाग गये थे। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, अतिरिक्त निरीक्षक संजीव त्यागी, हैड कांस्टेबल ललित, नरेशव कांस्टेबल रोहित शामिल रहे।

जुंआ खेल रहे अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। कोतवाली क्षेत्र के सुथना बरसोला गांव में बने पंचायत भवन के पास खेत मैं इसी गांव के लक्ष्मीकांत, आबिद, अबरार, उस्मान, सेवकराम और गुड्डू जुआ खेल रहै थे। तभी वहां पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उनको पकड़ लिया। वहां से ताश के पत्तों सहित 2610 रुपए फड़ व उनके पास से बरामद हुए। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाईक बरामद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना कोतवाली देहात ने पुलिस ने 01 शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साईकिल बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम को अपराधियों की धरपकड़ को चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली देहात के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान 01 वाहन चोर अभियुक्त सलमान उर्फ गेन्डा पुत्र अनीस निवासी मौ.रेती चोक शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात को मिनी बाईपास ढमोला नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह नशे का आदि और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए उसने बाईक चुराकर कबाड़ी को बेची थी।

डीएम आफिस पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल ने पान मसाला व तम्बाकू को अलग-अलग दुकानों पर बिक्री करने के सरकारी अधिसूचना के विरोध में डीएम आफिस पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता, जिला महामंत्री उमेश शुक्ला व कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अजमानी के नेतृत्व मैं पहुंचे व्यापारियों ने कहा कि इस आदेश से छोटे दुकानदारों को दिक्कत हो रही है। इसको तुरंत वापस लिया जाए। जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता व महामंत्री उमेश शुक्ला ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने एक अधिसूचना जारी की है जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश में अब एक ही दुकान से पान, मसाला और तम्बाकू की एक साथ बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। उन्होंने कहा कि यह आदेश अव्यवहारिक है। पान, मसाला और तम्बाकू का व्यवसाय हर गली, नुक्कड़, चौंक व चौराहों पर होता है। अधिकतर गरीब वर्ग के व्यापारी यह व्यवसाय कर परिवार चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री संचालक तो फैक्ट्री अलग-अलग कर लेंगे लेकिन यह दुकानदार कैसे अलग-अलग दुकानें खोलेंगे। इससे छोटे व्यापारियों को नुकसान होगा और भ्रष्टाचार बढ़ेगा। मुख्यमंत्री को भेजे गए ज्ञापन मैं यह आदेश वापस लेने की मांग की गई है। इस दौरान प्रदीप जायसवाल, आशीष अवस्थी, रियाज हबीबी, शिवसागर, आदर्श सक्सेना, मुकेश कुमार, योगी सचदेवा सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

प्राचीन वृक्षों को "विरासत वृक्ष" घोषित कर किया जायेगा संरक्षित

नगरायुक्त ने दिए प्राचीन वृक्षों को चिह्नित करने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगर निगम द्वारा कम्पनी बाग, सरकारी भवन परिसरों व शहर में लगे सौ वर्ष से अधिक सभी पुराने वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित कर उन्हें संरक्षित किया जायेगा तथा शहर के सबसे प्राचीन वृक्ष को ''नगर वृक्ष'' घोषित किया जायेगा। नगरायुक्त संजय चौहान ने महानगर के लोगों से आह्वान किया है कि वे अपने आस-पास या अपनी जानकारी के प्राचीन वृक्षों के चित्रों को जियो टैग कर उनका विवरण नगर निगम के व्ट्सऐप नंबर पर भेजें ताकि उन्हें संरक्षित किया जा सके। उन्होंने निगम के उद्यान विभाग को भी पंद्रह दिन के भीतर इसका सर्वे कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने शहर में नगर वाटिकाएं विकसित कर उनका सौंदर्यीकरण करने का भी सुझाव दिया।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज निगम के उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ इस सम्बंध में बैठक कर विचार मंथन किया और विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ उद्यान प्रभारी व अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, कम्पनी बाग की उप निदेशक अभिलाषा श्रीवास्तव, वन विभाग से एसडीओ सम्वेदना चौहान आदि मौजूद रहे। कम्पनी बाग अधिकारियों ने बताया कि कंपनी बाग में दस प्राचीन वृक्ष है, इनमें तीन सौ साल पुराना साइकस का वृक्ष भी है। नगरायुक्त ने इन सभी वृक्षों को विरासत वृक्ष बताते हुए कहा कि महानगर में एक सर्वे कर ऐसे और वृक्षों को खोजा जाए। उन्होंने इन विरासत वृक्षों को संरक्षित करने के लिए उनके चारो ओर सुंदर चबूतरे बनाकर ग्रिल लगाने और उन पर फसाड लाईट व सोलर लाईट लगाकर उन्हें हाईलाइट करने पर जोर दिया।

नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा कि वृक्षारोपण केवल संख्या बढ़ाने के लिए नहीं बल्कि शहर की आवश्यकता को देखते हुए कहां-कहां, कौन सा वृक्ष लगाना है, और वहां कितने पौधे लगाये जा सकते है जो देखरेख के साथ पनप सके, इसे ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने वृक्षारोपण के साथ वृक्षों को संरक्षित करने पर भी बल दिया। उन्होंने वरिष्ठ उद्यान प्रभारी से एक टीम बनाकर सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर वृक्ष का चयन करने के साथ ही उस वृक्ष के पास एक शिलापट लगाकर उसका मानव जीवन तथा पर्यावरण संतुलन में योगदान, उस वृक्ष का वैज्ञानिक व प्रचलित नाम आदि पूरा विवरण लिखा जाए। उन्होंने शहर के लोगों से भी आह्वान किया कि वे अपने आस-पास या महानगर में अपनी जानकारी के प्राचीन वृक्षों के चित्रों को जियो टैग कर उनका विवरण नगर निगम के व्ट्सऐप नंबर 8477008027 पर भेजें ताकि उन्हें संरक्षित करने का कार्य किया जा सके।

नगरायुक्त ने एक ग्रीन हैरीटेज टैऊंगल विकसित करने का भी सुझाव दिया। जिसमें विभिन्न प्रजातियों के अलग-अलग सैकड़ों वृक्ष लगाकर प्रत्येक वृक्ष का नाम व विवरण उनके पास लिखा जाएं। उन्होंने कहा कि यह ग्रीन हैरीटेज टैऊंगल जहां शहर के लिए ऑक्सीजन बैंक का काम करेगा वहीं वनस्पति विज्ञान के छात्रों के लिए भी बहुत उपयोगी होगा। नगरायुक्त ने शहर में नगर वाटिकाएं विकसित करने का सुझाव देने के साथ ही पांवधोई के उद्गम स्थल शंकलापुरी में भी दो हजार पौधे लगाने को कहा।

अवैध शस्त्र के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सहारनपुर। थाना नकुड पुलिस ने 01 शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 तमन्चा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। थाना नकुड़ प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर 01 अभियुक्त नौशिव पुत्र रिजवान निवासी मौ.नागलियान गावं खेडा अफगान थाना नकुड को ग्राम सिरसिला के पास से गिरफ्तार किया।

निरन्तर पर्यवेक्षण से आरआरसी का सफल संचालन सम्भव : उप निदेशक पंचायत

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत होटल केआरप्लाजा में आयोजित एक दिवसीय मण्डलीय आरआरसी संचालन कार्यशाला में उपनिदेशक पंचायत हरिकेश बहादुर ने कहा कि निरन्तर पर्यवेक्षण से रिसोर्स रिकवरी सेन्टर का सफल संचालन सम्भव है।

हरिकेश बहादुर ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन हेतु बनवाये गये आरआरसी सेन्टरों के सफल संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सहायक विकास अधिकारी पंचायत एवं खण्ड स्वच्छता प्रेरकों को तन्मयता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने की महत्ता को बताया। उन्होने संयुक्त राष्ट्र के 17 विकास लक्ष्यों में से एक स्वच्छता एवं सुरक्षित पेयजल तथा सभ्य मानव समाज के मुख्य दर्पण के रूप में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को अभिप्रेरित किया कि ग्राम पंचायतों के सर्वांगीण विकास हेतु प्राण-प्रण से जुट जायें।

जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा द्वारा सम्बोधित करते हुए पंचायतीराज विभाग की विभिन्न जन सरोकार की योजनाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। मण्डलीय कार्यशाला को सन्दर्भदाता के रूप में अमित कुमार प्रशिक्षक के द्वारा आरआरसी संचालन ऐप के बारे में प्रशिक्षित किया गया। मण्डलीय कार्यशाला में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली के समस्त जिला स्वच्छता सलाहकार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, जिला परियोजना प्रबन्धक तथा समस्त खण्ड स्वच्छता प्रेरकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी शामली सन्दीप अग्रवाल वरिष्ठ फैक्लटी सहप्रबन्धक, डीपीआरसी शामली युगान्तर धामा उपस्थित रहे।

स्थानान्तरण होने पर जीएसटी कमिश्नर ग्रेड 1 को दी भावभीनी विदायी

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। लघु उद्योग भारती की बैठक में जीएसटी कमिश्नर ग्रेड 1 सत्यपाल सिंह का स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इससे पूर्व संस्था पदाधिकारियों ने जीएसटी कार्यालय में वाटर कूलर भी लगवाया। दिल्ली रोड स्थित एक होटल में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित बैठक में जीएसटी कमिश्नर ग्रेड 1 सत्यपाल सिंह का सहारनपुर से स्थानांतरण होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई एवं सहारनपुर से प्रमोशन होकर जाने पर उज्जवल भविष्य की कामना की गई। लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष अनुपम गुप्ता ने कहा कि सतपाल सिंह के सहारनपुर में जीएसटी कमिश्नर रहते हुए लघु उद्योग भारती के किसी उद्यमी सदस्य का उत्पीड़न नहीं हुआ एवं उन्होंने हमेशा लघु उद्योग भारती के उद्यमी सदस्यों की समस्याओं को हल करने में संस्था को भरपूर सहयोग दिया। अनुपम गुप्ता ने लघु उद्योग भारती सहारनपुर मंडल की आगामी जुलाई माह में होने वाली एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग नवाचार की भी घोषणा की एवं इसके बारे में कोर ग्रुप के सदस्यों से चर्चा की। लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष वरुण अग्रवाल ने कहा कि हमें अपनी आने वाली नौजवान पीढ़ी की अपने लघु उद्योगों में ज्यादा से ज्यादा सहभागिता बढ़ाने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जिससे उद्योगों को नए विचार एवं नई ऊर्जा मिलेगी। इसका कोर ग्रुप के सभी सदस्यों ने समर्थन किया। इसलिए लघु उद्योग भारती की आगामी माह होने वाली नवाचार बैठक के लिए उद्यमियों सदस्यों के आगामी पीढ़ी के नौजवान उद्यमियों की एक कमेटी गठित करने पर सहमति हुई। लघु उद्योग भारती के जिला महामंत्री राजीव चानना ने कहा कि आज के समय में लघु उद्योगों को आसान शर्तों पर एवं कम ब्याज पर आसानी से लोन उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है, ताकि उद्योगों को कैसे आसानी से आसान शर्तों एवं कम ब्याज पर वित्त उपलब्ध हो सकें। बैठक में लघु उद्योग भारती के चेयरमैन देवेंद्र कुमार बंसल, मंडल कोषाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा एवं संरक्षक संदीप गुप्ता ने भी जीएसटी कमिश्नर सत्यपाल सिंह को भावभीनी विदाई देते हुए अपने विचार रखें। बैठक से पूर्व दिन में लघु उद्योग भारती द्वारा जीएसटी कार्यालय में एक वाटर कूलर लगवाया गया, जिसमें बृजेश प्रजापति का सहयोग रहा।

एनसीसी कैडेट्स ने हथियार के साथ बाधा दौड़ का किया अभ्यास

सहारनपुर। 83 एनसीसी यूपी वाहिनी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के सातवें दिन एनसीसी बालक व बालिका कैडेट्स ने पीटी के बाद ड्रिल, मेप रीडिंग, रायफल के साथ तेज चल तथा हथियार के साथ पग बाधा दौड़ का अभ्यास किया। एचएवी इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल तनय कोठियाल की देख रेख में सुबेदार आले, सूबेदार विकास, हवलदार मनोज, हवलदार कुलदीप आदि ने थल सैनिक कैंप के लिए कैडेट्स का फायरिंग, एमआर, एफसी, बीसी, आबस्टिकल का जमकर अभ्यास कराया। सूबेदार मेजर सरदूल सिंह ने कैडेट्स को ड्रिल के बारे में बताते हुए कहा कि ड्रिल ही एक कैडेट को अनुशासन में रहकर चलना व हुकुम मानना सिखाती है। इस दौरान चीफ ऑफिसर ब्रिजेश पुंडीर, एडजूडेंट लेफ्टिनेंट डॉ दुर्गेश राज मोहन, लेफ्टिनेंट गौरव शर्मा, नायब सूबेदार नक्षत्र सिंह, बीएचएम तरविंदर सिंह मान, हवलदार तरसेम, हवलदार नरेश, वाहनी के राजेन्द्र सिंह, महकार सिंह, रजनीश, कुंदन सिंह रावत, गौरव चौहान आदि ने पूर्ण सहयोग किया।

सोशल मीडिया में अयोध्यावासियों पर विष वमन करने वालों पर एफ आई आर दर्ज हो : हिन्दू महासभा

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने लोकसभा 2024 चुनाव परिणाम पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव परिणाम हतप्रभ करने वाला रहा। हतप्रभ इसलिए, क्योंकि जिन राज्यों से भाजपा को सर्वाधिक सफलता की उम्मीद थी, उन्हीं प्रदेशों में भाजपा को सर्वाधिक नुकसान झेलना पड़ा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का नाम ऐसे प्रदेशों की सूची में सर्वोपरि आता है। उत्तर प्रदेश में अयोध्या जनपद की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार भाजपा के लिए सबसे बड़ी शर्मिंदगी के रूप में देश भर में चर्चा का विषय बन चुका है। चर्चा में इसलिए है क्योंकि भाजपा ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण को आधार बनाकर जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे का देशव्यापी नारा दिया। इसी नारे को आधार बनाकर भाजपा ने 400 पार का उद्घोष कर नए क्षितिज को छूने की कोशिश की, लेकिन यह कोशिश असफल सिद्ध हुई। असफलता का यह दाग उस समय अधिक गहरा हो गया, जब अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार का चुनाव परिणाम घोषित हुआ।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए कहा कि अयोध्या में भाजपा की हार और उत्तर प्रदेश में मात्र 33 लोकसभा सीट पर सिमटने के बाद हिन्दू विरोधी शक्तियां अब सोशल मीडिया पर चुनाव परिणाम की आड़ में हिन्दू समाज को आपस में लड़वाने और बांटने के षड्यंत्र में शामिल हो चुकी हैं। दुर्भाग्य इस बात का है कि हिन्दू जनमानस इस षड्यंत्र को समझे बिना उनके षड्यंत्र का मोहरा बनकर उनके उद्देश्य की पूर्ति में सहायक सिद्ध हो रहा है।

जारी बयान के अनुसार हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश के मंत्री अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने अयोध्या में कहा कि फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट से चार बार विधायक रहे और दो बार सांसद रहे भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार पर हिन्दू विरोधी ताकतों द्वारा एक षड्यंत्र रचा गया। षड्यंत्र के अंतर्गत सोशल मीडिया पर अयोध्यावासियों को देश द्रोही, धर्मद्रोही, राम द्रोही, गद्दार, आस्तीन का सांप जैसे संबोधनों से अपमानित किया जा रहा है। यह षड्यंत्र है अयोध्यावासियों और शेष भारत के मध्य नफरत का बीज बोने का। उन्होंने सोशल मीडिया पर अयोध्यावासियों के खिलाफ विष वमन करने वाले तत्वों पर एफ आई आर दर्ज कर दंडित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अयोध्यावासियों के मान मर्यादा और अस्मिता से खिलवाड़ करने वाले षड्यंत्रकारियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाना चाहिए।

अधिवक्ता राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस षड्यंत्र ने अयोध्या को देश भर में खलनायक बना दिया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम जी के दर्शन करेंगे लेकिन वहां का पानी भी नहीं पियेंगे। गाली खाने के मामले में बिजली विभाग दूसरे नंबर पर आ गई। पहले पर अयोध्यावासियों का कब्जा हो गया। आस्तीन के सांपों के मामले में अयोध्या के लोग नंबर एक पर हो गए। जैसे अपमान जनक पोस्टों से सोशल मीडिया भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि हिन्दू विरोधी ताकतें ऐसी विभाजनकारी पोस्टें सोशल मीडिया पर भेज रहे हैं । हिन्दू जनमानस का आक्रोश ऐसी पोस्टों को शेयर और कॉपी पेस्ट करके अनजाने में ही उन्हें हिन्दू विरोधी ताकतों का खिलौना बना रहा हैं।

हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री ललित अग्रवाल ने कहा कि भाजपा की हार अयोध्या में कोई साधारण घटना नहीं है। इस हार का वास्तविक कारण मंदिर निर्माण के दौरान ध्वस्त हुए दुकानदारों और निवासियों को समुचित मुआवजा न मिलना और बेरोजगार हुए व्यापारियों तथा दुकानदारों को व्यापार करने की वैकल्पिक दुकानें उपलब्ध नहीं करवाने से बढ़ती बेकारी और भुखमरी ने अयोध्यावासियों को बेहाल कर दिया। आरोप तो यह भी है कि नवनिर्मित अधिकाधिक व्यापारिक दुकानें गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बाहरी राज्यों-जिलों के लोगों को मिली हैं। पीढ़ियों से रोजगार कर रहे व्यापारियों और दुकानदारों का नवनिर्मित दुकानों पर पहला अधिकार होना चाहिए था। इसलिए अयोध्यावासियों ने भाजपा को नकार दिया। इसके लिए अयोध्या वासियों को अपशब्द कहना अनुचित है। उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट न देने वालों का भी भारत और संसाधनों पर उतना ही अधिकार है, जितना भाजपा को वोट देने वालों का है। भाजपा को वोट न देने वालों के साथ ऐसा व्यवहार दंडनीय अपराध घोषित होना चाहिए।

जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ मोदी के साथ है: भूपेन्द्र

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल तथा एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाओं के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने फिर एक बार मोदी सरकार के जयघोष के साथ पार्टी के प्रदेश मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी जिला केन्द्रों पर विजयोत्सव मनाया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को भाजपा संसदीय दल के नेता, एनडीए संसदीय दल के नेता तथा लोकसभा के नेता के रूप में चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं मंगलकामनाएं। जनता का विश्वास सिर्फ और सिर्फ मोदी जी के साथ है, लगातार तीसरी जीत ने यह स्पष्ट कर दिया है। नया भारत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास यात्रा को और अधिक गति तथा शक्ति देने के लिए तैयार है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर शुक्रवार को ढोल नगाड़ों की थाप पर फिर एक बार मोदी सरकार के जयघोष के साथ पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने स्थानीय नागरिकों के साथ आतिशबाजी करते हुए जीत का जश्न मनाया। भाजपा के झंडों को फहराते हुए भारत माता की जय, वन्दे मातरम, भाजपा जिन्दाबाद तथा तीसरी बार मोदी सरकार से होगा विकसित भारत का सपना साकार के गगनभेदी नारों से कार्यकर्ताओं का विजयी जोश दिखा।

पांच अंतरराज्यीय बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। एसओजी सर्विलांस एवम उरई कोतवाली पुलिस ने देर शाम अंतरराज्यीय गिरोह के पांच बदमाशो को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो बदमाशों को पैर में गोली लगी जिन्हें जिला अस्पताल उरई में भर्ती कराया गया है जबकि तीन अन्य बदमाशो ने आत्मसमर्पण कर दिया।

जानकारी के अनुसार देर शाम मुखविर की सूचना पर जालौन रोड पर आई टी आई के पास चैकिंग के दौरान एक अर्टिगा कार सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार अभियुक्तों ने भागने का प्रयास किया, और पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस द्वारा आत्म रक्षार्थ जबाबी फायरिंग में दो बदमाश घायल हो गए तथा तीन अन्य बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। गिरफ्तार बदमाशो के पास से 4 अवैध तमंचा जिंदा व खोखा कारतूस, तथा भारी मात्रा में चोरी किये हुए सोने व चांदी के आभूषण, 1 लाख 19 हजार पांच सौ रुपये नगद बरामद हुए। घायल अभियुक्त अनिल कंजड़ व रामकृष्ण को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूंछतांछ में जनपद जालौन व उसके आस पास के जिलों व अन्य राज्यों में डकैती व चोरी के बारे में बताया। इस संबंध में उरई पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने घटना का खुलासा करते हुए जानकारी दी कि गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल कंजड़ पुत्र रामविलास निवासी महुआ बाला डेरा थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र, रामकृष्ण पुत्र बलकार निवाड़ी फूटा तालाब भमावत थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र, शौकत कंजड़ पुत्र तोफान निवासी महुआ बाला डेरा थाना कुम्भराज जनपद गुना मप्र, ब्रजेश बिजौरी पुत्र राजबाबू निवासी महुआ बाला डेरा थाना कुम्भराज जनपद गुना मप्र, रामकृष्ण भार्गव पुत्र हेमराज भार्गव निवासी ग्राम वीरवायी थाना कुंभराज जनपद गुना मप्र के पास से 4 अदद देशी तमंचा 325 बोर, 3 जिंदा कारतूस , 315 बोर,व खोखा कारतूस, एक अर्टिगा कार , 1 लाख 19 हजार पांच सौ रुपया नगद, 2 अदद सोने की अंगूठी, 12 जोड़ी पायल 28 जोड़ी बिछिया, 4 सिक्के, एक प्लेट, एक कटोरी, एक गिलास, एक कमर पेटी, सरस्वती व गणेश की मूर्ति चांदी की बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ सबंधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

सपा नेता पर लखपेड़ाबाग में हुआ हमला

महमूदाबाद सीतापुर अवधनामा संवाददाता। जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के थाना महमूदाबाद क्षेत्र के कुर्रेसी मार्ग निवासी नदीम अहमद पुत्र नफीस जो समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव और लखपेड़ाबाग के मैनेजर भी है नदीम का कहना है कि वह शाम करेब 6 बजे बाग को देखने की लिए गए थे।बाग में इंदौरा निवासी राज पाल पुत्र गुरु दयाल अपने चार पांच साथियो के साथ बैठ कर शराब पी रहा था जब नदीम ने उन लोगो को बाग में शराब पीने से मना किया तो वह सब आगबबूला हो उठे,और कहने लगे कि क्या यह बाग तुम्हारे बाप की है नदीम ने बताया कि इस बाग की जिम्मेदारी मेरी है और अगर कुछ भी बाद में होगा तो मुझसे पूछा जाएगा इतने में ही राज पाल अपने साथियों के साथ नदीम को गंदी गंदी गालिया देते हुए फावड़ा उठाकर मारने दौड़े और नदीम का गलेबान पकड कर हाथापाई करने लगे।नदीम ने बताया कि वह आज ढाई लाख रुपये बैंक से निकले थे जिसमें से दो लाख रुपये घर रख आएं और पचास हज़ार साथ मे थे जिसको राज पाल और उंसके साथियो ने छीन लिया। नदीम ने कोतवाली महमूदाबाद में तहरीर देते हुए राज पाल और उसके साथियों पर कठोर कार्यवाही करने का निवेदन किया है वही पुलिस महमूदाबाद ने कार्यवाही करने का अस्वाशन भी दिया।

पानी की टंकी अधूरा बनाकर छोड़ा

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिनवा में जल निगम द्वारा पानी की टंकी अधूरा बना कर छोड़ने से आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री, और उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजकर करवाई करने की मांग किया है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रधान दिनेश जायसवाल ने कहा की गांव में 2021-22 में पानी के टंकी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। गांव में बने इंटरलाकिंग, सीसी रोड को ठेकेदार द्वारा खोद कर पूरी तरह नष्ट कर दिया गया।रास्ता खराब होने से ग्रामीणों को आने जाने में दिक्कत होने के साथ लोग गिर कर चोटिल हो रहे है। कई बार विभाग के लोगो को निर्माण कार्य कराने के लिए शिकायत की गई लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों की मांग है की अधूरे पड़े पानी की टंकी का तत्काल निर्माण कराया जाये। प्रदर्शन करने वाले को लवकेश, आलोक गुप्ता, मेघनाथ सिंह, राम प्रसाद वर्मा, सुभान अली, मोनू गोंड, केदारनाथ, नंदलाल, अजय कुमार, जितेंद्र महेंद्र बाबूलाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

पीएम मोदी को सौंपा लोकसभा निर्वाचन 2024 का प्रमाण-पत्र

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। पीएम मोदी को सौंपा लोकसभा निर्वाचन 2024 का प्रमाण-पत्र, पदाधिकारियों ने की विशेष मुलाकातवाराणसी लोकसभा से लगातार तीसरी बार निर्वाचित सांसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल और काशी के जनप्रतिनिधि व प्रमुख पदाधिकारियों ने लोकसभा निर्वाचन 2024 का प्रमाण-पत्र प्रधानमंत्री आवास पर सौंपा। वाराणसी लोकसभा से लगातार तीसरी बार निर्वाचित सांसद व यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को क्षेत्र अध्यक्ष श्री दिलीप पटेल जी एवं काशी के जनप्रतिनिधि व प्रमुख पदाधिकारियों नें लोकसभा निर्वाचन 2024 का प्रमाण-पत्र प्रधानमंत्री आवास पर सौंपा। पीएम मोदी ने सम्मानित जनों से संवाद किया एवं आशीर्वाद प्रदान किया। इसके साथ ही अपनी आगामी योजनाओं और कार्यों पर भी विस्तृत चर्चा की।

जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष का गांव भी हारी भाजपा

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। भाजपा पदाधिकारी भले ही लोगों के मध्य बड़ी-बड़ी बातें करके डींगें हांकते रहे हों लेकिन सच यह है कि उनके गांव में भाजपा बुरी तरह से हारी है और अब यह मुंह छिपाए नजर आ रहे हैं।

छानी बुजुर्ग में जिला उपाध्यक्ष का आवास है। यह पार्टी के काफी चर्चित चेहरा हैं। इनके गांव में साइकिल को 681 मत प्राप्त हुए हैं जबकि भाजपा को महज 554 मत मिले हैं। यहां भाजपा 127 मतों से हारी है। बण्डा पूर्व मंडल अध्यक्ष का गांव है। उनकी भाभी मौजूदा प्रधान हैं। इसके बाद उनके बूथ सहित गांव में भाजपा बुरी तरह से हारी है। बण्डा के बूथ संख्या 274 में पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह का पूरा परिवार मतदाता है। इस बूथ में क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या सर्वाधिक है। इस बूथ में भाजपा को 117 तथा सपा को 280 मत मिले हैं। बूथ संख्या 275 में भाजपा को 173 तथा सपा को 197 मत मिले हैं। भाजपा बण्डा में 187 मतों से पराजित हुई है। इस तरह से भाजपा के पदाधिकारी भी तमाम बड़ी-बड़ी बातें करने के बाद अपने गांव में भाजपा का कमल नहीं खिला सके जबकि सपाई चुपचाप रहकर साइकिल को जोरदार ढंग से दौड़ाते रहे हैं। बण्डा के जिस बूथ में पूर्व मंडल अध्यक्ष का आवास है उसी बूथ पर जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष संजय सिंह का आवास है। यह गांव के पूर्व प्रधान भी हैं। इन्होंने क्षत्रिय मतों को भाजपा की जगह सपा की ओर मोड़कर साइकिल की रफ्तार बढ़ाने में अहम योगदान दिया है।

गौशालाओं में पानी, छाया, हरा चारा आदि की समुचित व्यवस्था निरंतर रहे: डीएम

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भीषण गर्मी को देखते हुये जनपद की समस्त गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअल बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गौशालाओं में पानी, छाया, हरा चारा आदि की समुचित व्यवस्था निरंतर रहे। बेजुवान पशुओं के लिये नेपियर घास एक पोष्टिक चारा है जो उनके स्वास्थ्य के लिये लाभदायक साबित हो रहा हैं, हरे चारे की उपलब्धता के लिये नेपियर घास एक बेहतर विकल्प है, जनपद में गौशालाओं के लिये नेपियर घास का अधिक से अधिक उत्पादन करें जिससे गौवंशों के लिये हरे चारे की कमी न होने पाये। नेपियर घास का उत्पादन हरे चारे की निरन्तर उपलब्धता के लिये आत्मनिर्भरता विशेष रूप से पूरे वर्ष निराश्रित एवं आश्रित पशुओं के पोष्टिक आहार के रूप में बेहतर विकल्प है, यह एक पोष्टिक चारा है जोकि न केवल चारे की आवश्यकता को पूर्ण करेगा बल्कि गौवंशों को स्वस्थ रखने में मदद करेगा। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि जनपद की समस्त गौशालाओं में सी0सी0टी0वी0 कैमरा स्थापित किये गये है जिसकी निगरानी कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट में की जा रही हैं। गौशालाओं में इण्टरनेट कनेक्टविटी सुचारू रूप से रहे और गौशालाओं में सी0सी0टी0वी0 कैमरे स्थापित रहे जिससे पूर्ण रूप से निगरानी की जा सके। उन्होने जैम पोर्टल द्वारा भूसा टेण्डर की प्रक्रिया, गौआश्रय स्थलों पर भूसा/अन्य स्टॉक, भूसादान की विकास खण्डवार गहन समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

चिकित्सक को मनबढ़ो ने रास्ते में पीटा

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से घर जा रहे चिकित्सक को मनबढ़ों ने रास्ते में बुरी तरह से पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवां में चिकित्साधिकारी के पद कार्यरत डॉ. मनीष पांडेय गुरुवार की शाम सात बजे के आसपास अपनी निजी गाड़ी से गोरखपुर के लिए निकल रहे थे। अस्पताल के गेट पर एक आटो खड़ा था, जिसको हटाने के लिए कहने पर सवार तीन युवक उलझ गए। आरोप है कि कुछ दूर हाइवे पर आगे आने पर आरोपितों ने गाड़ी के आगे आटो खड़ा कर रोक लिया और गाड़ी से जबरन खींच कर बुरी तरह से पीटने लगे। राहगीरों के बीच बराव के बाद आरोपित फरार हो गए। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने कहा कि चिकित्सक की तहरीर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

ड्राइवर पर डंपर चोरी करने का इल्जाम पुलिस ने तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज किया

अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। जिला बरेली के मीरगंज निवासी पुष्कर गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता ने थाना अमृतपुर में तहरीर देकर पुलिस को अवगत कराया कि उनका डंपर नंबर यूपी 25 ईटी 4892 अमृतपुर खदान के पास खड़ा था। जिसका चालक सतीश पुत्र इंद्रदेव निवासी ग्राम हरसू नगला मिलक जिला रामपुर इस डंपर को बिना बताए 2 मई 2024 की रात्रि को लेकर चला गया। मोबाइल फोन पर बात करने के दौरान ड्राइवर का फोन नहीं उठ रहा है। कई दिनों से लगातार प्रयास करने के उपरांत जब उसका कोई पता नहीं चला तो मजबूरन कानून की शरण में आना पड़ा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच कार्रवाई शुरू कर दी।

खनन माफिया के हौसले बुलंद

गीडा क्षेत्र में चल रहा अवैध मिट्टी खनन कारोबार

अवधनामा संवाददाता

गीडा सेक्टर 11 व 26 से लाखों की मिट्टी चोरी का मामला है

गोरखपुर। अवैध खान माफियाओं द्वारा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिग्रहित क्षेत्र से अवैध मिट्टी खनन का कारोबार फल फूल रहा सूरज ढलते ही औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर 11 व 26 में पोकलैंड हुआ डंपर लगाकर अवैध तरीके से मिट्टी खनन कर बिक्री की जा रही है। पर जिम्मेदार अधिकारी इससे अंजान बने हुए हैं।

बताते चले कि सहजनवा तहसील क्षेत्र के औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा सेक्टर 11व 26 में इन दोनों अबैध मिट्टी खनन माफिया रात होते ही सक्रिय हो जाते हैं। खनन माफिया पोकलैंड हुआ डंपर लगाकर किसी भी प्लांट से मिट्टी खोदकर बिक्री की जा रही है। जब तक गिडा अवंटियों को इसकी भनक लगते हैं। तब तक उसकी आवंटित प्लांट से लाखों की मिट्टी चोरी हो चुकी होती है। पर इसके जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अंजान बने हुए हैं। सूत्रों के माने तो कुछ विभाग के अधिकारी व कर्मचारी का भी खाना माफिया के साथ गठजोड़ है। यही कारण है। कि इन दिनों अवैध मिट्टी खनन माफिया धड़ल्ले से गीडा अधिग्रहित क्षेत्र के सेक्टर 11व 26 से मिट्टी खनन कर धड़ल्ले से बिक्री कर रहे हैं। इस संबंध में मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मालिक ने का कहना है। कि औद्योगिक क्षेत्र से अवैध मिट्टी खनन मामला संज्ञान में आया है। जिम्मेदारों को जांच का निर्देश दिया गया है। जांच रिपोर्ट आने के उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

सातवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पत्रकार स्व. शक्तिमणि त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज स्थित ब्लॉक सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को डुमरियागंज ब्लॉक सभागार में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई द्वारा पत्रकार स्व. शक्तिमणि त्रिपाठी की सातवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें समाज के विभिन्न वर्ग के लोगों ने शामिल होकर स्वर्गीय शक्ति मणि त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही संबोधन के जरिए उनसे जुड़ी स्मृतियों को साझा किया।

शुक्रवार को करीब 11 बजे ग्रामीण पत्रकार एशोसिएसन तहसील इकाई के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्व. शक्ति त्रिपाठी के चित्र पर लोगों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। तत्पश्चात लोगों ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा किया। भाजपा नेता शिवनाथ चौधरी व भारत भारी नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि स्व. शक्ति सिर्फ एक पत्रकार ही नहीं वरन सामाजिक कार्यकर्ता भी रहे। वह हर प्रकार की सामाजिक गतिविधियों में सदा महती भूमिका निभाते थे। शक्तिमणि त्रिपाठी के पिता व डुमरियागंज ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नरेंद्र मणि त्रिपाठी एवं प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय ने कहा कि स्वर्गीय शक्तिमणि त्रिपाठी का व्यक्तित्व कृतित्व युवाओं के लिए मिशाल है। कार्यक्रम को मधुसूदन अग्रहरि, विनोद श्रीवास्तव, अजय पांडेय, अफजान फारुकी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन राजेश पांडे ने किया। इस दौरान बीडीओ अमित सिंह, वरिष्ठ पत्रकार पप्पू रिजवी, राजेश पाण्डेय, मनोज शुक्ला, आफताब आलम, काजी रहमतुल्लाह, राजीव अग्रहरि, मो अशफाक, सूरज श्रीवास्तव, नसीम सिद्दीकी, नितिन त्रिपाठी, ग्राम प्रधान राकेश पाण्डेय, राकेश दूबे, पप्पू श्रीवास्तव, राजन सिंह, मनीष सिंह, माधवेन्द्र मिश्र, उदयपाल वर्मा, प्रेम पांडेय, धर्मेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

अनियंत्रित बाईक फिसलने से महिला की हुई दर्दनाक मौत

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। बाईक से अपने भांजे के साथ रिश्तेदारी में आ रही महिला की बाइक के आगे अचानक कुत्ता जाने से ब्रेक लगाते समय वाईक अनियंत्रित हो गई। बाइक पर सवार महिला उछलकर नीचे गिर गई। जिसके सिर में अधिक चोट लगने के कारण घटनास्थल पर उसकी मृत्यु हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार रामादेवी पत्नी जसवंत सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी सनियापुर थाना डेरापुर कानपुर देहात सायं 4 बजे के आसपास रिश्तेदारी में सिरसा कलार जा रही थी। तभी इटहा के पास अचानक सामने कुत्ता के आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई और रामदेवी वहीं पर गिर पड़ी। सिर में अधिक चोट लगने के कारण उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। थाना पुलिस ने शव का पंचनामभर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

हैंड पंप बाहर लगवाने की मांग

नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। दबंगों ने सरकारी हैंड पंप को अपने मकान के घेर में ले लिया है। मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर हैंडपंप बाहर लगाए जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला छेदा निवासी चंद्रपाल पुत्र कामता प्रसाद ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी है कि सरकारी हैंड पंप सड़क के किनारे लगा हुआ था जिसके चारों ओर तमाम लोग रहते हैं जिसमें गांव के नितिन कुमार /अतुल कुमार पुत्र रामनिवास एवं ब्रजकिशोर पुत्र राम रतन ने सरकारी हैंडपंप को अपने मकान के घेरे में ले लिया है मकान के अंदर बंद कर लिया जिससे मोहल्ले वासियों को पानी की काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है थाना पुलिस से गुहार लगाई है कि सरकारी हैंड पंप को बाहर करवाया जाए।

गेहूं फैलने से पकड़ा गया कर चोर

नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम अठरुइया निवासी सतीश चंद्र पुत्र मंगेलाल ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर दी है कि 6 जून की रात्रि में पड़ोस का ही विपिन कुमार पुत्र रामनारायण ने घर से गेहूं की दो बोरी चुरा ली थी जब सुबह उठा तो देखा तो घर से दो बोरी गेहूं चोरी हो गए। गेहूं की बोरी फटी होने के कारण गेहूं रास्ते भर फैलते गए तो पीड़ित ने उसी आधार पर पीछे-पीछे चला गया और देखा कि विपिन कुमार के घर गेहूं फैला हुआ था उसी आधार पर घर के अंदर तक चला गया वहां पर देखा तो चोरी गया गेहूं दो बोरी सामने रखा है। उसी समय पीड़ित ने इसकी सूचना डायल 112को दी द्य मौके पर डायल112के जवान आदेश कुमार को पकड़ लाई और थाना पुलिस को सौंप दिया है।

सफाई कर्मचारी के न आने से ग्रामीणों ने की गालियों की सफाई

जिलाधिकारी ने डीपीआरओ से जांच कराकर कार्रवाई के लिए कहा

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। साफ सफाई को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत देश और प्रदेश में लोगों ने मिलजुल कर घर से लेकर बाहर तक गांव से लेकर कस्बों तक और शहर की गलियों में भी इस अभियान को तेजी से चलाया। लेकिन अब इसी सफाई अभियान को गांव के सफाई कर्मचारी पलीता लगाने में लगे हुए हैं। विकासखंड राजेपुर में सफाई कर्मचारियों की मनमानी के आगे ग्रामीण हुए नसमस्क। समय से ना पहुंच कर कभी साफ सफाई गांव की नहीं की जाती है।

वही ग्राम पंचायत ग्राम भुवनपुर ताजपुर के गांव भुवनपुर में सफाई कर्मी कमला देवी अपनी मनमानी के चलते गांव की गलियों में सफाई करने नहीं पहुंचती। यहां के ग्रामीण राम भाई सत्यपाल सत्यवती रिंकू वीरपाल आदि ने बताया कि लगभग 45 दिनों से सफाई कर्मी ना आने के कारण नालियां भर रही है। पानी घरों में वापस पहुंच रहा है। इसलिए अब उन्हें खुद ही अपने घरों के सामने और सड़क के किनारे की नालियां साफ करनी पड़ रही है। अगर उनकी सफाई ना हो तो मक्खी मच्छर और छोटे-मोटे कीड़े मकोड़े पैदा होने लगते हैं। जिससे बीमारी बढ़ने का खतरा हो जाता है। जब सफाई कर्मियों के बाबत एडीओ पंचायत अजीत पाठक से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि अभी तक इसकी शिकायत नहीं आई थी। अगर सफाई कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वाहन नहीं कर रहा है तो उसकी इस लापरवाही के लिए उसके प्रति कार्रवाई की जा सकती है। जिलाधिकारी के सीयूजी नंबर पर संपर्क कर जानकारी से अवगत कराया तो जिलाधिकारी ने डीपीआरओ से जांच कराकर कार्रवाई के लिए कहा।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा श्रोताओं को कराई गयी श्रवण

उरई (जालौन)। शनि जन्मोत्सव पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन राम तथा कृष्ण जन्म की कथा को बैठे श्रोताओं को कथा व्यास द्वारा श्रवण कराई गई ,जिसे सुनकर श्रोता अपनी-अपनी दीर्घा में बैठकर मंत्र मुग्ध होकर झूम उठे। कथा के समापन के बाद आरती की गयी तथा प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान कालपी बनखंडी देवी के महंत जमुना दास ,और ठडेस्वरी मंदिर के महंत सिद्दन दास जी महाराज ने भी शनि जन्मोत्सव में आकर पूजा अर्चना की। शनि धाम गुढ़ा नियामतपुर में शनि जन्म उत्सव पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन महंत बृजेश महाराज की देखरेख में आयोजित हो रहा है ।कथा के चौथे दिन कथा व्यास रोहित रिछारिया द्वारा पहले राम के जन्मोत्सव की कथा श्रवण कराई गई इसके बाद श्री कृष्ण के जन्म का वर्णन किया ,जैसे ही श्री कृष्ण के प्रकट की कथा शुरू हुई वैसे अपनी अपनी दीर्घा में बैठे श्रोताओं ने मंत्रमुग्ध होकर नृत्य करना शुरू कर दिया।

पहली जुलाई से शुरू हो जाएगी सैनिक स्कूल में पढ़ाई

प्रवेश परीक्षा के बाद कक्षा 6 और 9 में 75-75 सीटों पर हो चुका है दाखिला

अवधनामा संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का ड्रीम प्रोजेक्ट है गोरखपुर सैनिक स्कूल

गोरखपुर। पहली जुलाई को गोरखपुर की उपलब्धियों के किताब में एक सुनहरा पन्ना जुड़ जाएगा। इस तारीख से गोरखपुर में बने सैनिक स्कूल में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। प्रवेश परीक्षा के जरिये कक्षा 6 और 9 में 75-75 सीटों पर दाखिला हो चुका है। गोरखपुर में सैनिक स्कूल योगी सरकार का खास उपहार है।

गोरखपुर का सैनिक स्कूल खाद कारखाना परिसर में आवंटित 50 एकड़ भूमि पर बना है। डेढ़ सौ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले इस स्कूल का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 23 जुलाई 2021 को किया था। 'युवाओं को शिक्षा, देश की रक्षा' के ध्येय से निर्माणाधीन इस शैक्षिक प्रकल्प में कक्षा 6 से 12 तक बालक-बालिकाओं को आवासीय व्यवस्था के तहत शिक्षा प्रदान की जाएगी। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग कैंपस हैं। स्कूल का प्रशासनिक भवन प्राचीन भारतीय संस्कृति व परंपरा का दर्शन कराने वाला बना है। सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों के खेलकूद की गतिविधियों के लिए खेलों के कई कोर्ट व मैदान भी विकसित हुए हैं हैं। गोरखपुर का सैनिक स्कूल सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट में सम्मिलित है। इसके शिलान्यास के बाद भी वह कई बार इसके निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करने आते रहे हैं। फरवरी माह में जब वह सैनिक स्कूल का निरीक्षण करने आए थे, तभी उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया था कि जुलाई सत्र से यहां पढ़ाई शुरू हो जानी चाहिए। यही नहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में इस सैनिक पस्कूल के लिए सरकार ने चार करोड़ रुपये का प्रावधान भी इसी लिए किए था कि सत्र संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ अब यहां दाखिले की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरकांत सिंह ने बताया कि गोरखपुर सैनिक स्कूल में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6 में 75 और कक्षा 9 में भी 75 विद्यार्थियों का प्रवेश लिया जा चुका है। एक जुलाई से यहां नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारम्भ हो जाएगा।

बदलेगी गोरखपुर की पहचान: अस्सी और नब्बे के दशक में गोरखपुर की पहचान अपराध की नर्सरी के रूप में रही है। योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में हासिल उपलब्धियों से बदनाम पहचान बदल गई है। अब गोरखपुर की पहचान विकास के मॉडल रूप में होती है। इस मॉडल में सैनिक स्कूल भी एक नगीने के रूप में होगा। यह स्कूल राष्ट्र रक्षा की नर्सरी बनेगा। इसके जरिये छात्र फौज में अफसर बनेंगे। देश की सीमाओं की रक्षा करेंगे।

सैनिक स्कूल की सौगात सिर्फ युवा छात्रों के लिए ही नहीं, गोरखपुर की अपनी निजी पहचान और शान के लिहाज से भी बेहद खास है। सीएम योगी की मंशा है कि सैनिक स्कूल गोरखपुर समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए गौरव स्तम्भ के रूप में दिखे। कारण, किसी भी क्षेत्र में सैनिक स्कूल का होना बड़ी उपलब्धि होती है।

एसपी दिनेश ने साप्ताहिक परेड का निराक्षण किया, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक द्वारा साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के पश्चात परेड का निरीक्षण कर विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शुक्रवार को पुलिस लाइन्स स्थित परेड ग्राउण्ड में परेड की सलामी ली गई तत्पश्चात परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ कराई गयी व पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक करते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने हेतु ड्रिल की कार्यवाही कराई गयी। यूपी 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को मानकों के अनुसार समस्त आवश्यक उपकरणों को अपने पास रखने व रिस्पांस टाइम को और बेहतर करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड के पश्चात पुलिस लाइन्स परिसर, भोजनालय, भोजनालय में लगी शिकायत/सुझाव पेटिका, बैरक, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, शौचालय/स्नानागार में सफाई व पानी की व्यवस्था आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। जनपद के थानों पर नियुक्त प्रशिक्षणाधीन एसआई/एसआईएम द्वारा पुलिसिंग से सम्बन्धित प्राप्त किये जा रहे प्रशिक्षण के बारे मे जानकारी की गई। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर जगतराम कनौजिया, प्रतिसार निरीक्षक आदि अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नाबालिक को डराकर पैसे ऐंठने वाले युवक की शिकायत

अवधनामा संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नाबालिक बेटी लगातार डरवा धमकाकर पैसे की मांग करने वाले दो युवक के विरूद्ध पिता की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल जारी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जरहरा का है जहां के सरवन कुमार पुत्र हरी नाम ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि उनकी पुत्री अपनी बुआ के घर ग्राम अजव्वा गयी थी। तभी प्रभाकर नामक युवक ने बात करते हुये धमकी देने लगा कि फोटो और काल रिकार्डिंग को वायरल कर देगा। नहीं तो एक लाख रूपये दो। वहीं भयभीत लड़की के भाई सिद्धार्थ को मारने की धमकी देने पर मेरी से एक लाख साठ हजार रूपये सौरभ नामक एक लड़के से मेरे घर से मंगवा लिया। जिससे पीड़ित लड़की के रो रो कर बताने पर मामला सामने आया तो पीड़ित पिता सरवन? पुत्र हरीनाम के थाना जैदपुर में शिकायत करते ही जैदपुर पुलिस द्वारा प्रभाकर व सौरभ के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपाइयों में खुशी

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। नरेंद्र मोदी को एनडीए संसदीय दल का नेता चुने जाने पर भाजपाइयों ने जश्न मनाया। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जतायी। पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन मे कहा कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। जो देश की आजादी के बाद दूसरी बार होने जा रहा है। प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता के लिए ये गौरव के पल हैं। उन्होंने अटल जी की कविता-कभी थे अकेले, हुए आज इतने, नहीं तब डरे तो भला अब डरेंगे, सुनाते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरा। जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने कहा कि मोदी का तीसरा कार्यकाल भी देश हित मे लिए गए ऐतिहासिक फैसलों के लिए जाना जाएगा। उन्होंने प्रत्येक कार्यकर्ता को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इसके पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत सहित भाजपाइयों ने संविधान सभा कक्ष के सेंट्रल हाल में पीएम मोदी द्वारा दिए गए लाइव उद्बोधन को सुना। संचालन जिला महामंत्री संदीप गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर राम कुमारी मौर्या, रचना श्रीवास्तव, पवन सिंह रिंकू, मनोज वर्मा, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, सुशील जायसवाल, रासेश्वरी त्रिवेदी रोहित सिंह, राम सिंह चौहान, उमेश मिश्र, प्रवीण सिंह सिसौदिया, केवल प्रसाद, नेहा आनंद, पूजा सिंह, मुलायम सिंह यादव, अरुण वर्मा, विनय मौर्य, प्रमोद वर्मा मौजूद रहे।

28 लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

कोठी। बीते 24 घंटे में असंद्रा व कोठी पुलिस ने महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 28 लीटर कच्ची शराब की। उनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई कर जेल भेजा है। कोठी इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि लवलेश पुत्र गुरुचरन निवासी रामापुर मजरे ढेढिया को गांव बाहर पुलिया से गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 18 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। वही असंद्रा इंस्पेक्टर अरूण सिंह ने बताया कि सावित्री पत्नी शिवराज निवास धनौली मिश्रान थाना असन्द्रा को घर से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद है। पुलिस पूछताछ में दोनों ने कच्ची शराब बनाकर इसकी बिक्री करने की बात स्वीकारी है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में केस दर्ज किया। शुक्रवार न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेजा गया है।

अज्ञात चोर के विरुद्ध बाईक चोरी का मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। जिले के कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम बुढ़वलिया निवासी अभय कुमार की तहरीर पर कोतवाली नगर की पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है की गोण्डा न्यायालय पर उसका वाद विचाराधीन है। बीते 29 मई की सुबह करीब दस बजे वह अपनी बाईक से गोंडा पेशी करने गया था। गेट नंबर 3 पर वह अपनी बाइक खड़ी करके कचेहरी के अंदर चला गया। करीब दो बजे वह कचेहरी से बाहर निकला तो उसकी बाइक वहां नही थी। पीड़ित का आरोप है की अज्ञात चोर उसकी बाइक चोरी कर ले गए। पीड़ित ने बाईक बरामद कर चोर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किये जाने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

12 सूत्रीय मांगो को लेकर ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन कर सौंपा पत्र

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। पनियरा ब्लाक मुख्यालय पर 12 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रधान संघ के संरक्षक राम आशीष यादव के नेतृत्व में भारी संख्या में ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन किया? और ग्राम प्रधानों ने मनरेगा के भुगतान, वित्तीय समस्या आदि 12 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज उठाई। प्रदर्शन के बाद प्रधान संघ ने खंड विकास अधिकारी अमरनाथ पांडेय को पत्रक सौंपा। खंड विकास अधिकारी को पत्र देने के बाद प्रधान संघ के संरक्षक राम आशीष यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा की गई थी कि मनरेगा में 5 लाख के वित्तीय स्वीकृति के अधिकार और मनरेगा के भुगतान के लिए ग्राम प्रधान को डोंगल प्रदान किया जाए। जिससे भुगतान पंचायत द्वारा ही किया जा सके। वहीं दूसरी मांग थी कि मनरेगा का पैसा ग्राम पंचायतों के खाते में भेजा जाए। जिससे लेबर और मटीरियल का भुगतान सुगमतापूर्वक किया जा सके। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धनराशि का आवंटन एक ही नियम से आवंटित किया जाए। प्रधान संघ ने ऐसे ही 12 मांगों को लेकर आज खंड विकास अधिकारी को पत्रक सौंपा है। प्रधानों की 12 सूत्रीय मांग को लेकर खंड विकास अधिकारी ने कहा इस पत्रक को आगे भेज दिया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान संघ के सदस्यों ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी भी की। बड़ी संख्या में मौजूद ग्राम प्रधानों ने अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई।

इस दौरान रमेश यादव, बिंदेश्वर निषाद, अनिल जायसवाल, सतीश चौहान, वीरेंद्र यादव, अमरजीत यादव, कृष्ण मुरारी यादव, विनय कुमार उर्फ बिट्टू, ओमप्रकाश कनौजिया, ईश्वर चंद, मोहम्द सलीम, अजीत, अदालत, संगम वर्मा, शंभू यादव, सूर्यभान सहनी, दूधनाथ, जनार्दन सिंह, भागीरथी पासवान, बजरंगी लाल, मनोज कुमार, राधेश्याम चौहान, रामनिवास निषाद, ब्रह्मानंद धारिया, देव प्रसाद, शंकर प्रसाद, विकास प्रताप सिंह, राजू, जितेंद्र, पंकज, शेषमणि, राहुल, वीरेंद्र निषाद, योगेंद्र यादव, अमरजीत निषाद, सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

सैनिक बंधुओं के समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर करें अधिकारी : डीएम

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में सैनिक कल्याण बंधु की बैठक एनआईसी में संपन्न हुई। बैठक का संचालन कर रहे सैनिक कल्याण अधिकारी ने सैनिकों से संबंधित समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। जिस पर जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी सैनिकों से समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा है कि सैनिकों के समास्याओं का समाधान तत्काल करवाया जायेगा। साथ ही सभी सैनिक बंधुओं से संवाद स्थापित किये तथा उनसे बात करते हुए कहा कि यदि आप लोगों को किसी प्रकार की कोई समस्या होती है तो आप सीधे हमारे सीयूजी नंबर पर बात कर सकते हैं। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी सिटी विनय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अवनीश त्रिपाठी, सैनिक कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी सहित सैनिक कल्याण से संबंधित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

शिवसेना शिंदे गुट के जिला अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। शुक्रवार को एनडीए प्रत्याशी राजरानी रावत की हार पर शिवसेना शिंदे गुट के जिलाध्यक्ष किशनलाल रावत की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक की गई जिसमें किशन लाल द्वारा कहा गया की 2024 की हार के सबक लेकर बाराबंकी जिले की सभी 6 सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों को जीताकर 2027 के विधानसभा चुनाव में योगी सरकार को? तीबारा सत्ता पर आसीन करवाना है पार्टी के निष्क्रिय पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के साथ साथ नये पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया शिवसेना शिंदे गुट समस्त ग्राम पंचायत में जमीनी स्तर पर भाजपा सरकार द्वारा किए गए विभिन्न विकास कार्यों की सराहना करते हुए कंधे से कंधा जोड़कर चलने की बात कही वहीं पर राजेश गौतम जिला प्रवक्ता के स्थान पर ज़िला प्रवक्ता विजय कुमार द्विवेदी को मनोनयन किया गया इस मौके पर अनिल शर्मा नगर अध्यक्ष शिवसेना, अनुज दीक्षित, शेर बहादुर, चंद्रेश कुमार सैनी, राजवंत शर्मा, रामप्रसाद रावत, राजेंद्र प्रसाद, धीरेंद्र सिंह, कुलदीप वर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

चौक में चल रहे विभिन्न कार्यों का जिलाधिकारी ने निरिक्षण किया

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। गुरु गोरक्षनाथ मंदिर के छावनी के रूप में जाना जाने वाला जनपद के अंतर्गत चौक कस्बे में चल रही परियोजनाओं का शुक्रवार को जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने प्राथमिक विद्यालय चौक में विशेष मरम्मत कार्यों के तहत हो रहे कार्यों की जांच की। उन्होंने कार्य की प्रगति और गुणवत्ता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

प्राथमिक विद्यालय चौक में विशेष मरम्मत कार्य के तहत स्मार्ट क्लास, डेकोरेटिव क्लास रूम, लाइब्रेरी, स्मार्ट टॉयलेट, अन्नपूर्णा रसोई आदि का निर्माण किया जा रहा है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन महंत दिग्विजयनाथ बहुद्देशीय इंडोर स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी स्टेडियम के बाहरी दीवार सहित चिन्हित स्थलों पर पेंटिंग कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अवशेष कार्यों को 20 जून से पहले समाप्त कर युवा कल्याण विभाग को स्टेडियम हस्तगत करने के लिए भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता पर प्रसन्नता भी व्यक्त की। अंत में उन्होंने सोनाडी देवी मंदिर परिसर में पर्यटन कार्यों को देखा और जल्द से जल्द अवशेष कार्यों को पूर्ण करने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी जी.एस. यादव, प्राचार्य गोरक्ष पीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ महाविद्यालय, चौक बाजार के प्राचार्य डॉ वसंत नारायण सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

इटियाथोक सीएचसी परिसर में लाखों की लागत से हो रहा लैब का मानक विहीन निर्माण

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। जिले के इटियाथोक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लाखों की लागत से बनाये जा रहे लैब का मानक विहीन निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में बालू घटिया सीमेंट व सरिया बहुत ही कम मात्रा में इस्तेमाल की जा रही है जो साफ तरीके से निर्माण कार्य को देखा जा सकता है। ठेकेदार व अधिकारियों पर मिलीभगत कर घटिया निर्माण कराने का आरोप है। लोगों की मानें तो अधिकारी निरीक्षण भी कर रहे हैं लेकिन मामला रफा कर दिया जाता है। इसी के साथ-साथ विकासखंड परिसर में कृषि गोदाम का भी निर्माण कराया जा रहा है जिसमें भी घटिया सामग्री का प्रयोग खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है। बताया जाता है कि यहां भी कुछ दिन पूर्व अधिकारी ने निरीक्षण किया था,लेकिन मामला रफा दफा हो गया और कोई कार्यवाही नहीं हुई। जबकि कुछ दिन पूर्व निर्माण कार्य सामग्री से बन रही दीवार गिर गई थी जिसकी शिकायत भी की गई थी।

खाटू श्याम की भव्य झांकी निकाली गई

अवधनामा संवाददाता

महाराजगंज। भारत नेपाल बॉर्डर पर बसा कस्बा ठूठीबारी में शुक्रवार को श्री श्याम मित्र मंडल ठूठीबारी के तत्वावधान में खाटू श्याम निशान की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। कस्बा के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरे लोगों का जयघोष के बीच जगह-जगह इत्र छिड़ककर स्वागत किया गया। खाटु श्याम निशान यात्रा का शुभारंभ कस्बा स्थित राधा कृष्ण मंदिर से शुरू की गई। शोभा यात्रा चन्ने चौराहे से हनुमान मंदिर होते हुए बस स्टैंड तिराहे, नौतनवा रोड, बाईपास रोड, कोतवाली रोड होते हुए राधा कुमारी इंटर कॉलेज कांप्लेक्स कंपाउंड में समापन हुआ। झांकी में सैकड़ों भक्तो द्वारा जय श्री श्याम, जय श्री श्याम, श्याम प्यारे की जय, हारे के सहारे के जयकारों से पूरा ठूठीबारी कस्बा गुंजायमान हो गया।इस झांकी में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।इसके पूर्व बाबा श्याम साधकों का जगह-जगह जलपान व इत्र छिड़ककर कर स्वागत किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा शोभा यात्रा समापन के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान अजय कुमार, राजेश सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्त, हीरा रौनिया,विनोद मद्धेशिया, अतुल रौनियार, दीपक गोयल, दीपु निगम, अश्वनी निगम, राजीव वर्मा, अमित गुप्ता, आकाश निगम, शैलेंद्र, बैजनाथ जायसवाल, धीरेंद्र समेत अन्य मौजूद रहे।साथ में ठूठीबारी कोतवाली की पुलिस प्रशासन भी मौजूद रही।

चोरो ने नकब लगाकर किया चोरी, विरोध करने पर मारा चाकू

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। सिंदुरिया थानाक्षेत्र के ग्रामसभा बसंतपुर खुर्द में गुरुवार की रात लगभग दो बजे अज्ञात चोरों ने मुन्ना पुत्र श्यामलाल के घर में दो जगह से नकब लगाकर चोरी कर लिया।मकान के उत्तर और दक्षिण दो तरफ नकब लगाकर दो बक्सा उठा ले गए तथा उसका ताला तोड़कर पायजेब, झुमका, मंगलसूत्र तथा दस हजार रुपए चुरा ले गए हैं, साथ ही संतोष पुत्र खदेरु उसी समय पेशाब करने उठें थे और पेशाब करके अपने घर में जा रहे थे कि चोरों ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया जिसमें उनके आंख और कंधे पर चाकू से काट दिया और पत्नी लक्ष्मीना को भी मारे पीटेहै,उनके घर दो बक्शा जिसमें बीस हजार रुपए और कुछ जेवर उठा ले गए। दोनों बक्शा गांव के पूरब दामोदर के खेत के मिला है, ग्रामीणों ने 112मे नम्बर पर चोरी की सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची और एम्बुलेंस बुलाकर घायल संतोष को जगदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

बिजलीकर्मियो ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज (गोंडा)। शुक्रवार को विद्युत कर्मियों ने थाने के एक एसएसआई के दुर्व्यवहार और तानाशाही से नाराज होकर कार्य बहिष्कार कर दिया। जिससे इलाके की बिजली आपूर्ति घंटो बाधित रही।

विद्युत उप केंद्र नवाबगंज पर तैनात अवर अभियंता राम अचल ने बताया कि कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास 33 केवी विद्युत काफी दिनों से खराब थी लेकिन चुनाव के चलते उसके मरम्मत का कार्य बंद था। अब चुनाव सम्पन्न होने के बाद शुक्रवार की सुबह टेक्निशियन व संविदा कर्मी लाइन का ब्रेक डाउन सही करने मौके पर गये थे तभी थाने के तानाशाह एसएसआई त्रियुगी नारायण शर्मा ने आकर अपना पुलिसिया रौब झाड़ते हुए विद्युत कर्मियों को गाली देना शुरू कर दिया। अभद्र भाषाओ के प्रयोग से नाराज जब संविदा कर्मियों ने विरोध किया तो तिलमिलाये एसएसआई ने मुकदमा लिख देने की धमकी देते हुए जबरन कर्मियों को वहां से भगा दिया। नाराज कर्मी उपखण्ड कार्यालय चले गए। कर्मियों उप केंद्र पर एसएसआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जमकर प्रदर्शन किया और कार्य बहिष्कार कर दिया जिससे घंटो विजली आपूर्ति बंद रही। उपखण्ड अधिकारी को प्रार्थना पत्र देने के बाद विद्युत सप्लाई बहाल हुई। वहीं कर्मियों ने कहा है कि जबतक इनपर कार्यवाही नहीं होगी तब तक 33 केवी का कार्य पूर्ण नहीं किया जायेगा।वहीं एसएसआई और पुलिस कर्मियों के बीच हुए विवाद का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

इस दौरान टीजीटू सौरभ श्रीवास्तव, अंकित कुमार, जनार्दन प्रसाद तिवारी, आशीष तिवारी, छोटे लाल यादव, नन्दकुमार, आशोक यादव, भरत लाल ओझा, शिव शंकर यादव, विनय यादव, भगवान दास, राम बाबू, गजेन्द्र सिह, अंनद श्रीवास्तव, मुन्ना लाल सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

पर्यावरण दिवस के दूसरे दिन ही नीम के पेड़ पर लकड़कट्ट की हुई तीखी नजर

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। दिनांक 5 जून को पूरा विश्व पर्यावरण दिवस मान रहा था और जगह-जगह वृक्षारोपण कर समाज में एक सकारात्मक संदेश पहुंच रहे थे वहीं पर्यावरण दिवस के दूसरे दिन ही लकड़कट्टों की तीखी नजर हरियाली को नुकसान पहुंचाने में भी नहीं चूकी और नीम जैसे औषधि वृक्ष को ही काटने में लग गए लकड़कट्टों की इन हरकतों से ऐसा लगता है की प्राकृतिक सौंदर्य उनके लिए कोई मायने नहीं रखता। ऐसा ही मामला तरबगंज तहसील वह टिकरी रेंज के अंतर्गत सिकंदरपुर नौडिहवा का है जहां एसडीम तरबगंज से परमिशन का हवाला देते हुए पर्यावरण दिवस के दूसरे दिन ही सूरज निकलते ही लकड़कट्ट अपनी आरा मशीन लेकर नीम के हरे पेड़ों पर कटान शुरू कर दिया जब तक इसकी जानकारी अधिकारियों तक पहुंचती तब तक पेड़ को काट दिया। इस मामले में जब दूरभाष पर एसडीम तरबगंज के पेशकार से बात की गई तो उन्होंने बताया की पेड़ के मामले में परमिशन तो वन विभाग करती है हमारे यहां ऐसा कोई मामला जानकारी में नहीं है।

जनता की समस्या को हर हाल में दूर करें अधिकारी : मण्डलायुक्त

- सभी विभाग विकास कार्यों में लायें तेजी : मण्डलायुक्त
- मंडलायुक्त ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

गोण्डा। शुक्रवार को नव नियुक्त देवीपाटन मण्डल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने मण्डलायुक्त सभागार में मंडल के सभी जिलाधिकारियों, मुख्य विकास अधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों एवं अन्य मंडलीय स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया इसके बाद उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी जनता की सेवा करें। जनता द्वारा दिए जाने वाले प्रार्थना पत्र को व्यक्तिगत रूप से ध्यान देते हुए उनकी समस्या को हल करायें। उन्होंने राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा, विद्युत, आवास सड़क, पेयजल आदि को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों में जमीनी स्तर पर काम हो। उन्होंने कहा के चुनाव के बाद सभी विभाग अपने विभागीय कार्यों में गति को बढायें जनता की समस्या व जमीन संबंधी विवादों को मौके पर जाकर निस्तारण करायें। सभी जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं को बेहतर बनाया जाए। सभी अधिकारी अपने-अपने जिलों में विकास कार्यों की गति में तेजी लाएं जो विकास कार्य रुके हुए हैं उन्हें पुनः प्रारंभ करते हुए समय से पूर्ण कारण सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाया जाए। इस मौके पर मंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक व संबंधित सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एसपी ने पुलिस लाइंस का निरीक्षण के दिया निर्देश

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड ग्राउण्ड का निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया जिसमे मनोरंजन हाल, डायल 112, डीसीआर, रेडियो शाखा, फील्ड यूनिट जिम्नेजियम हाल, बैडमिंटन हॉल, कैंटीन, टाइप 2 टाइप 3 आवासों की साफ सफाई व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था का जायजा आदि का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये । मेस निरीक्षण के दौरान गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा समुचित साफ सफाई रखने के लिए निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के विभिन्न शाखाओ मे रखे अभिलेखों व रजिस्टर इत्यादि का अवलोकन करते हुये उनके रखरखाव की स्थिति को देखा गया व साफ-सफाई रखने तथा राजकीय कार्यो को समय से पूरा करने, निरीक्षण के दौरान विभिन्न रजिस्टरों का अवलोकन कर उनको अद्यावधिक करने के लिये संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए गये।

देश में एनडीए की सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। भाजपा गठबंधन एनडीए की तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारूढ़ होने के लिए देश की जनता का मिले आशिर्वाद और समर्थन से बन रही एनडीए की सरकार की खुशी में भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी की अध्यक्षता और लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े बजाकर और एक दूसरे को मिठाई खिला कर विजय उत्सव मनाया।

केंद्र में भाजपा गठबंधन की सरकार बनने पर विजय उत्सव में शामिल भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए लोक सभा प्रत्याशी रहे निवर्तमान सांसद रितेश पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में तीसरी बार केंद्र में बन रही सरकार की खुशी में अंबेडकर नगर चुनाव हारना बहुत छोटी बात है। हमें हमेशा बड़े लक्ष्य को देखना चाहिए।देश भक्त और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने वाली मोदी जी के नेतृत्व में बनने वाली सरकार के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए आवाहन किया कि आगे और भी ऊर्जा एवम उत्साह से जुटें। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने अपने संबोधन में भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा संगठन की बड़ी फौज ने पूरी निष्ठा और ऊर्जा से चुनाव में कार्य किया।विपक्ष की कुछ गलत अफवाहों से जनता में भाजपा प्रत्याशी के प्रति नकारात्मक माहौल बना।संगठन की प्रभावी भूमिका के बाद भी परिणाम नकारात्मक मिलने की समीक्षा कर नई ऊर्जा और सशक्त संगठन के साथ सक्षम,समर्थ,प्रभावी और निष्ठावान कार्यकर्ताओं की टीम तैयार कर आगामी चुनाव भाजपा जीतेगी। विजय उत्सव मनाने में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, रमा शंकर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र, रमेश चंद्र गुप्ता, डाक्टर रजनीश सिंह, रफत एजाज, जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, दिलीप पटेल देव,चेयर मैन ओमकार गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा, मनीष मिश्र, धीरेंद्र प्रताप सिंह, सतपाल सिंह, शुभम अग्रहरि, संजय तिवारी, बजरंगी पाठक, डाक्टर विनोद कुमार, विजय विश्वकर्मा,रिंकल सिंह, अंजू पाण्डेय, सुनीता चौहान, कमलेश यादव, मण्डल अध्यक्ष कुलदीप सिंह, शिव पूजन राजभर, अरविंद सिंह डिंपू, नंद कुमार तिवारी राना आदि शामिल रहे।

अल्ट्राटेक सीमेंट यूनिट टांडा में मना विश्व पर्यावरण दिवस

दानिश मेंहदी

अम्बेडकरनगर। जनपद मे स्थित आदित्य बिरला समूह की कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट-टांडा सीमेंट वर्क्स) में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश वन विभाग के प्रभागीय कार्यालय, अम्बेडकरनगर के परियोजना पदाधिकारी श्री सत्यम श्रीवास्तव, रेंज फारेस्ट ऑफिसर टाण्डा श्री आर.पी. चौधरी, रेंज फारेस्ट ऑफिसर अकबरपुर श्री नागेंद्र कुमार एवं वन विभाग के अन्य अधिकारीयों के उपस्थिति में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अल्ट्राटेक सीमेंट के पर्यावरण प्रवन्धक श्री राज कुमार के उद्बोधन के साथ किया गया। तत्पश्चात इस आयोजन का विशिष्ट अतिथि श्री सत्यम श्रीवास्तव परियोजना पदाधिकारी उत्तर प्रदेश वन विभाग प्रभागीय कार्यालय अम्बेडकरनगर, द्वारा "Mission Life Life Style for Environment" एवं मानव गतिविधियों से पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव एवं इसके निवारण के बारे में काफी विस्तारपूर्वक बताया।

तत्पश्चात अल्ट्राटेक सीमेंट के यूनिट हेड श्री नागेश उपाध्याय ने उद्योग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दिशा में किये जा रहे पहल जैसे - मियावाकि प्लांटेशन, आवासीय परिसर में बायोगैस प्लांट का स्थापना, कॉलोनी एवं उद्योग परिसर में वर्षा जल संचय की व्यवस्था, बड़ी मात्रा में सोलर पावर एवं फ्लाई ऐश का उपयोग, सेवेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था, उद्योग में लगे प्रदुषण नियंत्रण उपकरण के नियमित रखरखाव तथा पर्यावरण जागरूकता अभियान एवं इसके महत्व के बारे में काफी विस्तारपूर्वक अपना विचार व्यक्त किया साथ ही पर्यावरण संरक्षण के दिशा में उद्योग की प्रतिबद्धता एवं जनमानस की भूमिका के बारे में भी लोगों का ध्यानाकर्षित कराया। इस अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट के मानव संसाधन विकास विभाग के प्रभारी श्री करुणा करण तिवारी, श्री एएन पांडेय (विभागाध्यक्ष तकनिकी), श्री विकास त्रिपाठी (प्रोडक्शन हेड), श्री मनीष मिश्रा (सेफ्टी हेड), श्री सुदीप पांडेय, लक्ष्मण रावल, अतुल पांडेय एवं अन्य अधिकारी एवं क्रमचारी उपस्थित रहें। पर्यावरण दिवस के अवसर पर अल्ट्राटेक सीमेंट के पर्यावरण विभाग द्वारा पिछले 15 दिनों से भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं जैसे - पोस्टर पेंटिंग्स, स्लोगन राइटिंग, स्पीच एवं पोयम कम्पटीशन, एनवायरनमेंट क्विज, ग्रुप डिस्कशन, सामूहिक सफाई अभियान इत्यादि माध्यमों से पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें बच्चें, महिलायें, उद्योग के कर्मचारी, मजदुर तथा अधिकारियों ने काफी उत्साहपूर्वक इस आयोजन में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के दिशा में अपनी प्रतिबद्धता एवं कर्तव्य के निर्वहन करने का शपथ लिया।

9वें इमाम के शहादत दिवस पर आयोजित हुई मजलिस

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को शिया समुदाय के नौवें इमाम हज़रत मोहम्मद तकी अस के शहादत दिवस पर जामा मस्जिद में मजलिस आयोजित की गई। मजलिस को सम्बोधित करते हुए ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कहा कि 9वें इमाम की शहादत सबसे कम उम्र 25 साल में हुई। इमाम का रौज़ा काज़मैन बगदाद में है। इमाम की विलादत मदीना में हुई। अब्बासी बादशाह मोतसिम ने जहर से शहीद करवाया। इमाम ज़ालिम के खेलाफ आवाज़ उठाते रहे और लोगों की हिदायत करते रहे आप ने फरमाया जिसने राहे खुदा में दोस्त बनाया उसने जन्नत में घर बना लिया। अंत मे इमाम के शहादत पर विस्तार से बताया जिसे सुनकर लोगों की आंखे नम हो गई। मजलिस से पूर्व मर्सियख्वानी के फ़रायज़ को अम्बर मेंहदी, नायाब मास्टर, जलाल अहमद ने अंजाम दिया। मजलिस के दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, अज़ीम हैदर, गुलरेज रिज़्वी, हसन अब्बास शब्बू, जानशीन अहमद, काज़िम मेंहदी, मनव्वर रज़ा, जमाल बीके, काज़िम रज़ा, कसीम रिज़्वी, लल्ला, नायाब हैदर, मेंहदी हैदर पप्पू फूलदार, शब्लू, वजीहुल हसन, सुहेल अहमद, जमाल हैदर, कामयाब, वज़ीर हसन, सलमान, नेहाल, मुन्नू, दद्दू, मोहम्मद आदर्श, कैफी रिज़्वी, रेहान, असगर मेंहदी, तनवीर हसन, ताज़ीम, कायनात सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में इमामबाड़ा हुसैनिया बाबुल में भी मरसिया मजलिस आयोजित हुई।

बीएड की वर्ष 24-25 प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिये डीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश संयुक्त बी. एड. प्रवेश परीक्षा 2024-26 के सफल आयोजन हेतु जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानन्द गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, नगर प्रभारी, सहायक नोडल अधिकारी, केंद्र प्रतिनिधि, केन्द्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने बीएड प्रवेश परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारीयों और केंद्र व्यवस्थापकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रवेश परीक्षा में शासन और विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप परीक्षा केंद्र की व्यवस्था, शुचिता सम्बन्धी मानक आदि का कड़ाई से अनुपालन किया जाए।शासन और विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में कहा कि प्रत्येक केंद्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित करे कि किसी भी दशा में कक्ष निरीक्षक या जो भी अनुमन्य न हो, वह मोबाइल फ़ोन का उपयोग परीक्षा केंद्र पर न करे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गर्मी को देखते हुए परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त पीने की पानी की व्यवस्था, महिलाओं के लिए अलग से गेट पर जाँच की व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।अपर पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के सफल और शुचितापूर्ण आयोजन हेतु केंद्र व्यवस्थापकों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों, स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षकों से अपनी सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी दिया।हर केंद्र पर एक उपनिरीक्षक, एक हेड कांस्टेबल, दो कांस्टेबल और दो महिला कांस्टेबल तैनाती की गयी है।कोषागार से हर केंद्र प्रतिनिधि के साथ पुलिस सुरक्षा और परीक्षा के उपरांत परीक्षा सामग्री कोषागार से आयोजक विश्वविद्यालय बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झाँसी तक पहुँचाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा का प्रबंध जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। जनपद अम्बेडकरनगर में उत्तर प्रदेश संयुक्त बी. एड. प्रवेश परीक्षा 2024-26 के आयोजन हेतु कुल 16 परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण किया गया है तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर दिनांक 09 जून 2024 को प्रातः 09 से 12.00 बजे तक प्रथम पाली और अपराह्न 2.00 बजे से 5.00 बजे तक द्वितीय पाली में कुल 8124 परीक्षार्थियों की परीक्षा हेतु आवंटन किया गया है।शासन द्वारा इस परीक्षा को अतिमहत्वपूर्ण मानते हुए परीक्षा को निर्धारित प्रकिया के अनुरूप सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु सतर्कता, सजगता, आत्म अनुशासन एवं समयबद्धता सम्बन्धी कठोर निर्देश दिए गये है।शासन और आयोजक विश्वविद्यालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर केन्द्राध्यक्ष, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रतिनिधि और दो पर्यवेक्षकों की तैनाती की गयी है। बैठक में विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ता, उपजिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह, उपजिलाधिकारी भीटी सौरभ शुक्ला, उपजिलाधिकारी न्यायिक टांडा डॉ. शशि शेखर, तहसीलदार टांडा शिवनरेश सिंह, खण्ड विकास अधिकारी भीटी दिनेश राम, खण्ड विकास अधिकारी जलालपुर राम विलास राम, समस्त केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पर्यवेक्षक और परीक्षा से जुड़े अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

दो युवकों ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। कांग्रेस पार्टी की नीतियों और 2024 के लोकसभा चुनाव में मिली सफलता से प्रभावित होकर उमेश वर्मा और नीतिश चौधरी ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने दोनो युवकों को फटका पहनाकर उन्हे पार्टी में शामिल किया। उन्होने कहा राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा तथा कांग्रेस की 5 गारण्टियों का असर लोकसभा चुनाव में दिखाई दिया। जनादेश से साफ जाहिर है कि केन्द्र की मोदी और यूपी की योगी सरकार से जनता त्रस्त है और इनसे छुटकारा चाहती है। दोनो सरकारों ने सिर्फ जाति, धर्म के नाम पर देशवासियों में नफरत की दीवार खड़ी की, मुद्दों से फेरते रहे और दुष्प्रचार तथा दूसरे दलों के नेताओं को नीचा दिखाकर चंद पूंजीपतियों के हाथों में देश की सम्पदा सौंपते रहे। कांग्रेस नेता ने कहा राहुल गांधी ने जब ये सच उजागर करना शुरू किया तो तानाशाह की नींव हिलने लगी। जिलाध्यक्ष ने पार्टी में शामिल नये सदस्यों को बधाइयां देते हुये पार्टी को मजबूत करने में यथाशक्ति योगदान देने को कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, डी.एन. शास्त्री, लक्ष्मी यादव, अलीम अख्तर, प्रशान्त वर्मा, विजय श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

एडीएम की अध्यक्षता में हुई बीएड पाठ्यक्रम में संयुक्त प्रवेश परीक्षा को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुये अपर जिलाधिकारी उमाशंकर ने बीएड प्रवेश परीक्षा नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बीएड पाठ्यक्रम शैक्षिक सत्र 2024-26 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी द्वारा 9 जून को क्रमशः दो पालियो में जनपद के 2 केन्द्रों बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज नौगढ़ में 350 छात्रों एवं शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में 316 छात्रों की परीक्षा सम्पन्न कराया जायेगा। परीक्षा से सम्बंधित प्रश्नपत्रों को सुरक्षित कोषागार के डबल लाक में रखा जायेगा, परीक्षा तिथि को समयानुसार निकाला जायेगा। विश्वविद्यालय द्वारा नामित नोडल अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक की संयुक्त देख-रेख में प्रश्नपत्रों/ओएमआर पत्रक तथा जांच पत्र को कोषागार के डबल लाक में रखा जायेगा। सचल दल प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं सचल दल के सदस्यों की ड्यूटी लगायी गयी है। स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र प्रतिनिधि, पर्यवेक्षक की भी ड्यूटी लगा दी गयी है।

केन्द्र व्यवस्थापक के रूप में बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज नौगढ़ में गिरजेश चन्द मिश्र एवं शिवपति महाविद्यालय शोहरतगढ़ में डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह की ड्यूटी लगायी गयी है। प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा 2 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा। पुलिस विभाग द्वारा शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर पर्याप्त सुरक्षाबल तैनात किये गये हैं। परीक्षा केन्द्र के 500 मीटर के दायरे में फोटोकापी आदि की दुकानें बंद रहेंगी तथा परीक्षा केंद्र के आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति न घूमने पाये। परीक्षार्थियों को गहन चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जाये कोई परीक्षार्थी अपने साथ मोबाइल अथवा इलेक्ट्रानिक गैजेट अन्दर न ले जाने पाये।

समस्त केन्द्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षकों के साथ बैठक कर लें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, नोडल अधिकारी बीएड परीक्षा डॉ अरविन्द कुमार, प्रो अभय श्रीवास्तव व अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हवन व भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज क्षेत्र के धनुवाडीह उर्फ हजिरवा स्थित समय माता स्थान पर चल रहे श्रीमद्भागवत कथा का हवन व भंडारे के साथ गुरूवार की रात समापन हो गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं कार्यक्रम आयोजक सूर्यनारायण दास शास्त्री ने लोगों को हवन और भंडारे के महत्व से अवगत कराया। शास्त्री ने बताया कि हवन को सनातन धर्म में शुद्धिकरण का एक प्रक्रिया माना गया है। हवन कुंड में अग्नि के माध्यम से देवता को हवि यानि भोजन पहुंचाने की प्रक्रिया है। साथ ही वायु को शुद्ध करने के लिए हवन, यज्ञ किया जाता है। वही भंडारा में एक साथ प्रसाद ग्रहण करने से समाज में सौहार्द को मजबूती मिलती है। इस दौरान मिथलेश पाण्डेय, राम भारत, बजरंगी दूबे, प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, राम अचल यादव, विरेंद्र दूबे, विंदेश्वरी विश्वकर्मा, राजू गुप्ता, दिलीप यादव, बबलू, पंकज, विक्कू, मनीराम, संदीप आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन प्रतिभागी आशाओं के लिए प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली आशाओं को पुरस्कृत किया गया

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। मनवापुर क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में चल रहे गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण के पांचवें दिन एवं अंतिम दिन शुक्रवार को अधीक्षक डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने आशाओं को अपने कार्य क्षेत्र में गृह भ्रमण के दौरान योग्य दंपत्ति, गर्भवती महिला तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

सुषमा द्विवेदी ने प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव के फायदे की जानकारी दी। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. पी एन पटेल, राजीव त्रिपाठी तथा मैराज अहमद के द्वारा आरंभिक बाल विकास, विकासात्मक विलंब के मुख्य लक्षण, टीकाकरण कार्ड के अनुसार बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा धात्री महिलाओं की देखभाल के साथ-साथ आशा बहू को अष्टांग मार्ग के विषय में प्रशिक्षित किया गया। डा. ओझा के द्वारा प्रशिक्षण में प्रतिभागी सभी आशाओं के टेस्ट पेपर का आयोजन किया गया, टेस्ट पेपर में आशा माया देवी पाण्डेय को प्रथम स्थान, शीला मौर्या को द्वितीय स्थान तथा शीला देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। डॉ ओझा के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाली आशाओं को पुरस्कृत करते हुए उनकी सराहना की गई। इस दौरान फूल कुमारी, सुधा, जसमती, जूही, संध्या, भानमती, सरोजनी, मीना आदि मौजूद रहे।

गाँव में सफाईकर्मी के तैनाती की मांग

गाँव की नालियां जाम, रास्तों में भरा गंदा पानी

सफाई कर्मचारी के अभाव में जगह- जगह गाँव में गंदगी व्याप्त है नालियां चोक होने के कारण रास्तों में भरा दुर्गन्ध युक्त गंदा पानी बीमारियों को आमंत्रण दे रहा है। गाँव के लोग गाँव में फैली गंदगी से खासे परेशान हैं।

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। तहसील व ब्लॉक बांसी क्षेत्र के मझवन खुर्द निवासी दर्जन भर युवाओं ने एक राय होकर गाँव में व्याप्त गंदगी को लेकर उपजिलाधिकारी से मुलाकात कर समस्या समाधान की मांग किया है।

मझवन खुर्द निवासी श्यामसुंदर, मोनू, गोपाल, सुशील आदि ने गाँव में व्याप्त गंदगी की समस्या से निजात दिलाने को लेकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल से औपचारिक मुलाकात कर उक्त विषयक पत्रक सौंपा। लोगों का कहना है कि विगत चार वर्षों से गाँव में किसी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नहीं है। सफाई कर्मचारी के अभाव में जगह- जगह गाँव में गंदगी व्याप्त है नालियां चोक होने के कारण रास्तों में भरा दुर्गन्ध युक्त गंदा पानी बीमारियों को आमंत्रण दे रहा है। गाँव के लोग गाँव में फैली गंदगी से खासे परेशान हैं।

लोगों ने गाँव में सफाई व्यवस्था को अविलंब दुरुस्त कराने हेतु एक स्वर में उपजिलाधिकारी बांसी से मांग किया है। उक्त बावत उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल ने बताया कि इस संबंध में डीपीआरओ से बात हुई है। यदि दो दिन में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

नरेंद्र मोदी को एनडीए दल का नेता चुने जाने पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

अवधनामा संवाददाता

- जमकर पटाखे छोड़े
- एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर किया खुशी का इजहार
- पिछले 10 सालो के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में बढ़ाया भारत का मान

सिद्धार्थनगर। नरेंद्र मोदी को एनडीए दल का नेता चुने जाने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एंव कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ पटाखा छोड़े, ढोल नगाड़ा बजाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया खुशियां मनाई।

बासी के विधायक राजा जय प्रताप सिंह ने बधाई देते हुए कहा पिछले 10 वर्षो के कार्यकाल में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैश्विक पटल पर भारत के मान-सम्मान और स्वाभिमान में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है, उन्होंने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब कल्याण और अंत्योदय के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाया है। मैं उनके तीसरे कार्यकाल के सफलता की कामना करता हूं। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से राष्ट्रहित में अनेक युगांतकारी निर्णय भी लिए हैं जिसके फलस्वरूप युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों के उत्थान एवं सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। निश्चित तौर पर आपकी दूरदर्शिता से देश तीव्र गति के साथ विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़कर 'विकसित भारत' के संकल्प को सिद्ध करेगा।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, जिला प्रभारी हरि चरण कुशवाहा,पूर्व जिलाध्यक्ष राम कुमार कुंवर, लाल जी त्रिपाठी, जिला महामंत्री विजयकांत चतुर्वेदी, विपिन सिंह,जिला मंत्री अजय उपाध्याय, फतेबहादुर सिंह, भाजपा नेता राजेंद्र पांडेय, डॉ चंद्रेश उपाध्याय, हेमंत जायसवाल, जिला कार्यालय मंत्री आशीष शुक्ला, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्रीश चौधरी, चेयरमैन अजय गुप्ता, रवि जायसवाल, सुनील अग्रहरि, डॉ संजय गौतम, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अरुण मिश्रा, किसान मोर्चा अजय शर्मा, मंगल चौरसिया, सौरभ त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

राशनकार्ड धारक 30 जून तक अनिवार्य रूप से करलें ई- केवाईसी

सिद्धार्थनगर। शासन के निर्देशानुसार माह जून में आवश्यक वस्तुओ के वितरण के साथ राशनकार्ड मे दर्ज मुखिया व समस्त सदस्यों का ई-के0वाई0सी0 होना है, जो माह के अन्त अर्थात 30 जून तक शत-प्रतिशत होना है। समस्त कार्डधारको (मुखिया व सदस्यों) से अनुरोध है कि 8 जून से अपने निकटतम उचित दर विक्रेताओ से सम्पर्क कर ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगाकर ई0- केवाईसी कराना सुनिश्चित करें, जिससे भविष्य में निर्वाध रूप से समस्त यूनिटो का खाद्यान्न प्राप्त होता रहें। ई-के0वाई0सी0 के दौरान कार्डधारक मुखिया व सदस्यो के मध्य परिवारिक सम्बन्धों तथा मोबाइल नम्बरो को भी आवश्यकतानुसार संशोधन करा सकते है। यदि कोई कार्डधारक उत्तर प्रदेश के किसी भी जनपद में निवास हो तो वह भी अपना ई-के0वाई0सी0 किसी भी उचित दर दुकान से करा सकते है। राशनकार्ड में दर्ज मुखिया सहित प्रत्येक सदस्यो का ई0 के0वाई0सी0 कराना अनिवार्य है। उक्त जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी ने अपने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया है।

गर्मी का बढ़ता प्रकोप

सभी गर्मी से हाय हाय कर रहे है। यह हाय हाय तभी मिट सकती है या कम हो सकती है जब गर्मी पैदा करने वाली वजहों पर लगाम लगे। फौरी ध्यान का महत्व है तात्कालिक निजात के लिये पर स्थायी निराकरण पर ध्यान दिये बिना इच्छित नतीजा पाना असम्भव बना रहेगा।

इस समय लम्बी हीट बेव चल रही है। इसे लेकर एक रिपोर्ट आई है। कहा गया है बढ़ता तापमान अकेला वजह नही है हीट स्टेऊस का चेन्नई, मुम्बई, डेलही, बंगला, कोलकता, हैदराबाद दो दशक से झेल रहे है। एयर सरफेस, टेम्प्रेचर, सापेक्ष अर्द्रता, तेजी से बढ़ता घना निर्माण क्षेत्र। इससे दुर्बल, नाजुक खासतौर से वृद्ध, बच्चे, प्रेगनेन्ट महिलायें, स्लम में रहने वाले लोग और बाहर जाकर काम करने वाले लोग जल्दी चपेट में आ जाते है। भारत में तीन साल से लगातार तीब्र हीट बेव अग्रसर है। पहले हीट वेब 4 से 8 दिन चलती थी इस बार 40-48 दिन चल रही है। पर तापमान बढ़ गया है और आर्द्रता भी बढ़ गई है। पर हवा में आर्द्रता बढ़ जाने की वजह से पसीना जल्दी सूखता नहीं है। इससे जितनी गर्मी है उससे ज्यादा महसूस होती है। साथ ही भवनों का घनापन भूमि उपयोग में बदलाव, बढ़ता नगरीय फैलाव सब मिलकर गर्मी की तीव्रता बढा देता है। इसके अलावा निर्माण सामग्री में उपयोग किये जाने वाले लोहा, शीशा, घातु कन्क्रीट तापमान को बढ़ा देते है। बीमारियां इससे बढ़ रही है, मृत्यु तक की नौबत आ जाती है। उपरोक्त सभी बातों को हीट पर काबू पाने के लिये ध्यान में रखकर आगे बढ़ना होगा। हीट ऐक्शन प्लान पर 20 से ज्यादा राज्यों ने एनडीएमए के साथ मिलकर काम किया है। हीट ऐक्शन प्लान बनाया है। पर अफ़सोस सभी पेपरों में सिमटा हुआ है। क्योकि फन्ड उपलब्ध नही है जो प्राथमिक जरूरत होती है किसी प्लान को जमीन पर उतारने के लिये प्लान बना लिया जाता है पर उस पर बराबर ध्यान नही रक्खा जाता है प्लान कागजों में पड़ा रहता है। बदलाव तभी जमीन पर उतर पाता है जब उस पर ध्यान बराबर बना रहे। बदलाव का विजन भी स्पष्ट होना चाहिये।

विशेषज्ञों में यह सोच पनप रही है कि शहरों का विशेष प्रबन्धन योजना हो, जिसमें स्थानीय वजहों के ध्यान में लाकर योजना बनायी जाये। योजना में प्राथमिकता हरित स्थान वाटर बाडीज, गर्मी बढ़ाने वाली गाड़ियां उद्योग, कान्करीट की सतहों को मिलनी चाहिये जिसमें हरित स्थान और वाटरबाडीज को बढावा मिलनी चाहिये। उदाहरण के लिये अहमदाबाद का कूल प्ररूफप्रोग्राम की मदद लिया जाना उचित और प्रभावकारी होगा। यह अफोर्डयेबल हल नगरीय हीट आइलेन्ड के असर से बचाने के लिये बताता है। हीट अफेक्ट से बचाने के लिये कुछ फौरी प्लान तो रहे और लागू होते रहे पर लांगटर्म योजना ही इससे तस्कीन लायक राहत दिला दिल सकती है। आने वाली पीढ़ियों के लिये हमें काम तेजी से प्रभावकारी बनाया जाना लक्ष होना चाहिये। सिर्फ कोर स्वप्न न देखा जाय जमीनी हकीकत को अमली जामा पहनाया जाये।

पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनजम की प्रक्रिया बन गयी है। 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी।

बंगाल में राज्य प्रायोजित हिंसा एक बदनुमा दाग

ललित गर्ग

लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर पश्चिम बंगाल में हिंसा का बढ़ना, लोगों में डर पैदा होना, भय का वातावरण बनना, आम जनजीवन का अनहोनी होने की आशंकाओं से घिरा होना चिंताजनक भी है और राष्ट्रीय शर्म का विषय भी है। यही वजह है कि कलकत्ता हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने की मांग की गई है। याचिका में मांग की गई है कि पुलिस को निर्देश दिए जाएं कि वे विपक्षी कार्यकर्ताओं को हिंसा से बचाने के लिए सुरक्षा दें। पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव बाद की हिंसा पर दायर याचिका की सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट ने गंभीर चिंता जताई एवं ममता बनर्जी सरकार को कड़ी फटकार लगाई। चुनाव के बाद एवं लोकसभा चुनाव के प्रचार दौरान तृणमूल कांग्रेस ने व्यापक हिंसा, आतंक एवं अराजकता का माहौल बनाया। तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं पर जिस तरह के हिंसक हमले कर रहे हैं, वह लोकतंत्र पर एक बदनुमा दाग है। ममता बनर्जी ने चुनाव के महापर्व को हिंसक बना दिया था, उसने एवं उसके कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ताओं से, हिन्दुओं से, हिन्दू मन्दिरों-भगवानों-संतों एवं हिन्दू पर्वो से नफरत का बिगुल हर मोड़ पर बजाया है। बंगाल में राजनीतिक हिंसा का सिलसिला चुनाव के पहले ही कायम हो गया था। राज्य में हिंसा की अनेक घटनाएं चुनाव के दौरान भी देखने को मिलीं और अब चुनाव समाप्त हो जाने के बाद भी देखने को मिल रही हैं, जिनमें ग्यारह लोगों की मौत होना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसका सीधा अर्थ है कि यह हिंसा तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रही है। हैरानी नहीं कि अराजक तत्वों को बंगाल पुलिस का मौन समर्थन हासिल हो। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने 'आतंक का राज' फैला दिया है।

तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता विरोधी दलों और विशेष रूप से भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को निशाना बना रहे हैं। ऐसा तब हो रहा है, जब चुनाव आयोग के निर्देश पर बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती 19 जून तक बढ़ा दी गई है। ऐसा चुनाव बाद हिंसा की प्रबल आशंका को देखते हुए किया गया था। यह आश्चर्यजनक है कि बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की चार सौ कंपनियां तैनात हैं और फिर भी वहां व्यापक हिंसा हो रही है। इससे सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस हिंसा को कितने नियोजित ढंग से अंजाम दे रही है। इस हिंसा एवं अराजकता के बढ़ने के प्रबल आसार इसलिए हैं, क्योंकि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान भी बड़े पैमाने पर जो हिंसा हुई थी, लोकसभा चुनाव में भी हिंसा हुई, पूर्व के अन्य चुनावों में भी हिंसा का बोलबाला रहा है। ऐसी स्थितियों में बंगाल में लोकतंत्र की भावना एवं मर्यादा का खुला हनन हो रहा है। इतनी व्यापक हिंसा बंगाल पुलिस के मूकदर्शक बने रहने एवं उसके सहयोग के बिना

अंसभव है। इसी के चलते तमाम भाजपा कार्यकर्ता और उसके समर्थकों की हत्या की गई थी। पूर्व की हिंसा एवं आतंक के समय ऐसा माहौल बनाया गया था कि कई लोगों को अपना घर-बार छोड़कर पलायन करते हुए पड़ोसी राज्य असम में शरण लेनी पड़ी थी। इन जटिल होती स्थितियों को देखते हुए न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है, जो एक लोकतांत्रिक सरकार के लिये लज्जाजनक है। पश्चिमी बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारुढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान, न्यायपालिका एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी एवं तानाशाही का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनजम की प्रक्रिया बन गयी है। 2021 में विधानसभा चुनाव के बाद हुई हिंसा का संज्ञान लेते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सीबीआइ को हिंसक घटनाओं की जांच करने को कहा था। इस जांच के दौरान तृणमूल कांग्रेस के अनेक नेताओं को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन ऐसा लगता है कि यह कार्रवाई भी तृणमूल कांग्रेस के अराजक तत्वों के दुस्साहस का दमन नहीं कर सकी। इसका प्रमाण 2023 में पंचायत चुनाव के दौरान हुई भीषण हिंसा से मिला था, जिसमें 40 से अधिक लोगों की जान गई थी। इस लोकसभा चुनाव में भी हिंसा के चलते कई लोगों की जान जा चुकी है। यह ठीक है कि चुनाव बाद हिंसा पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए यहां तक कहा कि यदि राज्य सरकार हिंसा पर लगाम नहीं लगा सकती तो केंद्रीय सुरक्षा बलों को बंगाल में पांच साल तक तैनात करने का आदेश देना पड़ सकता है। उच्च न्यायालय की इस कठोर टिप्पणी के बाद भी ममता सरकार की सेहत पर शायद ही कोई असर पड़े, क्योंकि वह सारा दोष विरोधी दलों पर मढ़ देती है। वास्तव में जब तक बंगाल में हिंसा के लिए ममता सरकार को सीधे तौर पर जिम्मेदार नहीं ठहराया जाएगा, तब तक राज्य के हालात सुधरने वाले नहीं हैं।

ममता वोट बैंक की राजनीति के लिये कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था की धज्जियां बार-बार उड़ाती रही है। ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज किया है, कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिमी बंगाल में हुआ है उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्यों में हुआ हो। चुनावों में जितनी हिंसा बंगाल में हुई, उतनी अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिली। बंगाल का लोकतंत्र तानाशाही मानसिकता से गुजर रहा है। इन स्थितियों से तो यही लगता है कि राजनीतिक वोट बैंक के लिए ममता संविधान एवं सुरक्षा-व्यवस्था की जितनी अवमानना कर सकती है, उसने की है और आगे भी वह करती रहेगी। चुनावों में ऐसी हिंसक एवं विडम्बनापूर्ण स्थितियां लोकतंत्र पर एक धुंधलका है, जिस पर नियंत्रण जरूरी है।

लोकसभा चुनाव में जिन राज्यों के परिणामों ने पूरे देश को चौंकाया है उनमें पश्चिम बंगाल भी शुमार है। पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम इसलिये भी आश्चर्य में डाल रहे हैं कि वहां तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ व्यापक नाराजगी थी, ममता सरकार के कई मंत्रियों और विधायकों पर घोटाले के आरोप लगे थे, संदेशखाली की महिलाओं पर हुआ अत्याचार देश भर में बड़ा मुद्दा बन गया था, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के इर्दगिर्द ईडी का शिकंजा कसा हुआ था, ममता बनर्जी को सनातन विरोधी बताया जा रहा था, तृणमूल कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने चुनावों से ऐन पहले पाला बदल लिया था, तृणमूल कांग्रेस पर हिंसक एवं अराजक होने का तगमा लगा था, बावजूद ममता जीती। देखा जाये तो ममता बनर्जी की छवि जुझारू एवं कद्दावर नेता की रही है और वह अपनी पार्टी को जिताने के लिए जी-जान लगा देती हैं। चुनाव प्रचार के दौरान खुद पर होने वाले राजनीतिक हमलों को वह अपने पक्ष में मोड़ लेने में माहिर हैं। इसके अलावा, इंडिया गठबंधन के तमाम नेताओं ने विभिन्न राज्यों में सीटों का बंटवारा कर आपस में समन्वय बनाकर चुनाव लड़ा लेकिन ममता बनर्जी ने बंगाल में अकेले ही सारी चुनौती झेली। वह अपने बलबूते चुनाव जीतने का माद्दा रखती है तो फिर हिंसा का सहारा क्यों लेती है? अराजकता फैलाकर अपने ही शासन को क्यों दागदार बनाती है? क्यों अपने प्रांत की जनता को डराती है, भयभीत करती है?

सिंगल विचारधारा बनाम बैसाखियों के सहारे से नेतृत्व

किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नज़रें भारत परदिनांक 4 जून 2024 को देर रात्रि तक टिकी रही जो 5 जून 2024 सुबह तक पूरी तस्वीर साफ हो गई कि एनडीए की अगुवाई में ही सरकार बनना तय है,जिसकी सटीकता पर मोहर देर शाम संपन्न हुई एनडीए घटक दलों की बैठक में सर्वसम्मति से माननीय नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना तो पूरी दुनियां ने देखा कि पीएम बनने का दरवाजा खुला और पूरी दुनियां के बड़े से बड़े और पूर्ण विकसित से विकासशील देशों तक लंबी श्रृंखला से राष्ट्राध्यक्षों की बढ़ी बधाईयों का तांता लग गया, जो रेखांकित करने वाली बात है, क्योंकि सत्ता की हैट्रिक लगाना आजाद भारत में दूसरी बार हो रहा है, क्योंकि,उनसे पहले ऐसा सिर्फ एक बार हुआ है, जब ब्रितानी शासन से आज़ादी हासिल करने के बाद जवाहरलाल नेहरू 16 साल तक आज़ाद भारत के प्रधानमंत्री रहे थे। लेकिन मोदी की जीत में उनकी पार्टी की 63 सीटों पर हुई हार भी शामिल है। अपने बल पर सरकार ना बना पाने की सूरत में वो अपने सहयोगी दलों पर पूरी तरह आश्रित हैं। अपने लंबे राजनीतिक करियर में नरेंद्र मोदी ने कभी गठबंधन सरकार का नेतृत्व नहीं किया है, ना हीं बतौर मुख्यमंत्री गुजरात में, और ना ही पिछले दो कार्यकाल में केंद्र में। दूसरी तरफ़, कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को उम्मीद से ज़्यादा सीटें मिली हैं।मज़बूत विपक्ष के सामने बीजेपी की स्थिति के मद्देनज़र मोदी के लिए पार्टी के अंदर और सरकार चलाने में स्थायित्व बनाए रखना एक चुनौती होंगी, चूंकि एनडीए ने सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया है। 7 जून को सांसदों की बैठक होगी और 8 जून 2024 को पीएम के शपथ ग्रहण होने की संभावना है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, ग़ज़ब का नेतृत्वकर्ता नरेंद्र मोदी ने सीएम व दो बार पीएम बतौर कभी बैसाखी गठबंधन सरकार का नेतृत्व नहीं किया, इसलिए मजबूत विपक्ष के सामने सरकार चलाने में स्थायित्व रखना चुनौतीपूर्ण है।

साथियों बात अगर हम 18वीं लोकसभा में सरकार बनाने के लिए एनडीए को बहुमत मिलनें की करें तो,लोकसभा चुनाव में मंगलवार को नतीजे आए हैं। बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने 292 सीटों पर जीत दर्ज की और बहुमत हासिल किया है। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक ने 234 सीटें हासिल की हैं। बीजेपी ने अकेले 240 सीटों पर जीत हासिल की है। ऐसे में वो बहुमत के आंकड़े (272) से काफी पीछे रह गई है। 2014 के चुनाव में बीजेपी ने मोदी की अगुआई में 282 और 2019 चुनाव में 303 सीटें जीतकर अकेले दम पर बहुमत हासिल किया था। हालांकि, इस बार सहयोगी दलों को मिलाकर एनडीए बहुमत हासिल कर पाया है। 17वीं लोकसभा का 16 जून को समाप्त हो रहा है कार्यकाल, इससे पहले पीएम आवास पर केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई पीएम ने लोकसभा चुनाव के नतीजों और एनडीए के बहुमत हासिल करने के बाद संभावित सरकार गठन के बारे में बातचीत की। यह मोदी 2.0 की कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की आखिरी बैठक थी। कैबिनेट मौजूदा लोकसभा को भंग करने की भी सिफारिश की।

साथियों बात अगर हम पीएम का शपथ ग्रहण समारोह 8 जून 2024 को होने की संभावना की करें तो, इस बार चुनावी रिज़ल्ट 4 दिन बाद शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है, बता दें कि 2019 के नतीजों के 7 दिन बाद पीएम पद का शपथ ग्रहण समारोह समारोह आयोजित हुआ था2014 में जब एनडीए सरकार बनी थी तब 10 दिन बाद मोदी ने पीएम पद की शपथ ग्रहण की थी। इस बार नतीजे आने के बाद 4 दिन बाद यानी 8 जून को शपथ ग्रहण की तैयारी होने की खबर है, बताया जा रहा है कि मोदीजी 8 जून, 2024 को सायंकाल में पीएम पद की तीसरी बार शपथ लेंगे।पीएम ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि दिन शनिवार को आर्द्रा नक्षत्र में प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। शनिवार को ही सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र सेनिकलकर मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे जिसकी वजह से सरकार और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। माना जाता है कि शपथ ग्रहण करने का दिन चतुर्थ, नवम, चतुर्दशी,अमावस्या या पूर्णिमा पर नहीं होना चाहिए. इन तिथियों को अच्छा नहीं कहा जाता है। नक्षत्रों में रोहिणीमृगशिरा पुष्य, अनुराधा ज्येष्ठा, उत्तराषाढ़ा श्रवण, उत्तराभाद्रपद, रेवती और अश्विनी नक्षत्र को बेहद शुभ माना जाता है। इन नक्षत्रों में शपथ लेना लाभकारी होता है। ज्योतिष के अनुसार, राजनेता अगर सोमवार, बुधवार, गुरुवार या शुक्रवार के दिन शपथ लेते हैं तो उनके कार्यकाल में परेशानियां कमआती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

भारतीय पत्रकारिता : सवाल निष्पक्षता का

पंजाब में ज़ी मीडिया ग्रुप पर लगे प्रतिबंध के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि इस न्यूज़ चैनल ने चुनावी संग्राम के मध्य जितनी तत्परता से राज्य के मान सरकार के मंत्री बलकार सिंह की अश्लील विडिओ के प्रसारण में इतनी दिलचस्पी ली, क्या देश का सबसे बड़ा यौन शोषण और इतिहास का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल कहे जाने वाले जनता दल यूनाइटेड के नेता प्रज्वल रेवन्ना से सम्बंधित ख़बरों को भी इसी तत्परता से प्रसारित करने में ज़ी मीडिया ग्रुप ने दिलचस्पी दिखाई। महिलाओं की इज़्ज़त आबरू से जुड़ी मणिपुर में अनेक घटनायें घटीं क्या देश का सबसे बड़ा न्यूज़ चैनल कहे जाने वाले इस ग्रुप ने उस सच्चाई को इसी तरह प्रसारित किया?

तनवीर जाफ़री

पिछले दिनों 30 मई को जब हमारे देश में पत्रकारिता दिवस की बधाइयों का सिलसिला चल रहा था उस के चंद रोज़ पहले पंजाब से यह ख़बर आई कि ज़ी मीडिया ग्रुप के सभी चैनल्स जिनमें हिंदी, अंग्रेज़ी के साथ पंजाबी जैसी क्षेत्रीय भाषा के चैनल्स भी शामिल हैं, को सरकार द्वारा ब्लैक आउट कर दिया गया है। इस ख़बर के फ़ौरन बाद ही पंजाब की भगवंत मान सरकार ने कोई औपचारिक नोटिफ़िकेशन जारी किये बिना ही 28 मई से राज्य में ज़ी मीडिया ग्रुप से सम्बद्ध सभी चैनल्स के प्रसारण पर रोक लगा दी । ग़ौरतलब है कि ज़ी मीडिया कॉर्पोरेशन लिमिटेड 14 टेलीविज़न समाचार चैनल, 5 डिजिटल समाचार चैनल, 7 समाचार ऐप और 32 डिजिटल प्रॉपर्टी संचालित करता है। ज़ी मीडिया ग्रुप के चैनल्स पर प्रतिबंध लगाने के बारे में कहा जा रहा है कि चूँकि ज़ी न्यूज़ के चैनल्स ने राज्य के मंत्री बलकार सिंह का 21 साल की किसी लड़की के साथ वीडिओ कॉल पर अश्लील हरकतों का आपत्तिजनक वीडियो अपने चैनल पर दिखाया था। जिसके बाद ही मान सरकार ने चैनल पर रोक लगाने का फ़ैसला किया। हालाँकि मंत्री की अश्लील हरकतों वाली करतूत इस चैनल पर प्रसारित होने से पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी थी। परन्तु भगवंत मान सरकार ने ज़ी मीडिया ग्रुप के पक्षपात पूर्ण प्रसारण के चलते उस पर प्रतिबंध लगाकर ही अपना ग़ुस्सा उतारना मुनासिब समझा। निष्पक्ष पत्रकारिता का दायित्व निभाने वाले किसी भी मीडिया चैनल को प्रतिबंधित या उसे ब्लैक आउट करना निःसंदेह मीडिया की आज़ादी पर प्रहार ही कहा जायेगा। और किसी भी सरकार द्वारा सत्ता का दुरुपयोग कर ऐसा किया जाना निश्चित रूप से लोकतंत्र के लिये ख़तरे के रूप में देखा जाना चाहिए। इसके पहले भी राज्य की भगवंत मान सरकार बादल परिवार के स्वामित्व वाले पीटीसी न्यूज़ चैनल तथा पंजाब के प्रतिष्ठित मीडिया समूह अजीत प्रकाशन समूह के अख़बारों के साथ 'दुर्भावनापूर्ण' व्यवहार कर चुकी है।

परन्तु पंजाब में ज़ी मीडिया ग्रुप पर लगे प्रतिबंध के बाद एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया है कि इस न्यूज़ चैनल ने चुनावी संग्राम के मध्य जितनी तत्परता से राज्य के मान सरकार के मंत्री बलकार सिंह की अश्लील विडिओ के प्रसारण में इतनी दिलचस्पी ली, क्या देश का सबसे बड़ा यौन शोषण और इतिहास का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल कहे जाने वाले जनता दल यूनाइटेड के नेता प्रज्वल रेवन्ना से सम्बंधित ख़बरों को भी इसी तत्परता से प्रसारित करने में ज़ी मीडिया ग्रुप ने दिलचस्पी दिखाई। महिलाओं की इज़्ज़त आबरू से जुड़ी मणिपुर में अनेक घटनायें घटीं क्या देश का सबसे बड़ा न्यूज़ चैनल कहे जाने वाले इस ग्रुप ने उस सच्चाई को इसी तरह प्रसारित किया? और भी देश में अनेकानेक ऐसी घटनायें घटीं जिससे न केवल इस ग्रुप के चैनल्स ने बल्कि सत्ता के गुणगान में लगे अनेक चैनल्स ने अपनी आँखें मूँद लीं। इसलिये ऐसे चैनल्स का यह दावा

करना कि वे अपने सरोकारों से पीछे नहीं हटेंगे और जनता से जुड़े मुद्दों को उठाते रहेंगे, कितना सही है?

दरअसल आम जनता ख़ासकर अधिकांश टी वी दर्शक मीडिया घरानों के स्वामित्व को लेकर नावाक़िफ़ हैं। उन्हें नहीं पता कि किस चैनल का स्वामी किस राजनैतिक दल का है या किस दल के समर्थन से संसद सदस्य बना है। उसे नहीं पता कि जो एकमात्र टी वी चैनल पत्रकारिता का वास्तविक दायित्व निभाते हुये सत्ता से सवाल करता रहता था और जनता के वास्तविक मुद्दों को उठाकर सत्ता व सत्ताधीशों को कटघरे में खड़ा करता था उस पर सत्ता के चहेते उद्योगपति मित्र ने नियंत्रण कर लिया है। जनता को बिल्कुल नहीं पता कि इस समय देश के अधिकांश चैनल्स व मीडिया घराने सत्ता की गोद में जा बैठे हैं। यही वजह है कि विश्व की विश्वसनीय समझी जाने वाली बी बी सी न्यूज़ सेवा भी सत्ता को खटकती रहती है। और विपक्षी दलों से सवाल करना और सत्ता का गुणगान करना ही इन्हें भाता है।

1975 में कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने मीडिया पर सेंसरशिप लगाकर पूरे देश के मीडिया का रोष झेला था। परिणामस्वरूप उसे सत्ता गंवानी पड़ी थी। परन्तु वर्तमान दौर में तो सत्ता अलग ही तरीक़े से मीडिया को नियंत्रित कर रही है। अपने उपकारों, पद लोभ, भरपूर विज्ञापनों, व्यवसायिक लाभ, चाटुकारिता से भरपूर साक्षात्कारों के प्रसारण, सत्ता के बजाये विपक्ष से सवाल पूछने जैसे लोकतंत्र व मीडिया के सिद्धांतों के विरुद्ध अपनाये जाने वाले हथकंडों के सहारे सत्ता पर नियंत्रण किया जा रहा है। मीडिया के सरोकारों की बातें करने वाला गोदी मीडिया यह नहीं पूछता कि साहब ने दस वर्षों में एक भी प्रेस कॉन्फ़्रेंस क्यों नहीं की? चाटुकार मीडिया मंहगाई, बेरोज़गारी, चीनी घुसपैठ, मणिपुर, चंद उद्योगपतियों पर ही नज़र-ए-इनायत क्यों, जैसे जनसरोकारों से जुड़े अनेक सवाल सत्ता से पूछने के बजाये हिन्दू मुस्लिम, पाकिस्तान, मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद, मदरसा, जिहाद जैसी विघटनकारी बातों में आम लोगों को उलझाकर और इसके दवरा जनता का ध्यान बांटकर सत्ता के हितों की रक्षा करने में जुटा है। चाटुकार मीडिया ने सत्ता के स्तुतिगान में ही दस साल गुज़ार दिये। क्या यही निष्पक्ष व ज़िम्मेदार पत्रकारिता है?

हम हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस इसलिये मनाते हैं क्योंकि 30 मई 1826 को 'उदन्त मार्तण्ड' नामक एक साप्ताहिक अख़बार कलकत्ता से प्रकाशित किया गया था। क्रूर ब्रिटिश पराधीनता के दौर में भारतवासियों को स्वाधीनता व अपने कर्तव्यों व अधिकारों के प्रति जागरूक करना उस समय का एक चुनौती व जोखिम भरा काम था। परन्तु उस दौर में भी पत्रकारिता की ज़िम्मेदारी निभाते हुये पंडित जुगल किशोर शुक्ल जैसे साहसी पत्रकारों ने इस असंभव कार्य को संभव कर दिखाया। परन्तु आज के पत्रकारिता के स्वयंभू झंडाबरदार अपनी ही सरकार की कमियां निकालने का साहस नहीं जुटा पा रहे? कहीं उपकार वश, कहीं भय वाश कहीं लालचवश तो कहीं व्यावसायिक लाभ के मद्देनज़र? यह आख़िर कैसी पत्रकारिता है? भगवंत मान सरकार द्वारा ज़ी न्यूज़ को प्रतिबंधित करना निश्चित रूप से लोकतान्त्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। यह निंदनीय भी है। परन्तु न केवल ज़ी न्यूज़ बल्कि इनके जैसे सभी चाटुकार मीडिया घरानों को यह मंथन भी ज़रूर करना चाहिये कि क्या वजह है कि इनके पत्रकारों को जगह जगह फ़ज़ीहत उठानी पड़ती है? क्यों प्रायः टीवी की लाइव डिबेट में इन्हें इसी सत्ता चरण वंदना को लेकर अपमान सहना पड़ता है? क्यों इन्हें गोदी मीडिया,चाटुकार मीडिया,दलाल व भांड मीडिया जैसे भद्दे अलंकारों से नवाज़ा जाता है? यदि भगवंत मान सरकार ऐसे चैनल्स पर प्रतिबंध लगाकर लोकतंत्र का गला घोटने की ज़िम्मेदार कही जाएगी तो मीडिया को बदनाम करने व इसे रसातल में ले जाने वाले मीडिया घरानों को भी लोकतंत्र के हत्यारों की सूची से अलग नहीं रखा जा सकता।

मोदी दशक में मुसलमान

हिन्दुत्व जो भारत में राजनीतिक रूप से कभी एक सीमांत विचारधारा थी, अब मुख्यधारा है। इस विचारधारा के मूल में 1923 में प्रकाशित विनायक दामोदर सावरकर द्वारा लिखित पुस्तिका हिन्दुत्व हिन्दू कौन है? में है जिसमें पुण्यभूमि और पितृभूमि सिद्धांत पेश करते हुये बताया गया है कि 'हिंदू ही इस धरती के सच्चे पुत्र हैं क्योंकि उनकी पवित्र भूमि भारत में है, जबकि ईसाई और मुस्लिमों की पवित्र भूमि इसके बाहर है।' आज भी सावरकर की यही थ्योरी हिन्दू राष्ट्रवादियों को संचालित करती है जो हम उनके नारों और व्यवहार में देख सकते हैं।

जावेद अनीस

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी का घर है। साल 2014 में बहुसंख्यकवादी भारतीय जनता पार्टी के पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आने के बाद से भारत के मुसलमानों की यात्रा उथल-पुथल भरी रही है। इस दौरान देश में एक नागरिक के तौर पर उनकी जगह और हैसियत कम हुई है और वे अपने ही वजूद की तलाश में भटकते रहे हैं, यह सब कुछ एक पूर्वनिर्धारित योजना के तहत अंजाम दिया गया है। 2014 से पहले भी मुसलमानों को अक्सर भेदभाव, पूर्वाग्रह और हिंसा का सामना करना पड़ता था लेकिन अब इसका स्वरूप मुख्यधारा का और संस्थागत हो चूका है। भाजपा पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता में है। हमेशा से ही उसकी छवि मुस्लिम विरोधी रही है। लेकिन इस दौरान उसपर यह आरोप और गहरा होता गया है। इन आरोपों के पीछे ठोस वजूहात भी हैं जिनकी जड़ें उसके हिन्दुत्व की मूल विचारधारा में निहित है। पिछले दस सालों के भाजपा के शासनकाल के दौरान मुसलमान लगातार हाशिए पर गए हैं, उनके खिलाफ डर व असुरक्षा का माहौल बना रहा है और वे लगभग दूसरे दर्जे के नागरिक बना दिए गये हैं।

हर क्षेत्र में दूसरा दर्जा : हिन्दुत्व जो भारत में राजनीतिक रूप से कभी एक सीमांत विचारधारा थी, अब मुख्यधारा है। इस विचारधारा के मूल में 1923 में प्रकाशित विनायक दामोदर सावरकर द्वारा लिखित पुस्तिका हिन्दुत्व हिन्दू कौन है? में है जिसमें पुण्यभूमि और पितृभूमि सिद्धांत पेश करते हुये बताया गया है कि 'हिंदू ही इस धरती के सच्चे पुत्र हैं क्योंकि उनकी पवित्र भूमि भारत में है, जबकि ईसाई और मुस्लिमों की पवित्र भूमि इसके बाहर है।' आज भी सावरकर की यही थ्योरी हिन्दू राष्ट्रवादियों को संचालित करती है जो हम उनके नारों और व्यवहार में देख सकते हैं। इस थ्योरी के चलते पिछले दस वर्षों में भारत की मुस्लिम आबादी को बहुत तेजी से हाशिए पर धकेला गया है। इस दौरान ऐसे विवादास्पद नीतियों को आगे बढ़ाया है, जो स्पष्ट रूप से मुसलमानों के अधिकारों की अनदेखी करते हैं और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता को वंचित करने का इरादा रखते हैं।

इस दिशा में दिसंबर 2019 में, संसद में पारित 'नागरिकता संशोधन अधिनियम' एक ऐसा कानून है जो नागरिकता के सवाल पर पहली बार धार्मिक मानदंड लागू करता है और बहुत ही खुले रूप से अपने दायरे से मुसलमानों को बाहर करता है। इसके पीछे मोदी सरकार का तर्क है कि 'यह कानून तीन मुस्लिम बहुल पडोसी मुल्कों पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में उत्पीड़न का सामना करने वाले कमजोर धार्मिक अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है जिसमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं।' इस दौरान

मुसलमानों को दंडित करने के लिए संविधान और न्यायालय से इतर एक प्रणाली विकसित की गयी है जिसे बुलडोजर न्याय कहा जाता है, इसके तहत बिना किसी उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुये मुस्लिम नागरिकों की संपत्तियों जिसमें उनकी घर और आजीविका दोनों शामिल हैं को निशाना बनाया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया बहुत अन्यायपूर्ण, गैरकानूनी और भेदभावपूर्ण है और एक प्रकार से कानूनी बहिष्करण है।

पिछले एक दशक के दौरान मुस्लिम समुदाय राजनीतिक रूप से और हाशिये पर गया है साथ ही देश के संसद और राज्यों के विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व भी कम हुआ है। मुसलमान राजनीतिक रूप से लगभग अछूत बना दिए गये हैं और राजनीतिक दलों द्वारा उनके मसलों पर बात करने को राजनीतिक नुकसान के तौर पर देखा जाने लगा है। अब भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक दल भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारने में कतराते हैं। यह स्थिति हिन्दुतत्व के विचारधारा की एक बड़ी जीत है और शायद निर्णायक भी।

ध्रुवीकरण के औजार : भारतीय मुसलमान हमेशा से ही दक्षिणपंथियों के लिए ध्रुवीकरण के प्रमुख औजार की तरह रहे हैं। 2014 के बाद इस काम के लिए सत्ता प्रतिष्ठानों का उपयोग भी किया जाने लगा है। इसका अभी तक का सबसे बेहतर उपयोग भाजपा के वर्तमान शीर्ष नेतृत्व द्वारा किया गया है और इसमें भी सबसे बड़ा नाम नरेंद्र मोदी का है। चुनाव जीतने के कई तरीके हो सकते हैं जिसमें सबसे लेकिन खतरनाक तरीका नागरिकों को हम और वे के खाके में बांट कर डर की राजनीती से चुनाव लड़ना है, वे अपने चुनावी अभियानों में यही करते हुये दिखलाई पड़ते हैं, कभी नेपथ्य से तो कभी खुले रूप से। 2024 के लोकसभा के अपने चुनावी अभियान में वे यह डर फैलाने की कोशिश करते हैं कि विपक्ष के सत्ता में आने पर बहुसंख्यक हिन्दुओं की संपत्ति को छीन कर ज्यादा बच्चे वालों को और घुसपैठियों को दी जाएगी। यहां यह समझना जरूरी है कि मोदी द्वारा अपने देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक के खिलाफ ऐसी बात करना सिर्फ चुनावी अभियान तक सीमित नहीं है बल्कि यही उनका राजनीतिक विजन है।

इसी कड़ी में लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइज़री काउंसिल द्वारा भारत की जनसंख्या में अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी पर एक वर्किंग पेपर जारी किया जिसकी टाइमिंग और मंशा पर सवाल है। इस वर्किंग पेपर के आधार पर दो नैरेटिव पेश करने की कोशिश की गयी है, पहला यह कि 1950 से लेकर 2015 के बीच हिन्दुओं के मुकाबले मुसलमानों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ी है और दूसरा मुसलामानों की बढ़ी हुई आबादी यह साबित करती है कि भारत में अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं बल्कि फल-फूल रहे हैं। यह रिपोर्ट मुसलामानों की बढ़ती आबादी को लेकर उस पुराने दुष्प्रचार अभियान को मजबूत करने की कोशिश करती है जो संघ परिवार का पुराना अभियान रहा है। इस रिपोर्ट में आंकड़ों के वैज्ञानिक विश्लेषण के सभी मानकों का उल्लंघन किया गया है।

बांटो और बहिष्कृत करो की नीति : बांटो और राज करो की नीति की पुरानी पड़ चुकी। पिछले एक दशक के दौरान बांटो और बहिष्कृत करो की नीति अपनाई गई है जिसमें मुसलमानों को 'दलितों','पिछड़ों' के साथ साथ खुद मुसलमानों को आंतरिक रूप से विभाजित करने की कोशिशें की गई हैं। हम इसे हिन्दुत्वादियों की सोशल इंजीनियरिंग भी कह सकते हैं। इसलिए 23 अप्रैल 2024 के दिन राजस्थान के टोंक में जब नरेंद्र मोदी अपने एक चुनावी रैली के दौरान यह कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी दलितों और पिछड़ों का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है। तो उनकी मंशा पर ध्यान देना जरूरी हो जाता है, दरअसल ऐसा करते हुये वे मंडल की राजनीति पर प्रहार कर रहे होते हैं जिसके कोर में दलित, आदिवासी और पिछड़ों के साथ मुसलमान शामिल रहे हैं। पिछले एक दशक के दौरान हिन्दुत्ववादी राजनीति इस कोर को भेदने में काफी हद तक कामयाब रही है।

कांग्रेस मुख्यालय पर अजय राय का जोरदार स्वागत

प्रधानमंत्री की जीत का अंतर कम हो गया है जो उनकी नैतिक क्षति है : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में वाराणसी से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। श्री राय के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जीत का अंतर कम करने और प्रदेश में भाजपा को हराने की खुशी में पटाखे फोड़े गये। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की जीत का अंतर कम हो गया है जो उनकी नैतिक क्षति है। श्री राय ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन को स्वाभाविक बताते हुए कहा कि प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव में भी गठबंधन जारी रहेगा, जिससे प्रदेश से भाजपा को उखाड़ फेंका जा सके। इस मौके पर पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद आज हमारी पहली बैठक हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों, नेताओं व उम्मीदवारों के साथ समीक्षा की गयी। उन्होंने गठबंधन के सहयोगी दल समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया। श्री पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटों पर मैं व्यक्तिगत रूप से पहुंचा और संगठन के सहयोगी दलों ने गंभीरता के साथ प्रदेश में साथ दिया और जमीन पर खूब मेहनत की, जिसके परिणाम सामने हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की पदयात्रा के बाद देश की जनता नए सिरे से सोचने पर मजबूर हो गयी। राहुल गांधी की मेहनत को देश की जनता ने सहयोग दिया, जिसके हम आभारी हैं। श्री पाण्डेय ने पार्टी के पदाधिकारियों और प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया, जिसने अपना पूरा सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि कम संसाधनों के बावजूद हमारे कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिससे प्रदेश में एक नया बदलाव आया है। कांग्रेस इस पर लगातार चर्चा कर रही है। प्रदेश में जो रुझान देखने को मिला है उसे देख संगठन 2027 की तैयारी में लग गया है। श्री पाण्डेय ने कहा कि भले ही हमारी केन्द्र में सरकार नहीं बनी, लेकिन हमने जनता के लिए बेहतर काम किया और आगे भी इसी तरह संघर्ष करते रहेंगे।

अजय राय ने सपा मुखिया से मुलाकात कर दी बधाई

लखनऊ। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली प्रचण्ड जीत के बाद कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर जीत की मुबारकबाद और प्रदेश में सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। श्री पाण्डेय ने कांग्रेस सचिव व प्रदेश सहप्रभारी धीरज गुर्जर, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना के साथ श्री यादव के विक्रमादित्य मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान श्री पाण्डेय ने प्रदेश में सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए चुनाव में मिली शानदार जीत की बधाई दी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व एमएलसी उदयवीर सिंह मौजूद थे।

गुरुजी होंगे अब ऑनलाइन हाजिरी के लिए बीएसए आफिस को मिले सिम

मथुरा। बेसिक शिक्षा विभाग में परिषदीय विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए टैबलेट को चालू करने के लिए सिम कार्ड आ गए हैं। इन्हें खंड शिक्षा अधिकारियों (बीईओ) के माध्यम से विद्यालयों को दिया जाएगा, ताकि ऑनलाइन हाजिरी समेत डिजिटलाइजेशन का काम पटरी पर आ सके। जिलास्तर पर खरीदे गए सिम कार्ड बीएसए सुनील दत्त द्वारा जनपद के सभी बीईओ को दे दिए गए है जिससे स्कूल खुलते ही वो सिम स्कूलों तक पहुंच सकें। बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि अभी जनपद के 2463 शिक्षकों को टेबलेट मिले हैं उनके लिए एयरटेल 5 जी प्लस सिम खरीद लिए गए हैं। सिम में 70 जीबी का डाटा दिया गया है। इसके अलावा हर माह इसका रिचार्ज शासन द्वारा कराया जाएगा। शिक्षकों को अपनी जेब से कोई खर्चा नहीं उठाना पड़ेगा। बीएसए ने बताया कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से ही कार्य करना होगा।

स्टॉक मार्केट शेयरों के उतार-चढ़ाव के घोटाले की संयुक्त समिति से हो जांच: प्रमोद तिवारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने स्टॉक मार्केट शेयरों के उतार-चढ़ाव में 30 लाख करोड़ रुपये घोटाले के आरोपों की जांच संयुक्त संसदीय समिति से कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि आने वाले संसद सत्र में इस प्रकरण को पूरी ताकत के साथ उठाया जाएगा। श्री तिवारी ने कहा कि 1 जून को एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी और एनडीए को लगभग 400 सीटें मिलने की संभावना जताई गयी थी। चुनाव परिणाम एग्जिट पोल की घोषणा के अनुरूप खरे नहीं उतरे और इसके बाद स्टॉक मार्केट शेयर बाजार में 30 लाख करोड़ रुपये निवेशकों के डूब गये। सर्वविदित व सत्य है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने शेयर बाजार से शेयर खरीदने की वकालत की थी या नहीं इसकी भी जांच हो, क्योंकि 30 लाख करोड़ की हेराफेरी एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। उन्होंने भाजपा नेता पीयूष गोयल के बयान कि इसमें विदेशी निवेशकों को घाटा हुआ की भी जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं देश के कुछ लोगों ने शेल कम्पनियां बना कालेधन का इन्वेस्टमेण्ट तो नहीं किया। 30 लाख करोड़ रुपये के इस शेयर घोटाले की उच्चस्तरीय जांच हो ताकि सच्चाई देश के सामने आ सके। इसी के साथ उन्होंने अयोध्या में भाजपा उम्मीदवार लल्लू सिंह की हार के बाद से भाजपा के कुछ लोगों पर सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से अयोध्या के लोगों को दी जा रही गालियों को श्रीराम के वंशजों का अपमान बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या के लोग भगवान श्रीराम के वंशज हैं और उन्होंने लोकतांत्रिक ढंग से भाजपा उम्मीदवार को हराया, क्योंकि भाजपा ने श्रीराम का राजनीतिकरण कर नवनिर्मित अधूरे मंदिर में श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर उसे चुनावी मुद्दा बनाया। इससे अयोध्या के लोग दुखी थे। श्रीराम को चुनावी मुद्दा बना नारा लगाया जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे। श्रीराम अवतरित हुए थे, उन्हें लाने की क्षमता किसमें है। श्री तिवारी ने कहा कि हम भगवान श्रीराम के पुजारी हैं और भाजपा श्रीराम की व्यापारी है। अयोध्या के चुनाव परिणाम से साबित हो गया है कि भाजपा की श्रद्धा भगवान राम में नहीं बल्कि उनकी श्रद्धा श्रीराम के नाम का सहारा ले सत्ता हासिल करने में है। अब अयोध्या की हार से भाजपा भगवान श्रीराम के प्रति अनास्था और अपमान पर उतर आयी है।

अजय राय की अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार प्रदेश कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी और लोकसभा उम्मीदवारों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों, नवनिर्वाचित सांसदों व लोकसभा उम्मीदवारों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस महासचिव अविनाश पाण्डेय ने प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मिली जीत प्रदेश की महान जनता और गठबंधन के घटक दलों के कर्मठ और जुझारु कार्यकर्ताओं को समर्पित की। उन्होंने कहा कि हमें इस जीत को पहला कदम मानते हुए आगे की तैयारियां जारी रखना हैं और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना है। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों की ओर से कुल 9 प्रस्ताव पारित किये गये। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गठबंधन को मिली जीत के लिए कांग्रेस और गठबंधन दलों के नेताओं व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में संविधान की रक्षा के संघर्ष का संकल्प दोहराया, जातिगत जनगणना कराने और आबादी के अनुपात में भागीदारी देने, संगठन में युवा, महिला और वंचित समाज को भागीदारी देने, एग्जिट पोल शेयर मार्केट घोटाले की जांच, पांच न्याय के लिए संघर्ष की प्रतिबद्धता, प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग, किसानों की सब्सिडी बहाल करने और अग्निवीर योजना को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में राष्ट्रीय सचिव सहप्रभारी धीरज गुर्जर, सत्यनारायण पटेल, नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना, नवनिर्वाचित सांसद उज्ज्वल रमण सिंह, राकेश राठौर, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, रवि प्रकाश वर्मा, कुंवर दानिश अली, प्रदीप माथुर, नसीमुद्दीन सिद्दीकी सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

तंत्र मंत्र के चक्कर में बली देने को की थी नवजात शिशु की चोरी

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जिला अस्पताल से चार दिन पूर्व नवजात शिशु की चोरी के मामले में अब अजब खेल की गजब कहानी उभर कर सामने आई है। नवजात शिशु की बरामदगी के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपित एवं उसके दो अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपितों से हुई पूछताछ में यह बात सामने आई है कि तंत्र मंत्र से लिंग बदलने के चक्कर में यह गिरोह एक नवजात बालिका की बलि दे चुका है और मृत नवजात के माता-पिता को शांत करने के लिए बीते दिनों बिलरियागंज क्षेत्र के पटवध बाजार में घर के बाहर दादी और बुआ के बीच सोए आठ माह के मासूम बालक की चोरी कर चुका है। भला हो मृत नवजात के माता-पिता का जिन्होंने चुराए गए बच्चे को अपनाने से इंकार कर दिया और उसे चुराने वाले दूसरे दिन उस बच्चे को उसके परिवार वालों को नई कहानी गढ़ बालक को उन्हें सौंप कर भाग निकले। पकड़े गए लोगों में एक अन्य महिला भी शामिल है। सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जिला महिला अस्पताल में बीते तीन जून की देर रात नवजात शिशु चोरी की घटना प्रकाश में आई। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर में अस्पताल से बच्चा चुरा कर निकल रहे लोगों की पहचान किसी तरह संभव हुई और पुलिस ने कंधरापुर क्षेत्र के मातनपुर गांव निवासी हंसराज के घर छापेमारी कर चोरी गए नवजात को बरामद कर लिया। इस मामले में हंसराज की पुत्री सरोज की गिरफ्तारी की गई। सरोज से पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि उसके पुरुष मित्र सूरज कुमार उर्फ पप्पू को खेल प्रशिक्षक की नौकरी के लिए तीन लाख रुपये की जरूरत थी जिसकी पूर्ति के लिए बच्चा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस वारदात में सूरज उर्फपप्पू के साथ ही जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के गड़ौरा मझौरा ग्राम निवासी मनोज कुमार एवं रौनापार क्षेत्र के बेगपुर निवासी संगीता की संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने मुख्य आरोपित सूरज कुमार उर्फ पप्पू एवं संगीता को गुरुवार को दिन में शहर के राजघाट श्मशान तिराहे से पकड़ा तथा सूरज के बताने पर एक अन्य सहयोगी मनोज कुमार की गिरफ्तारी देर रात पवई थाना क्षेत्र के बलुआ मोड़ से की गई। पुलिसिया पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों से जो जानकारी मिली उसे सुनकर पुलिस भी चौंक गई। नवजात की बरामदगी के दौरान पकड़ी गई सरोज की बहन संगीता पीएचसी पवई में कार्यरत है। उसने तंत्र- मंत्र के जरिये किसी भी लड़की को लड़का बनाने की योजना बनाकर पैसा ऐंठने की तरकीब सोची। संगीता ने अपने साथ काम करने वाले मनोज राम जिसकी दो लड़कियां थीं, उसकी होने वाली सन्तान को तंत्र- मंत्र से लड़का बनाने की बात कही तो पुत्र की चाह में मनोज राम तैयार हो गया। संगीता मनोज राम की गर्भवती पत्नी रेनू देवी को झूठे तंत्र मंत्र के जरिये लड़का होने का दिलासा देती रही परन्तु उसे लड़की पैदा हुई। यह बात मनोज राम को बर्दाश्त नहीं हुई तो संगीता द्वारा मनोज राम से कहा गया कि यदि यह लड़की मार दी जाये तो उसे लड़का बनाया जा सकता है। उसकी बातों में आकर मनोज राम ने अपनी 15 दिन की नवजात पुत्री को अपने पवई स्थित सरकारी आवास में जान से मार डाला। इसके बाद मनोज राम ने उस नवजात बच्ची के बदले लड़का बनाने की बात कहने लगा तो संगीता ने अपनी बहन सरोज और उसके पुरुष मित्र सूरज को अपने जाल में फंसाया। सूरज कुमार ने 29 मई की रात्रि में बिलरियागंज के पटवध बाजार घर के बाहर दादी और बुआ के बीच सोए युग नामक आठ माह के बच्चे को चुराकर उसे मनोज राम को सौंपते हुए बताया गया कि तुम्हारी बच्ची को तंत्र- मंत्र से लड़का बना दिया गया है। मनोज राम ने बच्चे की उम्र ज्यादा होने की बात कहकर बच्चा लेने से इंकार कर दिया। तब सूरज ने उक्त बच्चे को लेकर पटवध बाजार गया और बच्चे को रास्ते में मिलने की बात कहकर उसके घर वालों को सौंप दिया। उधर मनोज राम द्वारा दबाव बनाने पर सूरज ने सरोज व संगीता के सहयोग से योजना बनाकर जिला महिला चिकित्सालय से नवजात शिशु की चोरी कर सरोज के घर पर पहले से मौजूद मनोज राम व उसकी पत्नी रेनू देवी को दिया। लाचार दंपती को बताया गया कि आपकी बच्ची को तंत्र- मंत्र से जीवित कर दिया गया है। मनोज राम व उनकी पत्नी रेनू देवी ने बच्चे को देखा तो बच्चा लड़की होने की जानकारी होने पर मनोज राम व उनकी पत्नी रेनू ने बच्ची को लेने से मना कर दिया। सारी सच्चाई सामने आने के बाद इस मामले में सभी आरोपितों के खिलाफ नवजात शिशु की हत्या एवं दो बच्चों की चोरी का अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस ने पकड़े गए लोगों की निशानदेही पर तंत्र- मंत्र में प्रयुक्त सामग्री, फावड़ा तथा अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

गंगा दशहरा पर यमुना में छोड़ा जाए शुद्ध जल

मथुरा। आगामी 16 जून को होने वाले गंगा दशहरा पर्व की व्यवस्थाओं के संबंध में माथुर चतुर्वेद परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन आज जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह को दिया। शुक्रवार को श्री माथुर चतुर्वेद परिषद के महामंत्री राकेश तिवारी एडवोकेट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह से उनके कार्यालय में मिला और 16 जून को होने वाले गंगा दशहरा की तैयारी के संबंध में ज्ञापन सौपा। जिसमें परिषद की मांग थी कि सर्वप्रथम यमुना में शुद्ध जल छुड़वाया जाये, यमुना में से सिल्ट उठाई जाए, घाटों पर हो रही भीषण गंदगी हटवाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि दशहरा से पूर्व महिलाओं के वस्त्र बदलने की व्यवस्था, यात्रियों के लिए प्राथमिक चिकित्सा और विद्युत आपूर्ति निरंतर रूप से रहे और साफ सफाई व्यवस्था सुचारू रहे इन सभी व्यवस्थाओं को लेकर ज्ञापन दिया गया ज्ञापन देने वाला में संजय एल्पलाइन, संजीव चतुर्वेदी एडवोकेट, गोपाल चतुर्वेदी एडवोकेट, रिंकू शर्मा, आदित्य चौधरी आदि मौजूद थे।

यूनानी चिकित्सा सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. मनीष तो उपाध्यक्ष बनी उपाध्यक्ष

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जनपद में शुक्रवार को राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय नगर प्रांतीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ लखनऊ शाखा जनपद आजमगढ़ का द्विवार्षिक कार्यकारणी का चुनाव प्रान्तीय निर्वाचन अधिकारी डॉ. उदयभान यादव उपमहासचिव आयुर्वेद तथा डॉ. तीर्थराज मण्डलीय सचिव मण्डल आजमगढ़ की उपस्थिति एवं देख रेख में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष के रूप में डॉ मनीष, सचिव डॉ जितेंद्र यादव, उपाध्यक्ष डॉ योगेश सिंह कुशवाहा आयुर्वेद, उपाध्यक्ष महिला,डॉ अजीम असरफ यूनानी, उपसचिव डॉ अभिषेक यादव आयुर्वेद, डॉ गरिमा महिला, डॉ फ़िरदौस कौसर यूनानी आय व्ययक निरीक्षक डॉ संजय सिंह कार्यकारणी सदस्य डॉ अजित कुमार राय, डॉ चंद्रशेखर, डॉ मोनिका अग्रवाल, डॉ अरुण कुमार पाण्डेय निर्वाचित घोषित किए गए। निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष डॉ मनीष ने कहा कि हमारी प्राथमिकता चिकित्सा संवर्ग के सभी चिकित्साधिकारियों के हितों की रक्षा करना है। आज मैं जनपद के सभी राजकीय चिकित्साधिकारियों को भरोसा दिलाता हूँ कि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर हमारा संगठन उनकी मदद के लिए सदैव तत्पर रहेगा। सचिव डॉ जितेंद्र यादव ने कहा कि जो जिम्मेदारी हमें दी गई है उसे पूरा करने में हम कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। इस अवसर पर जिले भर के अधिकांश आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सक उपस्थित रहे।

विवाहिता के हत्या आरोपी को मिली 5 वर्ष की सजा

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। विवाहिता की हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपी पति को पत्नी के आत्महत्या करने के लिए उकसावे का दोषी पाया।अदालत ने आरोपी पति को 5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा साढ़े पांच हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 6 संतोष कुमार यादव ने शुक्रवार को सुनाया।अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा शिवचंद कनौजिया निवासी मुंशीपुरा थाना कोतवाली जनपद मऊ की पुत्री रेनू का विवाह जनार्दन उर्फ माठू कनौजिया निवासी ग्राम ढकवा थाना मुबारकपुर के साथ मई 2003 में हुई थी।वादी शिवचंद ने अपने दामाद जनार्दन की नौकरी नगर पालिका मऊ में बतौर सफाई कर्मी लगवा दी थी।जनार्दन अपनी पत्नी रेनू के साथ वादी के मोहल्ले में ही रहता था। जनार्दन आए दिन रेनू को मारता पीटता रहता था। जनार्दन 24 अगस्त 2016 को अपनी पत्नी रेनू को लेकर अपने पैतृक गांव ढकवा थाना मुबारकपुर आ गया ।उसी दिन ग्यारह बजे शिवचंद को सूचना मिली कि रेनू की मौत हो गई है। शिवचंद ने स्थानीय थाना मुबारकपुर में अपने पुत्री की जहर देकर हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद आरोपी पति जनार्दन के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया।अभियोजन पक्षी तरफ से सहायक शासकीय अधिवक्ता श्रीश कुमार चौहान ने कुल छह गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी पति जनार्दन को रेनू के जहर पीकर आत्महत्या करने का दोषी पाया ।अदालत ने जनार्दन को पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा साढे पांच हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ट्रक से हुई टक्कर,बाइक चालक जलकर खाक

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जनपद पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दिन में लगभग 2रू00 बजे पवई थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर दिन में लगभग 2रू00 बजे जा रहे बाइक सवार को ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार बाइक लेकर गिर गया और बाइक में तुरंत आग लग गई जिससे बाइक सवार और बाइक आग का गोला बनकर जलकर खाक हो गए किसी ने इसकी सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डायल 112 और पवई थाना की पुलिस ने फायर ब्रिगेड को बुलवाकर आग बुझाया गया और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया शव और बाइक जल जाने से उसकी पहचान नहीं हो पाई है। मौके से ट्रक

नवीनीकृत बहुउद्देशीय हाल व आदर्श मेस का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। आज पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा पुलिस लाइन में 'नवीनीकृत बहुउद्देशीय हाल व आदर्श मेस का उद्घाटन किया गया। बहुउद्देशीय हाल का सौन्दर्यीकरण किया गया है, जिसमें नई खिड़किया, कुर्सी, स्टेज, आदि का सुविधाओं से लैस है। उक्त हाल में एक साथ लगभग 300 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। बहुउद्देशीय हाल के उद्घाटन के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने नवीनीकृत आदर्श मेस का उद्घाटन किया गया है, जिसमें जवानों के लिए बैठकर खाने की उचित व्यवस्था की गयी है। 'आदर्श मेस में ।ब, ज्ट, पीने के लिए त्व् वाटर, आदि सुविधाओं से लैस है। जवानों के लिए ।ब् की व्यवस्था की गयी है। आदर्श मेस में खाना बनाने वाली सामग्रियों को सुसज्जित तरीके से रखने की व्यवस्था की गयी है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन, अपर पुलिस अधीक्षक यातायात विवेक त्रिपाठी, सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल व प्रतिसार निरीक्षक अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहें।

प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज संतोष राय के आदेशानुसार शुक्रवार को जनपद प्रयागराज के विभिन्न छात्र-छात्राओं के द्वारा समर इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में आयोजित किया गया।

जिसमें जनपद प्रयागराज के इलाहाबाद विधि विद्यालय के छात्र-छात्राओं क्रमशः शुभम द्विवेदी, सुमित कुमार ,शिवम मिश्रा, शिवम सिंह, हर्ष त्रिपाठी, हर्षिता त्रिपाठी, वैभव श्रीवास्तव, श्रेया मिश्रा, सांगवी सिंह, शांतनु सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। विजेता टीम को व समस्त प्रतिभागियों को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गई। यह जानकारी दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा प्रदान की गई।

डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धुओं की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। जनपद स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष द्वारा पी.एम. विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों को कौशल विकास मिशन प्रोग्राम के साथ समन्वय कर अप स्किलिंग के लिए निर्देशित किया गया, मिनी औद्योगिक आस्थान तालबेहट के पानी और विद्युत व्यवस्था के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया व विभागीय योजनाओं के समीक्षा के दौरान माह मार्च की प्रगति जो विभागीय की सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत की प्रगति के लिए सन्तोष व्यक्त किया गया, निवेश मित्र पोर्टल पर सभी विभाग के आवेदन समय सीमा के उपरान्त नहीं प्राप्त हुये। अध्यक्ष द्वारा पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों को समय से निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। चन्देरा औद्योगिक आस्थान ललितपुर में स्वतन्त्र विद्युत फीडर की स्थापना के लिए चन्देरा के आस-पास जमींन के चिन्हिकरण के लिए निर्देशित किया गया। औद्योगिक आस्थान स्टेशन रोड़ ललितपुर व चन्देरा में हैण्डपम्प के कार्य न करने व पानी की समस्या के सम्बन्ध में उद्यमियों द्वारा अपनी समस्या से अध्यक्ष को अवगत कराया, जिससे अध्यक्ष द्वारा जल संस्थान व जल निगम शहरी को निर्देशित किया की उक्त समस्या का जल्द-जल्द निस्तारण कराया जायें। लखनपुरा व शिवनी खुर्द में विद्युत आपूर्ति के लिए मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत के साथ बैठक कर स्थलीय निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। जनपद के उद्यमियों द्वारा जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी कमलाकांत पाण्डेय व अन्य अधिकारियों को जिले में शान्ति पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराये गये चुनावों के लिए सम्मानित किया गया।

आगामी त्यौहारों के सम्बन्ध में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया व सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कंप्यूटर कक्ष,महिला हेल्पडेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, बैरक, ई-मालखाना आदि का निरीक्षण किया व सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया, इस दौरान एसपी द्वारा थाना कार्यालय महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये, मुकदमों से संबंधित मालो का विधिक निस्तारण एवं सही रखरखाव, शस्त्रों की नियमित साफ सफाई रखने हेतु प्रभारी निरीक्षक बानपुर को निर्देशित किया गया, थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों, वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थो, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना बानपुर को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन थाने पर आने वाले फरियादियों की शतप्रतिशत जन सुनवाई कर उनकी समस्याओं का विधिक निस्तारण किया जाये एवं थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और जमींनी संबंधी प्रकरणों में राजस्व विभाग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी निरीक्षक बानपुर को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराना सुनिश्चित करें एवं चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों की चेकिंग करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

नि:शुल्क खाद्यान्न का वितरण आज से

ललितपुर। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अवगत कराया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में आच्छादित अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को माह जून के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न नि:शुल्क वितरण तथा अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल मई जून, के सापेक्ष चीनी का वितरण माह जून में आज से 25 जून के मध्य कराया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं का नि:शुल्क वितरण आज से प्रारम्भ होकर 25 अगस्त तक सम्पन्न होगा उक्त अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा. चावल कुल 35 किग्रा. प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों से सम्बद्ध यूनिटों पर 5 किग्रा. खाद्यान्न प्रति यूनिट की दर से 2 किग्रा. गेंहू व 3 किग्रा. चावल वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल मई जून के सापेक्ष 3 किग्रा. चीनी प्रति कार्ड 18 रूपये प्रति किग्रा. की दर से 54 में वितरित की जायेगी।

जल है तो जीवन है पक्षी है तो जहान है

अवधनामा ब्यूरो

इटावा,इकदिल। सेवाश्रम के ÷जल है तो जीवन है पक्षी है तो जहान है÷अभियान का शुभारंभ सेवाश्रम कोषाध्यक्ष प्राची सक्सेना ने खाटू श्यामजी मंदिर परिसर इकदिल में पक्षियों को मटकों में पानी भरकर शुरू किया गया।भीषण गर्मी और लू के चलते पशु पक्षी से लेकर आम जनमानस बेहाल है जल के बिना दम तोड़ रहे है ऐसी दशा में उन्हें राहत पहुंचाने के लिए हम लोगों ने मंदिर परिसर में पक्षियों के लिए पानी उपलब्ध कराने का प्रयास किया है मौसम में जब तक गर्मी रहेगी हम नियमित इन पात्रों में ताजा और स्वच्छ पानी भरकर पक्षियों को जल सेवा प्रदान करेंगे सेवाश्रम मंत्री मोनिका सक्सैना ने सभी से अपील की कि सभी लोग बेजुबान पक्षियों के लिए अपनी-अपनी छतों आस पास के वृक्षों पर वर्तन में जल भरकर रखे जिससे हम उनके जीवन की रक्षा में अपना योगदान कर सके।इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन मध्यम उपाध्यक्ष की प्रत्याशी शशिबाला चतुर्वेदी जल संरक्षण का आह्वान किया।

संयुक्त बी0एड0प्रवेश परीक्षा-2024, जनपद इटावा में 09 जून को होगी

इटावा। सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह ने बताया कि संयुक्त बी.एड.प्रवेश परीक्षा-2024, जनपद इटावा में दिनांकः 09 जून, 2024 दिन रविवार को प्रथम पाली प्रातः 09-00 बजे से 12-00 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 02-00 बजे से 05-00 बजे तक शहर इटावा के निम्न पांच परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है। 1 राजकीय इण्टर कालेज, इटावा2-राजकीय बालिका इण्टर कालेज, इटावा एच.एम.एस. इस्लामियां इण्टर कालेज, इटावा-कर्म क्षेत्र महाविद्यालय, इटावा 5-सनातन धर्म इण्टर कालेज। उक्त परीक्षा के दृष्टिगत जनपद में धारा-144 सीआरपीसी लागू है। परीक्षा को शुचितापूर्ण, नकल विहीन एवं शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महोदय के आदेश संख्याः1011-13 दिनांक 29-5-2024 द्वारा विस्तृत आदेश निर्गत हैं। अतः उक्त परीक्षा केन्द्रों के आस-पास (200 मीटर की परिधि में) फोटो स्टेट एवं कम्प्युटर सेंटर/साइबर कैफे की दुकानों को परीक्षा के दौरान बंद रखने के निर्देश दिये जाते हैं।

हम होगें कामयाब...

अवधनामा ब्यूरो

■ नीट प्रवेश परीक्षा में सफलता पर छात्रा अंजली को एसएसपी ने किया सम्मानित

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शुक्रवार को नीट 2024 प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली पुलिस मॉर्डन स्कूल की छात्रा अंजली गौतम को सम्मानित किया। छात्रा अंजली गौतम द्वारा नीट 2024 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये कुल 720 में से 661 अंक प्राप्त कर 432 रैंक हासिल की गयी। छात्रा अंजली गौतम के पिता राकेश गौतम जीआरपी मे मुख्य आरक्षी के पद पर तैनात है। छात्रा ने कहा कि वह सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को देती है। किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिये कड़ी मेहनत जरूरी है। जीवन में अच्छा करने के लिये सपने जरुर देखें और उन्हे समय रहते पूरे करें। किसी भी परीक्षा मे सफलता प्राप्ति के लिये रोज़ाना लक्ष्य बनाकर टॉपिक तय करें और उसे प्रत्येक दशा मे पुरा करने का प्रयास करें। कई घंटे लगातार पढ़ने के बजाय कुछ घंटे फोकस के साथ पढ़ाई करें तथा नोट्स जरूर बनायें। एसएसपी ने छात्रा को आगे भी इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करते रहने के लिये प्रेरित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये शुभकामनायें दी तथा पुलिस मॉर्डन स्कूल के प्रधानाचार्य अभिषेक सक्सैना एवं शिक्षकगण को बधाई दी।

पिछड़ा वर्ग : गरीब कन्यादान योजना के आवेदन आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता

■ दिव्यांग विधवा की पुत्री को वरीयता मिलेगा अनुदानः प्रशांत कुमार सिंह

मथुरा। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोडकर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजनान्तर्गत द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोडकर) के गरीब व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में रु0 1.00 लाख प्रति वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये, अपनी पुत्री की शादी अनुदान हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिसमें शासनादेश के अनुसार प्रथम आवत प्रथम पावत के सिद्धान्त के अनुरुप पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला अथवा दिव्यांगजन आवेदकों को वरीयता कम में रखते हुये शादी अनुदान राशि 20000.00 प्रत्येक लाभार्थी की दर से वितरण करने की कार्यवाही की जायेगी। अवगत कराना है कि जनपद के अन्य पिछडा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय 1 लाख से कम है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में उनकी पुत्री की शादी 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक होने वाली है। वह अपनी पुत्री की शादी के लिये अनुदान हेतु शादी की दिनांक से 90 दिन पहले तक अथवा 90 दिन बाद तक (किन्तु उक्त अवधि वित्तीय वर्ष के अन्तर्गत होनी चाहिए) आवेदन ऑनलाइन कराकर सम्बन्धित उपजिलाधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय जमा करायें। अन्य पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक समुदाय को छोडकर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजनान्तर्गत विभागीय वेबसाइट www.shadia nudan.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से जनसेवा केन्द्र, लोकवाणी केन्द्र, साईवर कैफे, निजी इण्टरनेट से वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार ऑनलाईन आवदेन कराना होगा।

उक्त योजनाओं की विस्तृत दिशा-निर्देश शादी अनुदान वेबासाइट पर प्रदर्शित है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, मथुरा, राजीव भवन कमरा न0 22 जनपद मथुरा में सम्पर्क कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री अभ्युदया योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र पाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत परीक्षा पूर्व प्रतियोगी परीक्षा जैसे यू.पी.एस.सी. / यू.पी.पी.सी.एस. / नीट / जे.ई.ई./एन.डी.ए./सी.डी.एस. इत्यादि की तैयारी कर रहे प्रतियोगी अभ्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण / कोचिंग में ऑफलाइन प्रवेश हेतु सत्र 2.24-25 से शैक्षिक वर्ष 1 जुलाई से 3. अप्रैल के मध्य निर्धारित किया गया है के लिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा कक्ष सं. .5 से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र में दी गयी सभी प्रतिष्ठियाँ सही-सही भरकर समस्त संलग्नकों (शैक्षिक योग्यता, आय, जाति, एवं निवास) संबंधी प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी कक्ष सं. .1 में जमा करने की अन्तिम तिथि 15..6.24 तक है। पीयुष पाण्डेय मो. 98.7524558, व कार्यालय दूरभाष 7417667589, 9761669948 पर उक्त योजना से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर सकते है। नोट- कोर्सवार पात्रता की अर्हता एवं शर्तें निम्न प्रकार हैः-1- यू.पी.एस.सी. / यूपी.पी.सी.एस. - इच्छुक अभ्यर्थी स्नातक अन्तिम वर्ष में अध्ययनरत अथवाउत्तीर्ण होना चाहिए। आयु सीमा इनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछाड़ा वर्ग के लिये संघ लोक सेवा आयोग / उ.प्र. शासन द्वारा निर्धारित आयु व छूट मान्य होगी। 2- नीट- विज्ञान वर्ग में जीव विज्ञान से इण्टरमीडिएट कक्षा-12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण होना चाहिए। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यू.जी.) द्वारा निर्धारित आयु सीमा व छूट मान्य होगी। 3- जे.ई.ई.- विज्ञान वर्ग में गणित से इण्टरमीडिएट कक्षा-12 में अध्ययनरत अथवा उत्तीर्ण होना चाहिए। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यू.जी.) द्वारा निर्धारित आयु सीमा व छूट मान्य होगी।

गंदगी देख भड़के लोग, गोवर्धन पर्वत पर रुकवा दी पूजा

मथुरा। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की किरकिरी का असर अभी तक ना भाजपा नेताओं पर पड़ा है ना अधिकारियों पर असर पड़ रहा है जैसे तैसे मथुरा ने भाजपा सरकार की हेमा को जिताकर लाज रखी चुनाव परिणाम आने के बाद भी सबक से नेता और अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे सफाई और विद्युत व्यवस्था पर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।मथुरा के गोवर्धन में गिरिराज पर्वत पर गंदगी को लेकर जतीपुरा के ग्रामीणों ने जतीपुरा मुखारविंद मंदिर का गेट बंद कर पूजा-अर्चना रोक दी। मंदिर सेवायतों ने समझाने का प्रयास किया तो दोनों में झड़प हो गई।

स्थानीय लोगों ने नायब तहसीलदार और नगर पंचायत चेयरमैन गोवर्धन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। करीब एक घंटा तक रोकी गई पूजा-अर्चना के बाद सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक और नायब तहसीलदार ने मंदिर पहुंचकर गेट को खुलवाया और पूजा शुरू कराई। थाना प्रभारी ने गेट बंद करने वालों पर मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

अनुप्रिया पटेल ने लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने पर इटावा में मना जश्न

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। आजादी के बाद पहली बार मिर्जापुर लोकसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगाने का रिकार्ड दर्ज कराने वाली अनुप्रिया पटेल केन्द्रीय मंत्री भारत सरकार/राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल(एस) का बडे हर्षो उल्लस के साथ बडे हनुमान मन्दिर पक्का तालाब में अपना दल एस के पदाधिकारियों ने श्रीराम जी और हनुमान जी की पूजा अर्चना एवं दीपक जलाकर लड्डुओ का प्रसाद एक दूसरे को खिला तथा लोगों को बॉट कर जोरदारी से जश्न मनाया। जश्न मनाने में मुख्य रूप से अपना दल(एस)के डा0 हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इटावा जिलाध्यक्ष राहुल पाल, जिला महासचिव डा0सुधीर सविता , जिला सचिव अरुण दुबे, जिलाध्यक्ष व्यापार मंच अवधेश पटेल, युवा मंच के जिलाध्यक्ष सन्दीप पाल एवं कार्यकारिणी सदस्य अनुपम पटेल, इन्जी0राजेश वर्मा, अंकित वर्मा तथा बधाई प्रेषित करने वालो में जिलाध्यक्ष महिला मंच कबिता वर्मा, जिलाध्यक्ष एससीएसटी मंच रविन्द्र जाटव, जिला उपाध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान, विशाल सक्सेना, जिला महासचिव बृजेश पोरवाल, राजेश पटेल, राजेश पोरवाल, जिला सचिव दीपक सविता राहुल श्रीवास्तव, महिला मंच की जिला महासचिव शाहिस्ता राईन, जिला उपाध्यक्ष छात्र मंच सत्यम वर्मा, एससीएसटी मंच के सदस्य संजय वर्मा, वृजेश दिवाकर, राजीत सिंह आदि ने खुशियाँ जाहिर की।

संक्षिप्त समाचार

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन , नमामि गंगे, जल जीवन मिशन की एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

इटावा, चकरनगर/अवधनामा ब्यूरो । राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे, ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, जल जीवन मिशन हर घर जल योजना के अंतर्गत चयनित संस्था विल्सन ग्रीन इ0प्रा0लि0द्वारा जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जन जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में विकास खण्ड चकरनगर के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी विवेक सिंह काटियाल ने पानी के लगातार गिरते हुए जलस्तर एवं पानी के दोहन को रोकने पर जोर दिया। उन्होंने दूषित पानी से ग्रामीण जनमानस में होने वाली बीमारियों पर चिंता जताई। बीश्र डी0ओ0विवेक सिंह काटियल व सहायक विकास अधिकारी(प0)जमुना दास ने जन-जागरुकता टीम को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर संस्था के डी0पी0 सी0 मनोज जी , ए0डी0पी0सी0रणजीत यादव, रणधीर , कोआर्डिनेटर, कृष्ण कुमार, अमरजीत , आमिर खान आदि मौजूद रहे।

स्कूल यूनिफॉर्म एंव रेडिमेड गारमेंट्स निर्माण की नयी यूनिट का हुआ शुभारंभ

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। शहर के साबित गंज में शुक्रवार को उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उघोग मंच के जिलाध्यक्ष एंव उघमी भारतेंद्र नाथ भारद्वाज की स्कूल यूनिफॉर्म एंव रेडीमेड गारमेंट्स की नयी यूनिट का शुभारंभ उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित नें किया। उघमी भारतेन्द्र नाथ भारद्वाज नें बताया कि अत्याधुनिक मशीनों से शहर में रेडीमेड गारमेंट्स का उत्पादन किया जायेगा, जिससे शहर के लोगों को सुविधा होगी। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने बताया की ग्लोबल इन्वेस्टर्स सिमट में लगभग उघोग शून्य इटावा जनपद में नये कुटीर एंव लघुउघोग लगाने के लिए जो प्रयास किये गये हैं, उसी का यह परिणाम है, व्यापार मंडल उघोग विभाग के सहयोग से इटावा में छोटे उघमीयों को नये उघोग लगाने के लिए लगातार प्रेरित करनें के लिए प्रयत्न शील है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिला महामंत्री रिषी पोरवाल, जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, रेडिमेड ऐसोसिएशन अध्यक्ष देव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

लोकसभा चुनाव में नगर में सपा की जीत पर उत्साहित सपाइयों ने बांटी मिठाई

अवधनामा संवाददाता

बिलग्राम। लोकसभा चुनावों के परिणाम घोषित होने के बाद मिश्रिख लोकसभा सीट पर भले ही बीजेपी की जीत हुई हो लेकिन बिलग्राम और मल्लावां नगर में उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा है।

इसी हार के बाद बिलग्राम नगर के सपाइयों में पार्टी के नगर अध्यक्ष शब्बू खां, सईद अहमद पूर्व प्रत्याशी न.पा.परि. बिलग्राम के साथ पार्टी के अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव अफसर अली ने बस स्टैंड चौराहा पर मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया और बीजेपी को ग़मगीन माहौल में भेजने का काम किया।

नगर अध्यक्ष शब्बू खां ने बताया कि बिलग्राम कस्बे में बीजेपी की ट्रिपल इंजन सरकार के चेयरमैन ने अपनी पूरी टीम लगाकर इंडिया गठबंधन को हराने के लिए भरकस प्रयास किया लेकिन बिलग्राम कस्बे की जनता ने इंडिया गठबंधन को अपना मत दिया वही कस्बे की ट्रिपल इंजन सरकार के मुखिया अपना न तो अपना वार्ड और न ही अपना कस्बा ही जिता सके जबकि उनकी पार्टी के खिलाफ उन्हीं के वार्ड में सभासद प्रतिनिधि अमन यादव ने कड़ी मेहनत करके सपा प्रत्याशी को वार्ड से जितवाने का कार्य किया। पार्टी के पूर्व न.पा.परि. प्रत्याशी सईद अहमद ने बताया बिलग्राम की जनता का यह आशीर्वाद वह कभी नहीं भूलेंगे। वहीं अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव अफसर अली ने कहा कि यूपी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव की नीतियों के चलते लोकसभा सदन में सपा को जो स्थान जनता ने दिया है उसके दूरगामी परिणाम यूपी में अबकी बार सपा सरकार बनना तय है।क्योंकि जनता चिकित्सा स्वास्थ्य, विकास व रोजगार चाहती है जिसके लिए बीजेपी को यूपी की जनता ने नकार दिया।

जैत वाटरवर्क्स अग्निकांड को भुला, प्रशासन हादसे का इंतजार

मथुरा। आखिर किस हादसे की प्रतीक्षा है। 29 अप्रैल 2024 सोमवार को जैंत के वाटर वर्क्स अग्निकांड में जीर्णशीर्ण टंकियों को ध्वस्त करवाने की हो रही है, जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी किसी बड़ी घटना का कारण बन सकती है। क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं समाजसेवी ठाकुर बृजेश प्रताप सिंह ने बताया है कि कई बार भीषण अग्निकांड में जलकर खंडहरों में पानी की टंकियों और जले हुए पेड़ों को ध्वस्त करवाने के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। परंतु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। तेज आंधी में जले हुए पेड़ और टंकियां धरासाई हो सकतीं हैं जो राहगीरों और पड़ोसियों को नुकसान पहुंचा सकतीं हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य ठाकुर बृजेश प्रताप सिंह, मानवेन्द्र सिंह, ओम प्रकाश धनगर, तेजवीर सिंह धनगर, पाला मिस्त्री आदि ने टंकियों के साथ साथ जले पेड़ों को भी गिरवाने का अनुरोध किया है।

मुस्लिम पक्ष की अर्जी पर हाईकोर्ट ने रिजर्व किया जजमेंट

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष ने अब एमिकस क्यूरी यानी न्याय मित्र की नियुक्ति को लेकर सवाल उठाते हुए हटाए जाने की मांग की है। मुस्लिम पक्ष ने इस मामले में हाईकोर्ट में अर्जी भी दाखिल की है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की अर्जी पर सुनवाई करने के बाद अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया है। उम्मीद जताई जा रही है कि अदालत का फैसला 10 जून तक आ सकता है। मुस्लिम पक्ष के वकील महमूद प्राचा की अर्जी में मथुरा के मंदिर मस्जिद विवाद में एमिकस क्यूरी नियुक्त किए गए यूपी के एडिशनल एडवोकेट जनरल मनीष गोयल को लेकर सवाल उठाए गए थे। कहा गया कि मनीष गोयल यूपी सरकार के एडिशनल एडवोकेट जनरल है। उनकी नियुक्ति यूपी सरकार ने की है। ऐसे में वह एमिकस क्यूरी की भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पाएंगे। उन्हें हटा दिया जाना चाहिए, हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया है। हालांकि हिंदू पक्ष ने ईदगाह कमेटी की अर्जी को गैर जरूरी बताया है। हिंदू पक्षकार आशुतोष पांडेय का कहना है कि ईदगाह कमेटी ने मामले को लंबा खींचने के लिए बेवजह की अर्जी दाखिल की है। कोर्ट के फैसले पर किसी को अविश्वास नहीं होना चाहिए, सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। हिंदू पक्ष के मुताबिक अदालत को इस बात का अधिकार है कि वह अपने विवेक के आधार पर किसी को भी एमिकस क्यूरी यानी न्याय मित्र नियुक्त कर सकती है। जस्टिस मयंक कुमार जानकी सिंगल बेंच में गुरुवार को हुई सुनवाई में मुस्लिम पक्ष ने मथुरा मामले में हाईकोर्ट में चल रहे डेढ़ दर्जन मुकदमो की पोषणीयता पर आगे कोई भी दलीलें पेश करने से इंकार कर दिया।

जिलाधिकारी ने ली समीक्षा बैठक

मथुरा। आगामी 9 जून को होने वाली उत्तर प्रदेश संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 के संबंध में एक आवश्यक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में परीक्षा के नोडल समन्वयक एवं उपनोडल अधिकारी, जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष एवं प्रत्येक केन्द्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीएड संयुक्त परीक्षा के जिला समन्वयक डॉ ललित मोहन शर्मा प्राचार्य बी एस ए कॉलेज मथुरा ने कहा कि की बीएड प्रवेश परीक्षा 2024 मथुरा में चार केंद्रों पर आयोजित हो रही है। परीक्षा केंद्र आर सी ए डिग्री कॉलेज, डी ए वी कॉलेज , प्रेम देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं बी एन पोद्दार इंटर कॉलेज में बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली प्रातः 9 से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगी। प्रत्येक दशा में परीक्षा संबंधी सामग्री खोलते समय वीडियोग्राफी होगी।

ब्रज के पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित है तीर्थ विकास परिषद

अवधनामा संवाददाता

■ विश्व पर्यावरण दिवस पर गीता शोध संस्थान में उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की पर्यावरण संगोष्ठी

■ संपूर्ण ब्रज में भगवान श्रीकृष्ण के प्रिय पौधों को रोप कर हरा भरा बनाने का आह्वान

वृंदावन (मथुरा)। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद आज ब्रज की सांस्कृतिक धरोहर और विरासत की पुनर्प्रतिष्ठा के साथ-साथ ब्रज में पर्यावरण संरक्षण के लिए भी पूर्ण समर्पित और सक्रिय है। परिषद ने इसी ध्येय से विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन में किया। इस अवसर पर बच्चों ने गोपी गीत की थीम पर तैयार संगीतमयी प्रस्तुति दी। पर्यावरण संरक्षण संगोष्ठी के मुख्य वक्ता उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के पर्यावरण सलाहकार श्री मुकेश शर्मा रहे। उन्होंने संस्थान में रासलीला प्रशिक्षण पा रहे बालक-बालिकाओं, संगीतकार व गणमान्य के मध्य ब्रज में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के अनेक सुझाव दिए। सभी से अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पौधे रोपित करने का आह्वान किया। ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद्र शर्मा ने ब्रज में कृष्ण युगीन पेड़-पौधों के प्रति लगाव और उनके रोपण पर विचार रखे। पक्षी विशेषज्ञ डा के पी सिंह ने कहा कि उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा विकसित की गयी फरह की जोधपुर झील में पक्षियों की आमद लगातार बढ़ रही है। इससे पर्यटन को बढावा मिलेगा। संस्थान के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने रासलीला के प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी दी। संगोष्ठी में गीता शोध संस्थान के कोर्डीनेटर एवं अंडरग्राउंड वाटर मैनेजमेंट बोर्ड के सदस्य चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने नीति आयोग और केंद्रीय जल आयोग की उन रिपोर्ट व सर्वे पर विचार रखे जिनमें गिरते भूजल स्तर से देश में भयावह स्थिति पैदा होने व पलायन की आशंका जतायी गयी है। उनका कहना था कि यदि भूजल का अत्यधिक दोहन न रोका गया और अगली पीढ़ी के लिए पानी न बचाया तो वर्ष 2030 तक मथुरा समेत देश के अनेक शहरों का जमीनी पानी खत्म हो जाएगा और लोग पलायन को मजबूर होंगे। कवि अशोक यज्ञ ने ब्रज भाषा में पर्यावरण पर कविता प्रस्तुत की। साहित्यकार कपिल देव उपाध्याय ने ब्रज में कृष्ण भगवान के प्रिय पेड़ पौधों को रोपने का आह्वान किया। कत्थक नृत्यांगना प्रोफेसर (डा.) मीरा दीक्षित ने प्रकृति के वर्णन के साथ कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। दीपक शर्मा, जगदीश प्रसाद पथसारिया आदि ने व्यवस्थाएं सम्हालीं। संचालन कोर्डीनेटर श्री सिकरवार ने किया। अंत में सभी ने ब्रज के पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

गंगा दशहरा की तैयारियों को लेकर डीएम की बैठक

अवधनामा संवाददाता

■ जिला गंगा समिति , जिला पर्यावरण समिति और जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में दिए निर्देश

मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में गंगा दशहरा पर्व, जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति तथा जिला वृक्षारोपण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने गंगा दशहरा की व्यवस्थाओं को चाक चैबन्द करने के निर्देश दिये और नगर निगम के अधिकारियों से कहा कि मन्दिरों के आस-पास साफ सफाई, पानी के अन्दर बैरीकेटिंग का कार्य, कन्ट्रोल रूम, चैजिंग रूम, सीसीटीवी कैमरे तथा मोटरबोट की व्यवस्था की जाये। गोताखोर एवं पुलिस लगातार गश्त करती रहे तथा सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की जाये। सिंचाई विभाग से कहा कि पानी की सफाई करा ली जाये तथा बैराज को इस तरह से खोला जाये कि श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ जल उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि यमुना जी में और पानी की मांग की जाए तथा जल स्तर को बढ़ाया जाए। मन्दिरों के आस पास खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी निरंतर चेकिंग करते रहें। यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों से कहा कि 24 घंटे पर्याप्त बिजली रहे, जर्जर तारों को ठीक करायें तथा ट्रान्सफार्मरों की मरम्मत करा दी जाये। नगर निगम, नगर निकाय, पंचायत आदि अपने अपने क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाए तथा निराश्रित गौवंश को पकड़कर गौशालाओं में पहुँचायें, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। पुलिस विभाग छोटी से छोटी घटना को भी गंभीरता से लेकर तत्काल प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करे।

इसी क्रम में जिला गंगा, पर्यावरण एवं वृक्षारोपण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने डीएफओ को निर्देश दिए कि जनपद में वृहद वृक्षारोपण किया जाए।

उन्होंने कहा कि हम सभी लोग अपने आस पास पौधे लगाए और पौधे को अपने परिवार के रूप में देख भाल करे। हम सभी जनपदवासी अधिकाधिक पौधारोपण कर सम्पूर्ण मथुरा वृंदावन को हरा भरा करने में अपना सहयोग दे। हमे पुनः मथुरा वृंदावन को अपने पौराणिक रूप में वन के समान बनाना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने लक्ष्यों के सापेक्ष वृक्षारोपण की कार्यवाही हेतु आगामी कार्य योजना बनाए। आवंटित वृक्षों को लगाए तथा यह भी सुनिश्चित करे कि सभी पौधों की देख भाल हो रही हो। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जनपद का वृक्षारोपण का लक्ष्य लगभग 35 लाख 30 हजार वृक्ष है। सभी विभाग अपने अपने क्षेत्रों में गड्ढा खुदवा लें, जिससे वृक्ष लगाने में कोई समस्या न आए। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, ग्रामों, ब्लॉकों, तहसीलों, कार्यालयों, पार्कों, सड़क के किनारे, हाइवे के आस पास, आदि स्थानों पर पौधारोपण करे।

उन्होंने कहा कि सभी वृक्षों की जियो टेस्टिंग की जाए और ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण किया जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी, डीआईओएस, डीपीआरओ, डीपीओ को निर्देश दिए कि स्कूल, डिग्री कॉलेज, गंगा गांव तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए।

जिलाधिकारी ने यमुना के किनारे स्थित समस्त गांव एवं घाटों की साफ सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने जनपद में इलेक्ट्रॉनिक, मेडिकल आदि वेस्ट का ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना,डीएफओ रजनी कांत मित्तल, डिप्टी कलेक्टर नरेंद्र सिंह, डीसी मनरेगा विजय कुमार पांडेय, डीपीआरओ किरन चौधरी, बीएसए सुनील दत्त, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूदेव सिंह, डीडीओ गरिमा खरे, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, डी.आई.ओ.एस भास्कर मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

त्वचा को हेल्दी और जवां रखने के लिए फॉलो करें ये नाइट केयर रूटीन, झुर्रियों की होगी छुट्टी

त्वचा संबंधी परेशानियों में झुर्रियों की समस्या भी शामिल है। झुर्रियों के कारण फेस पर फाइन लाइंस आने लगती हैं और त्वचा की कसावट कम हो जाती है। हालांकि झुर्रियों की समस्या अधिकतर बढ़ती उम्र में नजर आती है। लेकिन कई बार अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण यह कम उम्र में भी चेहरे पर नजर आ सकती है। अनहेल्दी लाइफस्टाइल में तनाव लेना, जंक फूड का अधिक सेवन करना और देरी से सोना आदि शामिल है। वहीं खासकर नाइट रूटीन से जुड़ी कई अनहेल्दी आदतें रिंकल्स का कारण बन सकती हैं। क्योंकि रात के समय आपकी स्किन को हील और रिपेयर होने का समय मिलता है। ऐसे में अगर आप रात में कुछ स्किन केयर रूटीन अपनाती हैं, तो झुर्रियों का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताने जा रहे हैं, जो आपकी त्वचा को हेल्दी और जवां रखने में मदद करेंगी।

सिल्क का तकिया

सोने के दौरान सिर्फ सिल्क का तकिया इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि सिल्क आपकी स्किन में नमी को बनाए रखता है। ऐसे में यदि आप अगर सिल्क की तकिया पर चेहरा भी रख लेंगे, तो इससे आपकी त्वचा को नुकसान नहीं होगा।

मेकअप रिमूव करें

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जो रोजाना मेकअप करती हैं। तो रात में सोने के दौरान मेकअप रिमूव करना न भूलें। क्योंकि मेकअप में तमाम सारा केमिकल मौजूद होता है, जो आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए फेसवॉस कर स्किन को मॉइस्चराइज करें। इससे आपकी त्वचा हाइड्रेट रहती है।

स्किन को मॉइस्चराइज करें

रात को सोने से पहले अपनी त्वचा को मॉइस्चराइज करना न भूलें। मॉइस्चराइज करने से आपकी त्वचा में नमी बनी रहती है और त्वचा हेल्दी रहती है। क्योंकि रात में त्वचा को हील और रिपेयर होने का समय मिलता है। ऐसे में जब आप सोने से पहले स्किन को मॉइस्चराइज करते हैं, तो आपकी त्वचा स्मूद और सॉफ्ट बनती है।

स्क्रीन टाइम करें कंट्रोल

स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताना आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचाता है। क्योंकि स्क्रीन से निकलने वाली ब्लू रेज त्वचा को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए सोने से करीब 1 घंटे पहले से मोबाइल का इस्तेमाल करना बंद कर देना चाहिए। वहीं सोने से पहले स्किन केयर रूटीन और दिमाग को रिलैक्स करने वाली एक्टिविटी कर सकते हैं।

क्लींजिंग है जरूरी

सोने से पहले क्लींजिंग करना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि पूरे दिन में धूल-धूप और मिट्टी के संपर्क में आने से आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचता है। ऐसे में अगर आप सोने से पहले क्लींजिंग नहीं करती हैं, तो स्किन सेल्स में गंदगी जमने लगती है। इसलिए सोने से पहले क्लींजिंग जरूर करें, इससे आपकी त्वचा हेल्दी और जवां बनी रहेगी।

कैफीन करें अवॉइड

कई लोग रात में सोने के दौरान चाय या कॉफी का सेवन करते हैं। चाय और कॉफी में कैफीन पाया जाता है, जो आपकी त्वचा को ड्राई बना सकता है। वहीं कैफीन का सेवन करने से आपकी नींद भी प्रभावित हो सकती है। जोकि डार्क सर्कल्स और झुर्रियों का कारण बन सकती है। इसलिए अगर आपको रात में चाय या कॉफी पीने की आदत है, तो सोने से करीब 4-5 घंटे पहले इसका सेवन करना चाहिए।

घर पर आसानी से बनाएं मार्केट जैसी मैंगो कुल्फी, बेहद आसान है इसकी रेसिपी

आम खाना लगभग हर किसी को पसंद होता है। वहीं हर कोई आम के सीजन का बेसब्री से इंतजार करता है। आम से बनी कई डिशेज का आप आनंद ले सकते हैं। वैसे तो साबुत आम खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है। लेकिन मैंगो कुल्फी की तो बात ही अलग होती है। आपको बता दें कि आप आसानी से घर पर मैंगो कुल्फी बनाकर इसका आनंद उठा सकते हैं।

आज हम आपके साथ मैंगो कुल्फी की रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी इसे घर पर बनाकर परिवार के साथ मजे से खा सकती हैं। वहीं मैंगो कुल्फी बनाने में अधिक समय भी नहीं लगता है और इसे खाने के बाद सब आपकी खूब तारीफ करेंगे।

सामग्री

दूध- 5 कप
केसर- 5 रेशा
चीनी- 3 बड़े चम्मच
ताजी क्रीम- 3/4 कप
आम के गूदे- 2

ऐसे बनाएं

सबसे पहले एक भारी तले वाले पैन में दूध को उबाल लें। आंच धीमाकर इसको उबलने दें।

फिर इसमें चीनी डाल दें और इसको तब तक पकने दें, जब तक यह गाढ़ा और मलाईदार न हो जाए।

इसके बाद इसमें आम का गूदा और केसर डालकर 2 मिनट पकने दें।

अब इसको कमरे के तापमान बराबर ठंडा करें इसमें क्रीम मिक्स करें। फिर इस मिश्रण को चम्मच की सहायता से 6-8 सांचों में बांट लीजिए।

पन्नी से अच्छे से कवरकर इसको कम से कम 6-7 घंटे के लिए जमा दें।

जब आप इसको जमाएं तो पहले घंटे में सांचे तो दो-तीन बार हिलाएं और फ्रिज से बाहर निकालें।

इसके बाद सांचों के निचले हिस्से को गर्म पानी में डुबोकर कटोरी में निकाल लें।

इस आसान तरीके से मैंगो कुल्फी बनकर तैयार हो जाएगी।

कपड़ों पर प्रेस करने की जरुरत नहीं पड़ेगी, बस धोते समय कर लें यह एक काम

जब हम कपड़े धोते हैं तो अक्सर इनमें सिकुड़न आ जाती है। ऐसे में आप कपड़ों के रिंकल्स को दूर करने के लिए सभी प्रेस का इस्तेमाल करत हैं। लेकिन कई बार होता है कि जल्दी की वजह से या भागदौड़ भरी जिंदगी के चलते

कपड़ों पर प्रेस नहीं कर पाते हैं, तो इस स्थिति में हमें कपड़ों को लॉन्ड्री में देने की जरुरत पड़ जाती है। लेकिन, आप अपने कपड़ों को धोते और सुखाते वक्त ही कुछ स्टेप्स को फॉलो करेंगे, तो आपके कपड़े रिंकल फ्री हो सकते हैं।

कपड़ें धोते समय न करें ये गलती

- कपड़ों को ठंडे पानी से धोएं, क्योंकि गर्म पानी में कपड़ों को धोने से उसमें सिकुड़न आ जाती है और इसे फिर प्रेस करने की जरुरत पड़ सकती है।

- अपने कपड़ों कठोर डिटर्जेंट से धोने से बचें। इससे कपड़े में रिंकल आ सकती है, जिसे प्रेस से ही ठीक किया जा सकता है।

- कपड़ों को तेजी से धोएं। इससे कपड़ों में रिंकल आ जाते हैं और फिर यह बिना आयरन दिए ठीक नहीं हो सकते हैं।

- कपड़े धोने के बाद उसके पानी निकालने के लिए इसे ज्यादा देर तक न निचोड़ें। इससे भी सिकुड़न बनती है।

कपड़ों को सुखाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

- कपड़ों को ज्यादा देर तक ड्रायर में न रखें। बस हल्का सा पानी निकलने के बाद ही इसे ड्रायर से बाहर कर दें। फिर, उन्हें हवा में सूखने दें।

- कपड़े सुखाने के लिए अगर आप रस्सी या किसी स्टैंड का इस्तेमाल करते हैं, तो इसे फैलने से पहले दोनों हाथों से पकड़कर अच्छी तरह झाड़ लें। ताकि धोने में जो भी सिकुड़न आए, वह ऐसे ही निकल जाए।

- कपड़ों को सीधी धूप में न सुखाएं। इससे सिकुड़न हो सकती है।

- कपड़ों को सुखाने के लिए हैंगर का इस्तेमाल करें।

बिना प्रेस किए कपड़ों को रिंकल फ्री कैसे रखें?

यदि आपका प्रेस खराब हो गया है, तो आप अपने कपड़ों को गद्दे के नीचे भी रख सकते हैं। इससे कपड़ें की सिकुड़न दूर हो जाएगी। इसके अलावा, कपड़ों की सिलवटें दूर करने के लिए आप तौलिए का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए, टेबल पर टॉवल बिछाएं और इस पर कपड़े को फैलाएं। फिर, ऊपर से गीला तौलिया रखकर दबा दें।

बच गई है खिचड़ी तो उससे बनाएं ये मजेदार डिशेज

हमारा कुछ हल्का खाने का मन होता है तो ऐसे में लोग खिचड़ी खाना पसंद करते हैं। यह एक वन पॉट मील है, जिसे बेहद ही आसानी से बनाया जा सकता है। अमूमन खिचड़ी को गरमा-गरम खाना ही लोग पसंद करते हैं। लेकिन अगर खिचड़ी बच जाती है तो बाद में उसे कोई भी खाना पसंद नहीं करता है। वैसे तो खिचडी को दोबारा गरम किया जा सकता है, लेकिन अमूमन लोग ऐसा कम ही करते हैं। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका होता है कि खिचड़ी को एक नए तरीके से सर्व किया जाए।

जी हां, जिस तरह आप बची हुई रोटियों या चावल आदि से कई तरह की नई डिशेज बनाकर खाते हैं, ठीक उसी तरह खिचड़ी से भी कई तरह की डिशेज बनाई जा सकती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बची हुई खिचड़ी से बनने वाली कुछ मजेदार डिशेज के बारे में बता रहे हैं-

खिचड़ी पराठा

अगर शाम को खिचड़ी बच गई है तो आप उससे पराठा भी बना सकते हैं। बची हुई खिचड़ी को आप फिलिंग के रूप में इस्तेमाल करें। इसके लिए आटे की लोई लेकर उसका बेल लें। अब बीच में एक चम्मच खिचड़ी रखें और उसे मोड़कर फिर से बेल लें। पराठे को तवे पर थोड़ा तेल या घी डालकर दोनों तरफ से सुनहरा भूरा होने तक पकाएं।

खिचड़ी उपमा

नाश्ते में खिचड़ी उपमा भी बनाया जा सकता है। इसे बनाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता है। खिचड़ी उपमा बनाने के लिए एक पैन में थोड़ा तेल गरम करें और उसमें सरसों के दाने, करी पत्ता और उड़द दाल डालें। कटा हुआ प्याज और हरी मिर्च डालें और प्याज के पारदर्शी होने तक भूनें। बची हुई खिचड़ी मिलाएं और कुछ मिनट तक पकाएं। ऊपर से थोड़ा नींबू का रस निचोड़ें और ताज़ा धनिया से गार्निश करें।

खिचड़ी सूप

बची हुई खिचड़ी से डिलिशियस सूप भी बनाया जा सकता है। सूप बनाने के लिए बची हुई खिचड़ी को थोड़े पानी या वेजिटेबल स्टॉक के साथ मिक्सर में डालकर सूप जैसा गाढ़ापन बना लें। अब आप इसे गरम करें और अब इसमें स्वादानुसार नमक, काली मिर्च और अन्य मसाले डालें। परोसने से पहले धनिया या पार्सले जैसे कुछ हर्ब्स को मिलाएं।

फेस के अनचाहे बालों को हटाने के लिए अपनाएं ये नुस्खे, जानिए इस्तेमाल का तरीका

हम सभी के चेहरे पर छोटे-छोटे रोएं जैसे बाल होते हैं। लेकिन कई लोगों के चेहरे पर काफी ज्यादा बाल नजर आते हैं। जो देखने में अच्छे नहीं लगते और खूबसूरती को कम करने का काम करते हैं। ऐसे में महिलाएं इन बालों को हटाने के लिए घरेलू नुस्खे की तलाश में रहती हैं। जो चेहरे के अनचाहे बालों से निजात दिला सकें। ऐसे में अगर आप भी किसी ऐसे ही नुस्खे की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके चेहरे के अनचाहे बालों को दूर करने में काफी असरदार साबित होंगे।

शहद और चीनी

आप चीनी और शहद मिलाकर घर पर ही वैक्स बनाकर तैयार कर सकती हैं। इससे चेहरे के बाल हट जाते हैं। इसको बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच चीनी और एक चम्मच शहद डालकर पानी मिला लें। फिर इसको 30 सेकेंड के लिए गर्म करें और जब यह हल्का गर्म हो तो चेहरे के अनचाहे बालों पर लगाएं और फिर इसको कॉटन के स्ट्रिप से हटाएं।

अंडे की सफेदी और कॉर्न स्टार्च

इस नुस्खे से आपके चेहरे के अनचाहे बालों को खत्म करने में मदद करेगा। इसके लिए एक कटोरी आधा चम्मच कॉर्न स्टार्च और एक अंडे के सफेद हिस्सा मिक्स करें। अब इसमें एक चम्मच चीनी एड करें। अब इसको फेस पर परत की तरह लगाएं और सूखने दें। जब यह सूख जाए को इस मास्क को उल्टी दिशा में खींचें। इससे आपके चेहरे के अनचाहे बाल हट जाएंगे।

पपीता और हल्दी

आपको बता दें कि पपीते में पापैन नामक एंजाइम पाया जाता है, जो चेहरे के बालों को हटाने में कारगर होता है। वहीं पपीते के इस्तेमाल से स्किन निखरती है। इसके लिए पपीते और हल्दी को मिलाकर फेस के बालों पर लगाने से अनचाहे बालों से निजात मिलती है। इस नुस्खे के लिए एक कटोरी में पपीते का टुकड़ा और आधा चम्मच हल्दी मिला लें। फिर इसको फेस पर 15-20 मिनट लगाकर रखें। इसके बाद इसे हल्के हाथों से रगड़ते हुए छुड़ा दें।

गर्मी होगी छूमंतार घर पर बनाएं ऑरेंज स्लश, इस तरह से बनाएं ये आइस ड्रिंक

गर्मियों में अक्सर कुछ ठंडा खाने का मन करता ही रहता है। ऐसे में आप सभी शिकंजी, लस्सी, कुल्फी, आइसक्रीम और चुस्की के जरुर मजे लेते हैं। गर्मी में खुद को कूल रखने के लिए घर में आप ऑरेंज स्लश बना सकते हैं। इसमें फ्रूट्स और अन्य फ्लेवर्स को बर्फ के साथ तैयार किया जाता है। यह एक थीक आइस ड्रिंक होती है। इसमें फ्लेवर्ड आइस को चूरा-चूरा कर दिया जाता है, इसे आप आराम से पी सकते हैं। चलिए आपको इस रेसिपी की विधि बताते हैं।

ऑरेंज स्लश की सामग्री

- आइस क्यूब की ट्रे
- आधा किलो संतरे या ऑरेंज जूस
- स्वादनुसार चीनी
- एक बड़ा चम्मच नींबू का रस
- प्लेन सोडा
- शहद या मेपल सिरप

ऑरेंज स्लश बनाने का तरीका

- सबसे पहले आप ऑरेंज जूस ले सकते हैं या फिर ताजा संतरे से ही जूस निकालकर उसका प्रयोग करें।

- संतरे का जूस निकालकर उसमें चीनी डालें और उसे अच्छी तरह से मिक्स कर लें। चीनी अच्छी तरह से घुल जानी चाहिए।

- आप इसमें चीनी की जगह शहद या मेपल सिरप भी डाल सकते हैं।

- अब ऑरेंज का जूस में आधा कप सोडा और एक चम्मच नींबू का रस डालें। अच्छी तरह से सामग्री को मिलाएं। इस तैयार ड्रिंक को फ्रिज में चिल्ड होने के लिए लगभग डेढ़- दो घंटे के लिए रख दें।

- आपके फ्रीजर में से आइस क्यूब की ट्रे निकालकर क्यूब्स को ब्लेंडर में डालकर क्रश करें। अगर आपके पास आइस का बड़ा ब्लॉक है, तो उसे शेव भी कर सकते हैं।

- एक गिलास में क्रश की हुई आइस डालें और उसमें फ्रिज से निकाला हुआ संतरे का जूस डालकर चम्मच की मदद से अच्छी तरह से मिलाएं और सर्व करें।

- वहीं आप इसे किसी भी तरह के फ्रूट जूस से बना सकते हैं। दिन भर इस ड्रिंक को धीरे-धीरे सिप करें और गर्मी से राहत पाएं।

डैंड्रफ से हो गए हैं परेशान तो अपनाएं ये नुस्खा, हेल्दी और शाइनी होंगे बाल

बालों में डैंड्रफ की समस्या होना वैसे तो आम बात है। लेकिन सर्दियों में यह समस्या अधिक बढ़ जाती है। हालांकि इससे निपटने के लिए लोग कई तरीके भी अपनाते हैं। लेकिन फायदा नहीं मिलता है। ऐसे में अगर आप भी डैंड्रफ की समस्या से परेशान हैं, तो हम आपको एक घरेलू नुस्खा बताने जा रहे हैं। इस उपाय को अपनाने से न सिर्फ बाल खूबसूरत दिखेंगे बल्कि डैंड्रफ की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा। बता दें कि कई बार मौसम की मार या गलत हेयर प्रोडक्ट के इस्तेमाल से भी डैंड्रफ की समस्या होने लगती है। ऐसे में यदि इसका समय पर इलाज न किया जाए, तो स्कैल्प में एलर्जी हो जाती है और बाल झड़ने लगते हैं। ऐसे में आप यह नुस्खा अपना कर अपने बालों की केयर कर सकते हैं।

सर्दियों में होता है डैंड्रफ

हर बदलता मौसम अपने साथ ढेरों खुशियों के साथ अलावा तमाम परेशानियां भी लेकर आता है। सर्दियों में अक्सर हम सभी गर्म पानी से नहाते हैं तो यह हमारी त्वचा के साथ स्कैल्प से ऑयल खत्म करता है। इसकी वजह से स्कैल्प ड्राई होना शुरू हो जाती है। ड्राई स्कैल्प पपड़ी का रूप लेकर जलन पैदा करता है और कई बार बाल झड़ना शुरू होता है। यह बालों की खूबसूरती को कम करने लगता है।

कौन सी चीजें जिम्मेदार

ड्राई या ऑयली स्कैल्प ही नहीं बल्कि मलेसेजिया और सेबोरहाइक जैसे फंगल इंफेक्शन के कारण भी डैंड्रफ होता है। कई बार ऐसा हार्मोनल परिवर्तन की वजह से भी ऐसा होता है। वहीं हेल्दी डाइट आयरन,फाइबर, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स की कमी के कारण भी बाल कमजोर होने लगते हैं और स्कैल्प पर पपड़ी जमनी शुरू हो जाएगी। ऐसे में कुछ नेचुरल उपाय अपनाकर आसानी से डैंड्रफ की समस्या से छुटकारा पा सकती हैं।

कपूर से बनाएं हेयर ऑयल

हेयर ऑयल को बनाने के लिए 2-3 भीमसेनी कपूर को अच्छे से क्रश करें। बाउल में डालकर इसमें नींबू का रस मिक्स करें। फिर एक कप के करीब गरम नारियल तेल में इसे मिक्स कर लें। अब इसको सप्ताह में तीन दिन बालों में अप्लाई करें और किसी माइल्ड शैंपू से बालों को धो डालें। इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

दूर होगा डैंड्रफ

भीमसेनी कपूर में एंटीफंगल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं, जो फंगस की ग्रोथ को रोकने में सहायक होती है। साथ ही इसमें कूलिंग प्रॉपर्टीज स्कैल्प को ठंडक पहुंचाती है और जलन को कम करता है। इसको बालों में अप्लाई करने से यह हेयर फोलिकल्स को खोलता है और बालों की ग्रोथ में सहायक होता है। नींबू के रस में एसिडिक प्रॉपर्टीज की वजह से स्कैल्प के पीएच लेवल को बैलेंस रखकर फंगस की ग्रोथ को रोकता है।

घर पर अलग स्टाइल से बनाएं पनीर अफगानी, स्वाद ऐसा कि उंगलियां चाट जाएंगे लोग

घर पर पार्टी हो या लंच में कुछ स्पेशल बनाने की चाहत, पनीर सभी के फूड मेन्यू का हिस्सा जरूर होता है। लोग पनीर से कई तरह की रेसिपी बनाकर तैयार करते हैं। बड़ों से लेकर बच्चे तक के मुंह में कढ़ाई पनीर, शाही पनीर, पनीर बटर मसाला और पनीर टिक्का आदि का नाम सुनकर ही पानी आ जाती है। ऐसे में अगर आप भी अपने लंच को स्पेशल बनाकर सबकी तारीफ बटोरना चाहती हैं, तो आप पनीर अफगानी बना सकते हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ पनीर अफगानी की आसान सी रेसिपी शेयर करने जा रहे हैं। यह रेसिपी सिर्फ खाने में ही टेस्टी नहीं बल्कि बनाने में भी काफी आसान है।

पनीर अफगानी सामग्री

पनीर- 200 ग्राम
नमक- स्वादानुसार
काली मिर्च पाउडर- 1 चम्मच
अदरक-लहसुन का पेस्ट- 1 छोटा चम्मच
धनिया पत्ती- 1 चम्मच
प्याज- 2
अदरक- 1 इंच का टुकड़ा
लहसुन- 5-6
दही- 1 बड़ा चम्मच
हरी मिर्च- 2-3
कसूरी मेथी- 1 चम्मच
तेल

पनीर अफगानी की रेसिपी

पनीर अफगानी बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरे में पनीर के टुकड़े ले लें। अब इसमें नमक, अदरक-लहसुन का पेस्ट, काली मिर्च पाउडर, हरा धनिया और तेल डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। मिक्स करने के बाद इसे 5 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर एक पैन में तेल गर्म कर पनीर के टुकड़ों को सुनहरा होने तक तलें। अब दूसरे पैन में तेल डालकर उसमें अदरक, प्याज, लहसुन, हरी मिर्च और हरा धनिया डालकर 5 मिनट तक भूनें। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तब इसमें दही मिलाकर बारीक पीस लें।

इसके बाद इस पेस्ट में नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और गरम मसाला अच्छे से मिक्स कर दें। फिर पैन में तेल गर्म कर उसमें दालचीनी, तेजपत्ता और इलायची डालकर तैयार किया गया पेस्ट डालें। अब इसे 4-5 मिनट तक चलाते हुए पकाएं और ढक दें। जब तेल मसाले से अलग होने लगे, तो तले हुए पनीर के टुकड़ों को पैन में डालकर अच्छे से चलाएं और फिर इसे ढककर 5-6 मिनट तक पकने दें। लास्ट में इसको गार्निश करने के लिए ऊपर से बारीक कटा हरा धनिया डालें। इस सिंपल तरीके से पनीर अफगानी बनकर तैयार हो जाएगा।

रूस में चार भारतीय मेडिकल छात्र नदी में डूबे

नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में कर रहे थे पढ़ाई

मास्को। रूस में सेंट पीटर्सबर्ग के पास एक तेज बहाव वाली नदी में डूबने से चार भारतीय मेडिकल छात्रों की मौत हो गई। मरने वाले सभी छात्र हर्षल अनंतराव देसाले, जिशान अशपाक पिंजारी, जिया फिरोज पिंजारी और मलिक गुलामगौस मोहम्मद याकूब महाराष्ट्र के जलगांव के रहने वाले थे। वे नोवगोरोड स्टेट यूनिवर्सिटी में पढ़ते थे। स्थानीय लोगों ने उनके साथ मौजूद निशा भूपेश सोनावणे को बचा लिया। अब तक वोल्खोव नदी से दो शव निकाले गए हैं। बाकी की तलाश जारी है।

सभी अपने साथ पढ़ने वाली एक छात्रा को बचाने की कोशिश में डूब गए। उनकी उम्र 18 से 20 वर्ष के बीच थी। जिशान और जिया महाराष्ट्र के जलगांव के अमलनेर के रहने वाले थे। वह भाई-बहन थे। हर्षल देसले जलगांव के ही भडगांव के रहने वाले थे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि सेंट पीटर्सबर्ग में भारतीय वाणिज्य दूतावास, विश्वविद्यालय और स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मास्को में भारतीय दूतावास ने कहा है कि दुर्घटना में बचाई गई छात्रा को मेडिकल सुविधा दी जा रही है। एक छात्र जिशान के परिजन ने बताया कि सभी छात्र शाम को खाली समय में वोल्खोव नदी के किनारे टहल रहे थे। अचानक वे नदी में प्रवेश कर गए। नदी में खड़े होकर जिशान ने उन्हें वीडियो कॉल किया था। उनके पिता और परिवार के अन्य लोग जिशान और सभी छात्रों से पानी से बाहर निकलने को लगातार कह रहे थे, तभी तेज लहर उन्हें बहा ले गई।

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद ने पीएम मोदी को दी जीत की बधाई

नई दिल्ली। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी को उनकी जीत पर बधाई दी। सद्भावना का यह संकेत सऊदी अरब और भारत के बीच मजबूत राजनयिक संबंधों का प्रतीक है और दोनों देशों के बीच साझा आपसी सम्मान और सहयोग को उजागर करता है।

सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने इस बात की जानकारी दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा, क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को आम चुनावों में उनकी राजनीतिक पार्टी की जीत पर बधाई दी। वहीं इससे पहले आज विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ बातचीत में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री सीनेटर पेनी वोंग के साथ सार्थक बातचीत के लिए आभार व्यक्त किया। जयशंकर ने भारत-ऑस्ट्रेलिया मित्रता की स्थायी ताकत में अपने विश्वास पर जोर दिया और इसकी निरंतर समृद्धि के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट भी लिखा, इस दौरान उन्होंने कहा, आज पेनी वोंग से बात करके अच्छा लगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के लिए उनकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। विश्वास है कि भारत-ऑस्ट्रेलिया दोस्ती समृद्ध होती रहेगी। जानकारी के लिए बता दें कि 2024 लोकसभा चुनाव की गिनती 4 जून को हुई। भारत के चुनाव आयोग के अनुसार, भाजपा ने 240 सीटें जीतीं और अपने सहयोगियों के साथ संसद में 292 सीटें हासिल कीं।

भारतीय विश्वविद्यालयों की विश्व रैंकिंग में हुई बढ़ोतरी

पीएम मोदी ने दी बधाई

नई दिल्ली। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के नवनिर्वाचित सांसद नरेंद्र मोदी ने भारतीय विश्वविद्यालयों की क्यूएस वर्ल्ड यूनीवर्सिटी रैंकिंग में सुधार पर सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दशक में शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक बदलावों पर ध्यान केंद्रित किया है। साथ ही सरकार अपने अगले कार्यकाल में रिसर्च और प्रगति को बढ़ावा देने के लिए और भी अधिक काम करना चाहती है।

पिछले एक दशक में, भारत ने रैंकिंग में अपना प्रतिनिधित्व 318 प्रतिशत बढ़ाया है, ये जी20 देशों में सबसे अधिक बढ़ोतरी है। नरेंद्र मोदी ने पिछले दशक में शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक बदलावों पर ध्यान देने पर जोर दिया और छात्रों, शिक्षकों और संस्थानों के सामूहिक प्रयास को इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

नरेंद्र मोदी कहते हैं, पिछले दशक में, हमने शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक बदलावों पर ध्यान केंद्रित किया है। यह क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में दर्शाया जाता है। छात्रों, शिक्षकों और संस्थानों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई। मालूम हो कि यह मान्यता अपने उच्च शिक्षा क्षेत्र और वैश्विक शैक्षणिक स्थिति को ऊपर उठाने के भारत के प्रयास के बीच आई है। क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग दुनिया भर के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता और प्रतिष्ठा का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण बेंचमार्क के रूप में काम करती है।

क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) की तरफ से जारी क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 से पता चला है कि भारतीय टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (आईआईटी) बॉम्बे और दिल्ली ने वैश्विक स्तर पर टॉप 150 विश्वविद्यालयों में स्थान हासिल किया है। आईआईटी बॉम्बे ने उल्लेखनीय रूप से अपनी रैंक में 31 रैंक की बढ़ोतरी के साथ 149 से 118 तक सुधार किया है, जबकि आईआईटी दिल्ली 47 अंक ऊपर चढ़कर विश्व स्तर पर 150वें स्थान पर पहुंच गया है। बता दें कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) को अपने ग्रेजुएशन की रोजगार योग्यता के लिए उजागर किया गया है, जिसने रोजगार परिणामों की श्रेणी में विश्व स्तर पर 44वां स्थान हासिल किया है।

कल मीटिंग के लिए दिल्ली आऊंगा, जिसे मिलना हो, आ सकता है : अधीर रंजन

- अधीर रंजन चौधरी ने पार्टी छोड़ने की सारी अफवाहों को एक बार में ही खत्म कर दिया
- दिल्ली में बैठे लोग मेरे बारे में अफवाह उड़ा रहे हैं



नई दिल्ली (यूएनआई)। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी की हार के बाद से अटकलें लगाई जा रही थी कि वे पार्टी छोड़ रहे हैं। लेकिन इसी बीच उन्होंने पार्टी मीटिंग में शामिल होने की बात कर इन सब अफवाहों को खत्म कर दिया। देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव हुए। इनका परिणाम मंगलवार 4 जून को घोषित किया गया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव काफी रोचक रहा। चुनाव के लिए भाजपा, टीएमसी, कांग्रेस और अन्य दलों ने जान लगा दी। पश्चिम बंगाल की बरहामपुर सीट से कांग्रेस ने अपने नेता अधीर रंजन चौधरी को मैदान में उतारा। वहीं भाजपा ने निर्मल कुमार साहा को मैदान में उतारा। वहीं टीएमसी ने पूर्व क्रिकेटर युसुफ पठान को प्रत्याशी घोषित किया। मंगलवार को जारी हुए नतीजों में युसुफ पठान बहरामपुर की सीट से विजयी रहे। उन्हें 524516 वोट मिले, वहीं अधीर रंजन चौधरी को 439494 वोट मिले। इसके बाद से ही अधीर रंजन चौधरी के पार्टी छोड़ने की चर्चा चल रही थी। इसी बीच उन्होंने बयान दिया था कि आने वाला समय मेरे लिए कठिन है। बृहस्पतिवार को अधीर रंजन चौधरी ने पार्टी छोड़ने की सारी अफवाहों को एक बार में ही खत्म कर दिया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे ने मुझे बुलाया है। मैं कल कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में जा रहा हूं। दिल्ली में बैठे लोग मेरे बारे में अफवाह उड़ा रहे हैं, कि मैंने पार्टी छोड़ दी है। लेकिन यह बातें सिर्फ झूठ हैं, मैं कल बैठक में दिल्ली जाऊंगा, आपको मुझसे मिलना हो तो आप आ सकते हैं।

आठ महीने से जारी युद्ध के बीच इस्राइली प्रधानमंत्री का अमेरिका दौरा, 24 जुलाई को सांसदों को संबोधित

वाशिंगटन (यूएनआई)। हमास के साथ जारी युद्ध के बीच, इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका का दौरा करेंगे। रिपब्लिकन पार्टियों के नेताओं का कहना है कि इस्राइली पीएम 24 जुलाई को अमेरिकी कांग्रेस में सांसदों को संबोधित कर सकते हैं। यह दौरा इस्राइल के लिहाज से अहम माना जा रहा है क्योंकि, कूटनीतिक रूप में वैश्विक स्तर पर युद्ध के कारण इस्राइल अलग-थलग पड़ता जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पिछले सप्ताह ही एक इस्राइली तीन-चरणीय योजना पेश की थी। इससे संघर्ष को समाप्त हो जाएगा, सभी बंधक भी मुक्त हो जाएंगे और हमास के सत्ता में आए बिना तबाह फलस्तीन का पुनर्निर्माण हो सकेगा। हालांकि, इस्राइली प्रधानमंत्री का जोर है कि जब तक कि इस्राइल सभी लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर लेता, तब तक युद्ध समाप्त नहीं करेगा। इस्राइली लक्ष्यों में हमास का विनाश भी शामिल है। अमेरिकी सदन के दोनों पक्षों के चार शीर्ष नेताओं ने पिछले सप्ताह ही नेतन्याहू से भाषण देने के लिए कहा था, जिसमें आंतकवाद और अमेरिकी-इस्राइली नागरिकों को बंधक बनाए जाने का विषय अहम है। अमेरिकी नेता का कहना है कि नेतन्याहू का दौरा अमेरिका-इस्राइल के मजबूत रिश्तों को दर्शाता है।

इस्राइली पीएमओ ने यात्रा की हामी तो भर दी है, पर अभी यह तय नहीं हो सका है कि वे कब दौरा करेंगे और कब अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे।

इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, तजाची हनेग्बी ने हाल ही में कहा था कि हमारे युद्ध मंत्रिमंडल ने 2024 को लड़ाई का वर्ष घोषित किया है। हनेग्बी ने कहा कि मई 2024 का पांचवां महीना हैं। इसका अर्थ है कि हमास की सैन्य और सरकारी क्षमताओं को नष्ट करने के लिए हमें सात और महीने युद्ध करना पड़ सकता है। बता दें, इस्राइली अधिकारी का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मध्य राफा में देखे गए टैंक बुधवार को दक्षिणी गाजा शहर की ओर बढ़ते दिखे। इस्राइल पर बढ़ते वैश्विक दबाव के बावजूद यह कार्रवाई जारी है। गौरतलब है कि सात अक्तूबर की सुबह हमास द्वारा करीब 5000 रॉकेट इस्राइली शहरों पर दागे गए थे, जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध जारी है। इस्राइल ने इस हमले को आंतकी

'जब तक मोदी प्रधानमंत्री बने रहेंगे, तब तक देश नहीं झुकेगा...'

नई दिल्ली। जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि जब तक नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने रहेंगे, तब तक देश किसी के सामने नहीं झुकेगा। पवन कल्याण ने शुक्रवार को संसद में एनडीए के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा, मोदी जी आप वास्तव में देश को प्रेरित करते हैं, जब तक आप इस देश के प्रधानमंत्री हैं, हमारा देश कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा।

वहीं, तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत के लिए सही समय पर सही नेता हैं, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को टीडीपी के समर्थन की पुष्टि की। नायडू ने प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी के नाम का प्रस्ताव रखा और उनके सबका साथ, सबका विकास और विकसित भारत के विजन को रेखांकित किया। उन्होंने आग्रह किया कि भारत के लिए यह अच्छा अवसर कभी न चूकें। नायडू ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पिछले 10 वर्षों में कई पहल की हैं। नरेंद्र मोदी के पास एक विजन और जोश है, उनका क्रियान्वयन बहुत बढ़िया है। वे अपनी सभी नीतियों को सच्ची भावना से क्रियान्वित कर रहे हैं। आज भारत के पास सही समय पर सही नेता है और वह नरेंद्र मोदी हैं। यह भारत के लिए बहुत अच्छा अवसर है, अगर आप इसे अभी चूक गए तो हम हमेशा के लिए चूक जाएंगे।

भीषण गर्मी में हाईवे पर उतरे किसान, अफसरों की फूल गई सांसों हाथ जोड़कर बमुश्किल मनाया

- रोक दिए गए थे दिल्ली की दिशा में जाने वाले वाहन
- किसानों ने हाईवे किया जाम, वाहनों की लगी लाइन

अमरोहा (स.उ.सं)। गजरौला में भाकियू शंकर गुट के धरने के बीच बिजली विभाग सहित अन्य विभागों के अफसरों के नहीं पहुंचने पर आक्रोशित किसानों ने ब्रजघाट तक पैदल कूच करने का ऐलान कर पुलिस-प्रशासनिक अफसरों को सांसत में डाल दिया। अफसर मौके पर दौड़ पड़े। किसी तरह समझाया कि ब्रजघाट तक पैदल कूच न करें। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक को अपना ज्ञापन सौंपा।

किसान दोपहर 12 बजे से ही चौपला पर आ गए। यहां पर बैठे किसानों ने अपने मुद्दे उठाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि नया किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा के नाम पर किसान का उत्पीड़न किया जा रहा है। तीन सौ रुपये का स्टांप लिया जा रहा है। केसीसी बंद होने पर भूमि बंधन मुक्त किए जाने की जिम्मेदारी बैंक की है, लेकिन बैंक अनदेखी कर रहे हैं। 1.60 लाख तक के केसीसी पर जबरन एनईसी चार्ज लिया जा रहा है। चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसान का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। दो बजे तक किसानों के बीच बिजली, बैंक का कोई अफसर नहीं आया तो उनका धैर्य जवाब दे गया। ब्रजघाट पैदल कूच का ऐलान कर दिया। इससे पुलिस और प्रशासनिक अफसरों के हाथ पांव फूल गए। एसडीएम व सीओ ने किसी तरह किसानों को समझा कर ब्रजघाट जाने से रोका। इस मौके स्वामी हर मनोज दास, सतपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, वीरपाल सिंह, रीना रानी, दिनेश कुमार अग्रवाल, प्रमोद नागर, कुंवरपाल राणा, ओमवीर सिंह, धर्मवीर सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे। भाकियू शंकर गुट के किसान नारेबाजी करते हुए हाईवे की सर्विस रोड पर पहुंच गए। मुरादाबाद से दिल्ली जाने वाले वाहनों की सर्विस रोड पर पैदल चलते-चलते सीओ ऑफिस से आगे निकल गए। हसनपुर की तरफ से दिल्ली जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया। यहां पर मुस्तैद पुलिसकर्मियों ने वाहनों को रोक कर दूसरे मार्ग से निकाला। इस कारण जाम की स्थिति बनी रही। ओवरब्रिज के ऊपर से गुजर कर दिल्ली जाने वाली रोडवेज बसों को भी रोक कर दूसरे मार्ग से गुजारा गया। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों को यह आशंका थी कि किसानों ने जाम लगा दिया तो बड़ी परेशानी सामने आ सकती है। रजबपुर में मांगों को लेकर भाकियू असली ने बृहस्पतिवार दोपहर तीन बजे रजबपुर चौकी के सामने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया। उनकी मांग की बिजली कटौती, छुट्टा पशुओं को लेकर आक्रोश जताया। करीब 10 से 15 मिनट तक हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया।

12 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे चंद्रबाबू नायडू

विशाखापत्तनम। तेलुगु देशम पार्टी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। तेदेपा के वरिष्ठ नेता के रघु राम कृष्ण राजू ने यह दावा किया है। उन्होंने बताया कि चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे सीएम पद की शपथ ले सकते हैं। लोकसभा चुनाव के साथ ही आंध्र प्रदेश में विधानसभा चुनाव भी हुए, जिनमें तेदेपा ने जबरदस्त जीत हासिल की। जिसके बाद चंद्रबाबू नायडू की पार्टी तेदेपा एक बार फिर आंध्र प्रदेश की सत्ता में वापसी कर रही है।

रघु राम कृष्ण राजू ने कहा, चंद्रबाबू नायडू 12 जून को शाम करीब 4.55 बजे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेंगे। यह आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए बड़ी खुशी का पल है, जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे नेताओं चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण की तारीफ की। हमारे नेताओं ने भी प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान जताया। बेशक हमें केंद्र से काफी मदद की जरूरत होगी क्योंकि पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने राज्य को काफी नुकसान पहुंचाया है। यह पूछे जाने पर कि क्या तेदेपा ने केंद्र की कैबिनेट में शामिल होने को लेकर क्या कोई विशेष मांग की है? इसके जवाब में तेदेपा नेता ने कहा कि मेरा इस पर टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि हमारे नेता उस तरह के लोग हैं, जो मांग करें। अच्छे संबंधों के चलते वह काफी कुछ हासिल कर सकते हैं, लेकिन वे मांग नहीं करेंगे।

वायु जीवनदायिनी, आओ वृक्ष लगाएं

लखनऊ (स.उ.सं)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं। न केवल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल प्रकृति को नष्ट कर रहा है, बल्कि यह हमें प्रकृति से दूर भी कर रहा है। अगर हम वास्तव में सेहतमंद रहना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। वह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की एनएसएस इकाई की ओर से पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। यूनिवर्सिटी कैंपस में पवेलियन के आसपास बुक्सर के पांच पौधे रोपे गए, जबकि 150 छायादार और फलदार पौधे यूनिवर्सिटी के गोद लिए गए गांवों में रोपित किए जाएंगे। इस मौके पर डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर एवम् चीफ प्रॉक्टर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि, एनएसएस समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, डॉ. विनोद जैन, श्री धर्मेंद्र सिंह के साथ-साथ सभी एनएसएस इकाई कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित रहे।

विरोध : संसद में गांधी, आंबेडकर और शिवाजी की प्रतिमाएं स्थानांतरित करने पर भड़का विपक्ष

नई दिल्ली (यूएनआई)। संसद भवन परिसर में 18वीं लोकसभा के सदस्य जब शपथ लेंगे तब वहां अलग ही तरह का नजारा देखने को मिलेगा। संसद भवन परिसर में न केवल महात्मा गांधी, बाबासाहेब आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी की प्रतिमाएं अब अपने निर्धारित स्थानों पर नहीं रहेंगी, बल्कि परिसर में संसद सुरक्षा कर्मियों की जगह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तैनाती भी की जाएगी। संसद परिसर में किए जा रहे पहले बदलाव से जहां खास तौर पर कांग्रेस नाराज हो गई है।

विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि संसद परिसर में महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और छत्रपति शिवाजी सहित अन्य की प्रतिमाओं को स्थानांतरित कर दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विपक्षी दल लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन न कर सकें। साथ ही यह भी कहा कि इस तरह के हथकंडे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अस्थिर सरकार को गिरने से नहीं बचा सकते। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रतिमाओं को स्थानांतरित करने के लिए लोकसभा सचिवालय के स्पष्टीकरण को पूरी तरह फर्जी करार दिया और कहा कि इस मामले पर किसी भी राजनीतिक दल के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है। इस पर लोकसभा सचिवालय ने सफाई दी। उसने एक बयान में कहा कि प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर के पीछे की ओर एक नए स्थान पर ले जाया जाएगा, जिसे प्रेरणा स्थल कहा जाएगा। संसद भवन परिसर की लैंडस्कैपिंग की योजना की घोषणा करते हुए लोकसभा सचिवालय ने कहा है कि संसद परिसर में देश के महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं परिसर के विभिन्न हिस्सों में स्थापित की गई थीं। संसद परिसर में अलग-अलग स्थानों पर स्थित होने के कारण आगंतुक इन प्रतिमाओं को आसानी से नहीं देख पाते थे। इस कारण इन सभी प्रतिमाओं को संसद भवन परिसर में ही एक भव्य प्रेरणा स्थल में सम्मानपूर्वक स्थापित किया जा रहा है। प्रतिमाओं के स्थानांतरण करने पर जयराम रमेश भड़क गए। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा, कल दोपहर मैंने इस बात पर प्रकाश डाला था कि कैसे मोदी सरकार छत्रपति महाराज, महात्मा गांधी और डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं को संसद भवन के सामने स्थित विशिष्ट स्थानों से दूसरी जगह स्थानांतरित कर रहा है। उन्होंने आगे कहा, मूर्तियों को हटाए जाने की तस्वीरें सामने आने के बाद, घबराहट में कल देर रात आठ बजे के बाद लोकसभा सचिवालय को इस बदलाव के लिए पूरी तरह से फर्जी और स्पष्ट रूप से मनगढ़ंत स्पष्टीकरण जारी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मूर्तियों के स्थान में बदलाव के लिए किसी भी राजनीतिक दल से कोई चर्चा नहीं हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, बदलाव का असली कारण अब बताया जा सकता है। दरअसल ये मूर्तियां वही स्थान थे, जहां पिछले 10 वर्षों से विपक्षी दल मोदी सरकार के खिलाफ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक ढंग से विरोध प्रदर्शन करते थे। टीडीपी और जेडीयू भी इन प्रदर्शनों में शामिल होते थे। बनने जा रहे एक-तिहाई प्रधानमंत्री स्पष्ट रूप से संसद की बैठक के बगल में कोई जगह नहीं चाहते हैं जहां उनके और उनकी सरकार के खिलाफ संवैधानिक तरीके से भी विरोध प्रदर्शन हो सके। ऐसे स्टंट अब उन्हें और उनकी अस्थिर सरकार को गिरने से नहीं बचा सकते। सीपीआई के नेता डी राजा ने भी इस कदम की निंदा की और इसे मनमाना और एकतरफा बताया।

मुक्त विश्वविद्यालय बनाएगा अपनी ब्रांडिंग: प्रोफेसर सत्यकाम

प्रोफेसर सत्यकाम ने उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्व विद्यालय के कुलपति का पदभार ग्रहण

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के प्रति कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने शुक्रवार को कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय वर्ष 2047 तक उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात शत् प्रतिशत ले जाने की दिशा में तेजी से कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षक विश्वविद्यालय के मेरुदंड हैं। उनके प्रयास से ही यह संकल्प सरकार हो पाएगा। हमारे अंदर यह जज्बा होना चाहिए कि हम भी कुछ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह लक्ष्य पूरा कर लिया तो हम मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरेंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारे सामने कोई बाधा नहीं आएगी। हम सभी के सहयोग से इस बाधा को पार कर लेंगे। उन्होंने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय अपनी ब्रांडिंग बनाने पर जोर देगा। इस अवसर पर निवर्तमान कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह ने नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम का स्वागत करते हुए कहा कि दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में इतने लंबे वर्षों तक कार्य करने के अनुभव का लाभ इस मुक्त विश्वविद्यालय को मिलेगा। मुक्त विश्वविद्यालय की टीम विश्वविद्यालय को आगे बढ़ाने में उनका भरपूर सहयोग करेगी। प्रोफेसर सिंह ने पूर्व कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इस विश्वविद्यालय को काफी आगे बढ़ाया। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम एवं वर्तमान कुलपति प्रोफेसर अखिलेश कुमार सिंह का स्वागत कुल सचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशकों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

घर से निकले बुजुर्ग की ट्रेन से कटकर मौत

प्रयागराज। घर से दवा लेने निकले बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कौशांबी के मंझनपुर बुआस तैयबपुर निवासी लोटन गुरुवार की सुबह घर से दवा लेने को बोलकर निकले थे। लोटन देर रात तक घर नहीं पहुंचे तो परिजन ढूंढते हुए पता किया तो पता चला कि पुरामुफ्ती थाने के पास एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। परिजन थाने गए तो पुलिस ने बताया कि शव पोस्टमार्टम हाउस में है जाकर पहचान कर लो। ग्राम प्रधान इंद्र राम सरोज के साथ परिजन पोस्टमार्टम पहुंचे तो देखा की शव लोटन की ही थी। पुलिस और परिजन यह नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर लोटन दवा लेने के लिए निकले थे तो पुरामुफ्ती के पास रेलवे ट्रेक पर कैसे पहुंचे।पुलिस जांच में जुटी है कि लोटन ने आत्महत्या की तो या वह ट्रेन की चपेट में आ गया है।

बज़्मे सोज़ो मर्सिया में मीर अनीस व मीर दबीर की शायरी पर सेमिनार

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। यूनिवर्सल ह्यूमन वेलफेयर सोसायटी व फखरुद्दीन अली अहमद मेमोरियल कमेटी की ओर से करैली ज़ेड स्क्वायर में ख्यातिप्राप्त मर्सियागो मीर अनीस व मीर दबीर की शायरी पर बज़्मे सोज़ो सलाम का आयोजन हुआ। आयोजन के दौरान जहां बनारस के मशहूर सोज़ख्वान लियाकत अली खान व प्रयागराज के फ़ैज़ जाफरी ने बेहतरीन आवाज़ का जादू बिखेरते हुए मर्सिया पढ़ी तो वहीं हसनैन मुस्तफाबादी, ज़मीर भोपतपूरी व डॉ नायाब बलियावी ने पेश्ख्वानी के फन से मौजूद लोगों की दाद बटोरी। जावेद रिज़्वी करारवी व उरुज ग़ाज़ीपुरी ने मर्सियाख्वानी से मीर अनीस व मीर दबीर को याद किया। आयोजक शफक़त अब्बास पाशा द्वारा आयोजित बज़्मे सोज़ो मर्सिया का आग़ाज़ रज़ा अब्बास जैदी की तिलावते कुरआन पाक की आयतों को पढ़ने से हुआ। मौलाना सैय्यद आमिरुर रिज़्वी के संचालन मे हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना सैय्यद जवादुल हैदर रिज़्वी ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतहर सग़ीर तूरज जैदी व विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौलाना सैय्यद मोहम्मद अली गौहर ने शायरों मर्सियाख्वानो व सोज़ख्वानों के फन की तारीफ करते हुए स्व शायर काविश इलाहाबादी को मरणोपरांत उनके बेटे मुंतजिर रिज़्वी व बुज़ुर्ग मर्सियाख्वान खतीबे अहलेबैत स्व ज़ायर हुसैन को मरणोपरान्त उनके बेटे काज़िम अब्बास व विभिन्न ओलमा को शॉल ओढ़ाकर व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मौलाना इरफान हैदर ज़ैदी, मौलाना अलमदार हसनैन, मौलाना मोजिज़ अब्बास, मौलाना वसी हैदर, मौलाना सलमान हैदर, मौलाना जाबिर अब्बास, मौलाना सफदर अब्बास रज़ा, शायर नय्यर जलालपुरी हसन नक़्वी, रौनक़ सफीपुरी, रुस्तम साबरी, नजीब इलाहाबादी, ज़ुलक़रनैन आब्दी, राशिद हैदरी, ज़फ़र रज़ा, अब्बास गुड्डू, अहसन रज़ा, कैप्टन मोहम्मद मेंहदी, ज़फ़र अब्बास ज़ेड एम आर, शकील अब्बास, नय्यर आब्दी, अरशद नक़्वी, सैय्यद मोहम्मद अस्करी, वासिफ रिज़्वी आदि शामिल रहे।

दूसरे दिन मिला जमुना में डूबे युवक का शव

प्रयागराज। कीडगंज थाना अंतर्गत नए यमुना पुल से एलएलबी के छात्र ने यमुना नदी में कूद कर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नदी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर मिंटो रोड निवासी सैयद मोहम्मद ताहा का पुत्र सैयद मोहम्मद अजीम एलएलबी थर्ड ईयर का छात्र था। अजीम नैनी स्थित हेमवंती नन्दन बहुगुणा कॉलेज से एलएलबी कर रहा था। अजीम गुरुवार को घर से सुबह एग्जाम देने के लिए निकला था। देर रात होने पर जब मां नाज फातिमा ने पता किया तो अजीम का पता नहीं चल सका। मां नाज फातिमा ने कॉलेज में पता किया तो पता चला अजीम एग्जाम देने गया ही नहीं था। ढूंढने पर अजीम की स्कूटी नए यमुना पुल के बीचो-बीच लावारिश हालत में मिली। आस पास पूछने पर लोगों ने बताया कि एक युवक नदी में कूदा था। परिजन ने जल पुलिस और गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की तो नदी में अजीम का शव मिला पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सहपाठिनी छात्र के साथ करता था छेड़खानी

प्रयागराज। जार्जटाउन थाने में बीए तृतीय वर्ष की एक छात्रा ने अपनी कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र के खिलाफ छेड़खानी, जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि आरोपी छात्र फोन कॉल और मैसेज कर परेशान करता है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चित्रकूट निवासी छात्रा जार्जटाउन में रहती है। वह एमजी मार्ग स्थित एक पीजी कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है कि उसके कॉलेज का बीए तृतीय वर्ष का छात्र अभय तिवारी उसे फोन कॉल, मैसेज और रास्ते में पीछा व परेशान करता है। कई चेतावनी देने के बाद भी उसकी हरकत में सुधार नहीं हुआ। परेशान छात्रा ने जार्जटाउन पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच में जुटी है।

अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक का शुभारंभ

शिक्षा को रूचिकर व जीवंत बनाने के लिए पाठ्यक्रमों में होने चाहिए आवश्यक सुधार: राजशरण शाही

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक का सूरत में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल और राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान ने दीप प्रज्ज्वलन कर आयोजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के आरंभ में गुजरात के लोकनृत्य गरबा तथा प्रचलित स्थानीय वाद्ययंत्रों के माध्यम से देशभर से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया गया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद की बैठक में शुक्रवार को 5 प्रस्ताव उपस्थित प्रतिनिधियों के सामने चर्चा के लिए पढ़े गए, इन प्रस्तावों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के पूर्ण क्रियान्वयन, पेपर लीक की समस्या, नैक से जुड़ी समस्याओं, शैक्षणिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को विकसित करने, विकसित भारत में युवाओं की भागीदारी, नवनिर्वाचित सरकार से जन अपेक्षाएं जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया है। इन प्रस्तावों पर आगामी 2 दिनों तक विस्तार से मंथन होगा तथा 09 जून को इसे पारित किया जाएगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजशरण शाही ने राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में शामिल करना चाहिए, यदि उच्च शिक्षण संस्थानों को जीवंत बनाना है तो पाठ्यक्रमों में वर्तमान आवश्यताओं के अनुरूप बदलाव करने पड़ेंगे। आज बहुविषयक शिक्षा को बढ़ावा देने की आवश्यकता है और पाठ्यक्रमों को जीवंत तथा रोजगारोन्मुख करना होगा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री श्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद की कार्यप्रणाली निरंतर नए सूत्रों को समाहित कर समाज-जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की ध्येय यात्रा में आगे बढ़ रही है। देशभर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में वामपंथी तथा नकारात्मक शक्तियों का छात्रों के साथ मिलकर एबीवीपी ने मुखरता से प्रतिकार किया है।

पूर्व प्रधान के हत्यारोपी गिरफ्तार तमंचा कारतूस बरामद

जौनपुर। सिगराऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर गांव के पूर्व प्रधान की गोली मारकर मौत की नींद सुलाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास हत्या में प्रयोग किया गया तमंचा और दो कारतूस बरामद किया है।

मालूम हो कि सिगरामऊ थाना क्षेत्र के इनामीपुर गांव में पांच जून को बच्चो के विवाद में पूर्व प्रधान मुकेश तिवारी को बदमाशों ने गोली मारकर फरार हो गये थे इलाज के दरम्यान उनकी मौत हो गयी थी। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके अरोपियों की तलास में जुट गयी है। बीती रात नामजद आरोपियो को सिंगरामऊ पुलिस ने जफराबाद थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा के पास से गिरफ्तार कर लिया।

संक्षिप्त समाचार

बीजेपी की जीत की खुशी में मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याक्षीयो की जीत को लेकर एक तरफ जहां बीजेपी समर्थको में काफी खुशी की लहर है वही लोग एक दूसरे को बधाई दे रहे है। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य दर्जा प्राप्त मंत्री हैदर अब्बास चांद के नेतृत्व में सैकड़ों मुस्लिम कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद पेश की। इस अवसर पर हैदर अब्बास चांद ने कहा की मोदी ने बगैर किसी भेदभाव के विकास का काम किया है। उन्होंने कहा की एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। बीजेपी ने जो नारा दिया था सच निकला। तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनने जा रहे है। इसकी खुशी अल्पसंख्यकों में बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा की जनता मोदी पर विश्वास करती हैं इसीलिए प्रचंड बहुमत से लोगो ने बीजेपी प्रत्याक्षी को जीत दिलाने का काम किया है। बीजेपी ने सबका साथ सबका विकास करने का काम किया है। हैदर अब्बास चांद ने नरेन्द्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुने जाने पर लोगो को बधाई भी दी।

पर्यावरण संरक्षण के लिए वितरित किए पौधे

प्रयागराज। पर्यावरण जागरूकता हेतु पौधारोपण की दिशा में कार्य करने वाली संस्था वसुधा फाउंडेशन ने आज लोगों को पौधे वितरित कर उन्हें लगाने और पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करने का संदेश दिया। पर्यावरण जागरुकता पौधरोपण की दिशा में सोलह वर्षो से कार्यरत वसुधा फाउंडेशन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर संगम क्षेत्र में श्रद्धालुओ को आंवला, चांदनी, रातरानी इत्यादि के पौधों का वितरण करते हुए उन्हें निरंतर पौधरोपण करते रहने और पालीथिन से बचने की सलाह दी। साथ ही जल के समुचित प्रयोग का अनुरोध किया गया कार्यक्रम में महासचिव मैथिली सिंह, कोषाध्यक्ष श्वेता पांडे, पर्यावरण अधिकारी श्वेता सिंह, निदेशक उर्मिला जायसवाल, उपाध्यक्ष रंजना गुप्ता, अशू नागर, संजय पांडे, जगदीश केसरवानी इत्यादि सदस्यों का सहयोग रहा।

मनाया गया प्रयागराज की पहली आजादी का महोत्सव

प्रयागराज। प्रयागराज की पहली आजादी का महोत्सव आज खुशरू बाग परिसर में भारत भाग्य विधाता प्रयागराज के तत्वावधान में मनाया गया। ज्ञातव्य है कि राष्ट्र भक्त नागरिकों द्वारा भारत वर्ष की आजादी के बहुत पहले विदेशी शक्तियों से संघर्ष करके इलाहाबाद को 7 जून 1857 को आजाद करा दिया था और 17 जून 1857 तक प्रयागराज आजाद था। उस दौरान यहाँ भारतीय अधिकारियों ने शासन किया था। संयोजक राष्ट्र भक्त और गंभीर शोधक वीरेंद्र पाठक द्वारा आयोजित इस देश भक्ति पूर्ण कार्य क्रम में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र तथा विशिष्ट अतिथि मंडलायुक्त विश्वास पंत रहे। कार्य क्रम की अध्यक्षता स्वतंत्रता संग्राम के जानकार और उच्च न्यायालय के विद्वान शासकीय अधिवक्ता आशुतोष कुमार संड रहे। संचालन डॉ प्रमोद शुक्ला ने किया।

प्रदेश स्तरीय तैराकी एवं फुटबाल प्रतियोगिता के लिए जनपदीय चयन परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 तैराकी संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर, जूनियर बालक/बालिका तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 23 जून, 2024 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्धार्थनगर में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में सब-जूनियर बालक/बालिका एवं जूनियर बालक/बालिका तैराकी के बालक /बालिका खिलाड़ी 09 जून 2024 को प्रातः 10.00 बजे उपस्थित होकर अपने आवश्यक अभिलेख की छायाप्रति कार्यालय में प्रस्तुत करें। जनपद स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 11 जून 2024 को प्रातः 7.30 बजे से बी0एच0यू0 स्थित तरणताल में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही सब-जूनियर, जूनियर बालक/ बालिका तैराकी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 फुटबाल संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 26 जून 2024 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 26 जून 2024 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम सहारनपुर में किया जा रहा है। जूनियर बालक फुटबाल एवं जूनियर बालिका फुटबाल का जनपदीय चयन परीक्षण 14 जून 2024 को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में प्रातः 9 बजे से किया जायेगा। जनपद चयन परीक्षण में चयनित बालक/बालिका खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा।

दो दर्जन से अधिक विद्यार्थियों को मिली जाब

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय कैंपस प्लेसमेंट में वर्ष 2022-23 और 2023-2024 के उत्तीर्ण छात्रों को भी मिल रही जॉब। सेंट्रल प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग सेल के कोर्डिनेटर प्रो प्रदीप कुमार ने बताया कि सेल के द्वारा लगातार प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित की गयी, जिसमे न केवल वर्ष 2023-2024 बल्कि 2022-23 के उत्तीर्ण छात्रों को भी जॉब दी गई है। इसी कड़ी में एम बी ए के छात्र मो. हुजेफा खान ने इंदौर में के वी बी स्टाफिंग सॉल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड में एक्सकुटिव पीपल्स ऑपरेशंस के पद पर ज्वाइन किया है। इसी क्रम में लगभग दो दर्ज़न से अधिक बी टेक छात्रों ने सन्कैप टेलिकॉम प्राईवेट लिमिटेड व ओसियन टेक्नोलॉजीज में ज्वाइन किया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने जाब पाए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं। छात्रों ने भी विश्वविद्यालय द्वारा ट्रेनिंग व प्लेसमेंट के अवसर प्रदान करने हेतु प्लेसमेंट सेल की सराहना की है।

जनता ने देश की राजनीति में अखिलेश यादव को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है: उमाशंकर

यह जीत देश की जनता जनार्दन की जीत है: राहुल

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। नगर स्थित समाजवादी पार्टी जनसंपर्क कार्यालय पर जनपद की दोनों लोकसभा सीटों पर सपा प्रत्याशियों ने जीत हासिल किया है और इस जीत से उत्साहित सपा कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी। सपा द्वारा मनाए जा रहे जीत में सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गले लगाकर और हाथ मिलाकर जीत की बधाई दी। जौनपुर लोकसभा और मछलीशहर लोकसभा सीट से चुनाव जीतने पर उमाशंकर चौरसिया के नेतृत्व में एक बैठक हुई। जिसमें एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। सपा जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग उमाशंकर चौरसिया ने कहा कि इंडिया गठबंधन का पूर्ण बहुमत में नहीं आना, जहां इस देश का दुर्भाग्य है. वहीं उलटफेर के बीच सपाईयों का 37 सीटों पर कब्जा करना भविष्य की राजनीति में बड़े उलट फेर का संकेत है। जनता ने देश की राजनीति में अखिलेश यादव को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि अखिलेश यादव सही मायने में समाजवाद की एक नई फिजा हैं, जिनपर देश के पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक को पूरा भरोसा है और यह संकेत है कि हमारे नेता इस देश के भविष्य के पीएम मैटेरियल है। राहुल यादव ने कहा कि जौनपुर समेत अन्य जगहों पर सपा ने 37 सीट पर जीत दर्ज कर देश की राजनीति में अपनी अहमियत साबित कर यह संकेत दे दिया है कि देश की राजनीति में अखिलेश और सपा का कोई तोड़ नहीं है और यह जनता जनार्दन की जीत है। कार्यक्रम में सपा के जिला उपाध्यक्ष राजमूर्ति सरोज ,जिला पंचायत सदस्य दिनेश यादव ,फरहान आलम,संजीत यादव ,कल्लू सोनी ,ओपी यादव ,शारदा यादव राजेश विश्वकर्मा समेत सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

17 केंद्रों पर 09 जून को होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार की उपस्थिति में बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जनपद में कुल 17 केंद्रों पर बीएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसको लेकर अधिकारियों के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर किसी भी दशा में इलेक्ट्रानिक उपकरण नहीं पहुंचना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को पहले ही परीक्षार्थियों को चेक करना होगा। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी ताकि परीक्षकों पर भी नजर रखी जा सके। जनपद में नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए 09 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 17 स्टैटिक और 34 आब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। नगर मजिस्ट्रेट ने चेतावनी देते हुए कहा कि गड़बड़ी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही प्रकाश में आने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ विधिक रूप से कार्यवाही की जाएगी। परीक्षा दो सत्रों में आयोजित होगी। प्रथम सत्र प्रातः 09.00 बजे से 12.00 बजे तक एवं अपरान्ह् 02.00 बजे से 05.00 बजे तक आयोजित की जायेगी। परीक्षा में कुल 8237 परीक्षार्थी भाग लेंगे। स्टैटिक मजिस्ट्रेट सीसीटीवी के मॉनीटरिंग की व्यवस्था दुरुस्त कराएंगे। ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के निर्देश दिया। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर के अन्दर किसी भी फोटो स्टेट की दुकान नही खुलेगी। इस अवसर पर बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि विजय कुमार वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, प्रो. शम्भूराम (प्राचार्य आर.एस.के.डी. पीजी कालेज जौनपुर, अमृतलाल पूर्वांचल विश्वविद्यालय, डा. राकेश कुमार पाण्डेय, शैलेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जनता ने वोट के माध्यम से की संविधान की रक्षा

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हवलदार यादव के नेतृत्व सपा नेताओं ने आज मेहता पार्क में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए हवलदार यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में सांप्रदायिक, फासीवादी, पूंजीवादी सरकार व संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण विरोधी भाजपा को लगाम लगाने का कार्य समाजवादी पार्टी ने किया। उन्होने कहा की बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, स्वर्गीय नेता जी की नीतियों सिद्धांतों में विश्वास कर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जुझारू, विकासउन्मुख नेतृत्व में जनता ने देश में बड़ा सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन किया है।

जनतांत्रिक गठबंधन के तहत बनी हमारी सकार

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। भारतीय जनता पार्टी लालगंज व आजमगढ़ ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बैठक में शुक्रवार को नरेंद्र मोदी को तीसरी बार संसदीय दल का नेता चुने जाने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां खिला कर खुशी जाहिर किया। जिला अध्यक्ष सूरज प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय जतांत्रिक गठबंधन की बैठक में नरेंद्र मोदी को संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रहे है। नरेंद्र मोदी दूसरे ऐसे नेता है जो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।भारतीय जनता पार्टी का हर कार्यकर्ता दिन रात अथक परिश्रम किया है।इतनी भीषण गर्मी के बाद भी कार्यकर्ता पुरुषार्थ और परिश्रम किया। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल किया है। मोदी के नेतृत्व में देश पुनः विकास के पथ पर अग्रसर होगा और विकसित भारत की संकल्पना की पूर्ति होगी। हम लालगंज और आजमगढ़ भले ही हार गए है लेकिन बिना किसी भेद भाव के हमारी सरकार पूरी क्षमता के साथ हमारे जिले का उसी तरह से विकास करेगी।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सदर श्रीकृष्ण पाल, लोक सभा प्रभारी घनश्याम सिंह पटेल, निवर्तमान जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय, पूर्व जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र राय, जिला मंत्री सुनील सिंह, अजय यादव, प्रमोद राय, जिला मीडिया प्रभारी मयंक श्रीवास्तव, मनीष सिंह, मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह, बृजेश राय, राजू राजभर, शिवम राय आदि उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी/हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा सूचना सं०	टीआरडी-3-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-24-2-कॉल
कार्य का नाम	ओएचई संशोधन कार्य के संबंध में: (i) अमेठी-लखनऊ खंड में एलसी गेट संख्या 122/सी, 145/सी, 152/सी, 159/सी, 172/सी, 182/सी और 188/सी के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध, (ii) राय बरेली-उतरेटिया खंड में एलसी गेट संख्या 175/बी (किमी 1025.059) के बदले आरयूबी के प्रावधान के संबंध।
अनुमानित लागत	₹1,15,82,983.83 — बयाना राशि: ₹2,07,900/-
कार्य पूर्ण करने की अवधि	12 माह
निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 01.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद।
प्रस्ताव की वैधता	निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन
उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।
पात्रता मापदण्ड	निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। एक समान कार्य की परिभाषा होगी: Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25kVAC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी-3-सीनि०डी०ई०ई०-लखनऊ-24-2-कॉल

दिनांक 04.06.2024 1695/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य/उ0रे0
नीलामी सूची स0/लॉट स0	Parking-LKO-PYGS-TW-76-24-1 (Parking Two Wheeler)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	01-06-2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	17-06-2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	17-06-2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची स0/लॉट स0	Parking-LKO-JOP-MX-133-24-1 (Parking - Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	01-06-2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	17-06-2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	17-06-2024 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची स0/लॉट स0	Parking-LKO-AME-MX-132-24-1 (Parking - Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	01-06-2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	17-06-2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	17-06-2024 समय 10:50 बजे
नीलामी सूची स0/लॉट स0	Parking-LKO-RDL-MX-90-24-5 (Parking - Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	01-06-2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	17-06-2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	17-06-2024 समय 11:00 बजे
नीलामी सूची स0/लॉट स0	Parking-LKO-GNG-MX-85-24-2 (Parking - Mixed)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	01-06-2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	17-06-2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय	17-06-2024 समय 11:10 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

1663/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा यूज्ड कार आउटलेट (टीयूसीओ) सुविधा शुरू की

बरेली। ग्राहक सबसे पहले के अपने दर्शन के प्रति अपनी

प्रतिबद्धता दिखाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नई दिल्ली में अपनी पहली, कंपनी के स्वामित्व वाली टोयोटा यूज्ड कार आउटलेट (टीयूसीओ) का उद्घाटन किया। यह भारत में दूसरा है, जिसका ब्रांड नाम ÷टोयोटा यू-ट्रस्ट ÷ है। ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली और सुरक्षित यूज्ड (प्रयुक्त) कारें प्रदान करने के उद्देश्य से टोयोटा, यू-ट्रस्ट टोयोटा कारों की खरीद और बिक्री की प्रक्रिया के दौरान सुविधा, पारदर्शिता और मन की शांति प्रदान करता है। बिक्री के बाद सेवा के प्रति सच्चे टोयोटा ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाते हुए, टीयूसीओ प्रमाणित प्रयुक्त कारों को देश भर में किसी भी टोयोटा सर्विस केंद्र पर 30,000 किमी या दो साल तक की वारंटी और तीन निःशुल्क सेवाओं के साथ समर्थित किया जाता है।विक्रेताओं के लिए, टीयूसीओ बाजार में सर्वोत्तम मूल्य सुनिश्चित करता है।टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट श्री ताकाशी ताकामिया ने प्रयुक्त कार कारोबार पर कंपनी के बढ़ते फोकस के बारे में जानकारी देते हुए कहा, ÷भारत में टोयोटा के समग्र व्यवसाय और विकास रणनीति का एक प्रमुख स्तंभ प्रयुक्त कार व्यवसाय है, जो सभी के लिए गतिशीलता के हमारे दृष्टिकोण से भी निकटता से जुड़ा हुआ है। इसलिए, प्रदान करता है तथा शांतिपूर्ण और परेशानी मुक्त बिक्री प्रक्रिया नई दिल्ली में हमारे पहले प्रयुक्त कार आउटलेट के उद्घाटन के साथ टीयूसीओ का विस्तार गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारे समर्पण का उदाहरण है। सबसे बढ़कर, यह नया आउटलेट टोयोटा उत्पादों और हमारे बेंचमार्क सेवा अनुभव के समान मानकों को बनाए रखता है।भारतीय प्रयुक्त कार बाजार में 8त्न की सीएजीआर से वृद्धि होने का अनुमान है और वर्तमान में यह नई कार के बाजार के आकार का 1.3 गुना है। कार्यक्रम में उपस्थित टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के प्रोजेक्ट वाइस प्रेसिडेंट श्री अतुल सूद ने कहा, ÷नई दिल्ली में टीयूसीओ सुविधा का उद्घाटन टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम प्रयुक्त कार बाजार में अपनी पहुंच का विस्तार करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं।

भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि से स्टार्टअप इकाइयों की घर वापसी हुई तेज

नई दिल्ली (हि.स.)। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा है कि भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि के चलते पूंजी तक पहुंच और कर लाभ के लिए विदेश जाने वाले स्टार्टअप अब 'घर' लौट रहे हैं। बर्थवाल ने बताया कि भारत की विकास दर अन्य उभरती हुई बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में लगभग दोगुनी है।

सिंगापुर में भारत-प्रशांत आर्थिक ढांचे (आईपीईएफ) स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ ही कृत्रिम मेधा (एआई) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां और डेटा सेंटर भविष्य में भारत की वृद्धि की कुंजी हैं।

बर्थवाल ने बताया कि कैसे यह मजबूत वृद्धि रिवर्स फ़्लिपिंग की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा दे रही है, जहां भारतीय स्टार्टअप जो कभी पूंजी तक पहुंच और कर लाभों के लिए विदेश चले गए थे, अब स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर ज़ोर दिया कि कैसे डिजिटल अर्थव्यवस्था के साथ-साथ एआई जैसी उभरती हुई तकनीकें और डेटा सेंटर का उदय भविष्य के भारतीय विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

बैठक में वैश्विक निवेशकों और वित्तीय संस्थानों से 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने के लिए 15 से ज्यादा भारतीय फर्मों ने व्यक्तिगत तौर पर भाग लिया। इनमें अमेरिका, सिंगापुर, जापान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों के वैश्विक निवेशकों साथ ही भारत के निजी क्षेत्र और सरकारी अधिकारी शामिल थे।

कार्यक्रम में टेमासेक, ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर्स, गारंटको, प्राइवेट इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट ग्रुप (पीआईडीजी), गोल्डमैन सैक्स, आई स्क्वैयर्ड कैपिटल, मिज़ुहो बैंक लिमिटेड, एडवांटेज पार्टनर्स, नोमुरा, डीबीएस बैंक और सिटी बैंक जैसे निवेशक और वित्तीय संस्थान शामिल हुए।

डीएमआरसी और केआरसीएल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) और कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) ने भारत और विदेशों में आगामी मेट्रो रेल परियोजनाओं पर सहयोग करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता मेट्रो/रेलवे, हाई-स्पीड रेल, राजमार्ग, मेगा-ब्रिज, सुरंग, संस्थागत भवन, कार्यशालाएं या डिपो, एसएंडटी कार्य और रेलवे विद्युतीकरण सहित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए परियोजना सेवा प्रदाता के रूप में दोनों संगठनों को नामित करता है। इस समझौता ज्ञापन पर आधिकारिक रूप से डीएमआरसी के निदेशक डॉ. पी.के. गर्ग और केआरसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संतोष कुमार झा ने हस्ताक्षर किए। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य विभिन्न बड़े पैमाने की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए डीएमआरसी और केआरसीएल दोनों की विशेषज्ञता का उपयोग करना है।

सेंसेक्स ने बनाया मजबूती का नया रिकॉर्ड, 4 जून को हुई गिरावट की भरपाई

- **सेंसेक्स इंट्रा-डे में 1,853 अंक और निफ्टी 531 अंक उछले**
- **निवेशकों को 1 दिन में 7.38 लाख करोड़ का मुनाफा**

नई दिल्ली (हि.स.)। घरेलू शेयर बाजार ने आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन जोरदार मजबूती दिखाई। आज के कारोबार में आई तेजी के कारण शेयर बाजार ने 4 जून को बाजार में हुई जबरदस्त गिरावट के कारण हुए नुकसान की भरपाई कर ली। आज के कारोबार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई थी। शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में बिकवाली का दबाव भी बना, लेकिन थोड़ी देर बाद ही तेजड़ियों ने पूरी तरह से बाजार पर अपना कब्जा कर लिया। खासकर, रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति का ऐलान होने के बाद शेयर बाजार में खरीदारी की होड़ लग गई, जिसके कारण सेंसेक्स 2.16 प्रतिशत और निफ्टी 2.05 प्रतिशत की उछाल के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में 1,853.43 अंक की छलांग लगा कर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही ये सूचकांक आज ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का भी नया रिकार्ड बनाने में सफल रहा। इसी तरह निफ्टी ने भी आज इंट्रा-डे में 531.15 अंक उछलने में कामयाबी हासिल की। इस सूचकांक ने भी आज क्लोजिंग के ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड कायम किया।

आज के कारोबार में सभी सेक्टोरल इंडेक्स में लगातार तेजी बनी रही। खासकर ऑटोमोबाइल, आईटी, टेलीकॉम, पावर और मेटल इंडेक्स में 2 से 3 प्रतिशत तक की उछाल दर्ज की गई। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.28 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.18 प्रतिशत की छलांग लगा कर आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार में आए उछाल के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 423.27 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 415.89 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 7.38 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,952 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,894 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 966 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 92 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,302 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,915 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 387 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से सभी 30 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 48 शेयर हरे निशान में और सिर्फ 2 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 42.72 अंक की कमजोरी के साथ 75,031.79 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनाने के कारण ये सूचकांक 132.63 अंक की गिरावट के साथ 74,941.88 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से तेजड़ियों का कब्जा हो गया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक निचले स्तर से 1,853.43 अंक उछल कर 1,720.80 अंक की तेजी के साथ ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए अभी तक के सर्वोच्च स्तर 76,795.31 अंक तक पहुंच गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स ऑल टाइम हाई क्लोजिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 1,618.85 अंक की बढ़त के साथ 76,693.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

रिजर्व बैंक ने 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति का अनुमान 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने मानसून सामान्य रहने के अनुमान को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुद्रास्फीति (महंगाई) के अनुमान को 4.50 फीसदी पर बरकरार रखा है। यह पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के 5.40 फीसदी के अनुमान से कम है। हालांकि, आरबीआई ने इसके साथ ही खाद्य कीमतों के परिदृश्य पर करीबी नजर रखने की जरूरत पर बल दिया है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद फैसलों की जानकारी दी। दास ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर बरकरार रखा गया है। उन्होंने बताया कि पहली तिमाही में मुद्रास्फीति के 4.9 फीसदी, दूसरी तिमाही में 3.8 फीसदी, तीसरी तिमाही में 4.6 फीसदी और चौथी तिमाही में 4.5 फीसदी रहने की संभावना है।

शक्तिकांत दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च-अप्रैल पहली तिमाही में नरम पड़ी है लेकिन खाद्य मुद्रास्फीति पर लगातार दबाव की वजह से आम आदमी को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि दालों तथा सब्जियों की मुद्रास्फीति दो अंक में बनी हुई है। दास ने कहा कि दालों तथा सब्जियों की रबी की आवक पर सावधानी से निगाह रखने की जरूरत है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने रिजर्व बैंक को सीपीआई पर आधारित मुद्रास्फीति दर को 4 फीसदी (दो फीसदी ऊपर या नीचे) के स्तर पर रखने का लक्ष्य दिया है।

गाजीपुर के आर्यन यादव ने नीट 2024 परीक्षा मे रचा इतिहास

टॉपर

- **720 में 720 अंक और एआईआर 1 हासिल कर बने नेशनल टॉपर**

गाजीपुर। परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने गाजीपुर में अपने छात्र आर्यन यादव की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में 720 में से 720 परफेक्ट स्कोर हासिल किया और ऑल इंडिया रैंक 1 प्राप्त कर नेशनल टॉपर के रूप में उभरे हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को परिणाम घोषित किए हैं। आर्यन की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। उन्होंने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है। स्टूडेंट नीट को क्रैक करने के लिए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड की लखनऊ स्थित हजरतगंज ब्रांच में दो साल के क्लासरूम कोर्स में शामिल हुआ था, जिसे दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा माना जाता है। उन्होंने नीट में शीर्ष परसेंटाइल्स की कुलीन सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन में उनके प्रयासों को दिया। ÷मैं आभारी हूं कि आकाश ने दोनों में मेरी मदद की है। लेकिन आकाश की सामग्री और कोचिंग के लिए, मैंने थोड़े समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा, उसने कहा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एच. आर. राव ने कहा, ÷आर्यन को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई। हमें उनकी उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है। उनका प्रभावशाली स्कोर और एनईईटी 2024 में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर राष्ट्रीय टॉपर के रूप में उभरकर सामने आना हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता का चमकदार उदाहरण है। आकाश में, हम अपने छात्रों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आर्यन की सफलता निसंदेह कई और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी। नीट प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा उन छात्रों के लिए योग्यता परीक्षा के रूप में आयोजित किया जाता है जो भारत में सरकारी और निजी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा (बीडीएस) और आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, आदि) पाठ्यक्रम करना चाहते हैं। विदेश में प्राथमिक चिकित्सा योग्यता हासिल करने का इरादा रखने वालों के लिए। आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में नीट कोचिंग प्रदान करता है। हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है। इसका आई ट्यूटर रिकॉर्डेड वीडियो व्याख्यान प्रदान करता है। मॉक टेस्ट वास्तविक परीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं, इस प्रकार छात्रों को परीक्षा का सामना करने के लिए आवश्यक परिचितता और आत्मविश्वास मिलता है।

वामा एप के फ़ाउंडर डॉक्टर आचार्य देव की भविष्यवाणी हुई सच

- **ज्योतिषाचार्य आचार्य देव ने पहले ही बता दिया था किसको मिलेगा जनादेश किसकी बनेगी सरकार**

लखनऊ। वामा एप के फ़ाउंडर एवं ज्योतिषाचार्य डॉक्टर आचार्य देव ने 27 मई 2024 को अपने ब्लॉग पर पहले ही बता दिया था की इस बार सरकार तो भारतीय जनता पार्टी की बन जाएगी, पर 400 पार नहीं जा पाएगी, जबकि विपक्ष इस बार पूरी मजबूती से खड़ा दिखाई देगा और सत्तारूढ़ पार्टी को कड़ी टक्कर देता दिखाई देगा। और आखिरकार वही हुआ।

ज्योतिषाचार्य आचार्य देव ने अपनी युवा अवस्था में ही कई ऐसी भविष्यवाणी की थीं जिससे कई व्यक्ति विशेषों का जीवन बेहतर हुआ था। आचार्य देव ने मंदिरों को ऑनलाइन लाने का बीड़ा उठाया है, और इसी कार्य की बेहतरी के लिए वो कार्यरत हैं। आचार्य देव अपने ब्लॉग पर राशिफल, प्रमुख दिनों, पूजा पाठ से संबंधित जानकारियां लिखते रहते हैं, ऐसे ही उन्होंने 27 जून 2024 को अपने ब्लॉग पर लिखा की 4 जून को भारतीय जनता पार्टी की सरकार तो बनेगी लेकिन 400 पर का नारा फेल हो जाएगा। इस बार विपक्ष बहुत मजबूत स्थिति में रहेगा।

राष्ट्रपति से मिले 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन पनगढ़िया

नई दिल्ली। सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। हालांकि, इस मुलाकात के संबंध में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं मिली है। अरविंद पनगढ़िया को सोलहवें वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जो अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच कर राजस्व बंटवारे के फार्मूले की सिफारिश करेगा।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब डॉलर के नए ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर

मुंबई। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 31 मई तक 651.5 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। पिछले हफ्ते 24 मई को मुद्रा भंडार 646.67 अरब डॉलर पर था। इसके बाद विदेशी मुद्रा भंडार में 4.83 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समीति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के फैसलों की घोषणा करते हुए देश के विदेशी मुद्रा भंडार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 31 मई को विदेशी मुद्रा भंडार 651.5 अरब अमेरिकी डॉलर के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर हमें अपनी बाह्य वित्त पोषण की जरूरतों को आसानी से पूरा करने का विश्वास है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए चालू खाते का घाटा अपने टिकाऊ स्तर के भीतर रहने की संभावना है। इसके साथ उन्होंने प्रेषित धन, सेवा निर्यात और कम व्यापार घाटे से आने वाली मदद का संकेत दिया। देश का विदेशी मुद्रा भंडार को किसी भी बाह्य क्षेत्र की गड़बड़ी को झेलने में अर्थव्यवस्था की समग्र ताकत का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख कारकों में से एक माना जाता है।

इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 का तीसरा संस्करण संपन्न हुआ

बेंगलूरू। इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी), 2024 का तीसरा संस्करण आज

बेंगलूरू में संपन्न हुआ जिसमें वैश्विक और देश के उद्योगपतियों ने सरकार, उद्योग और स्टार्टअप्स के लिए आने वाले वर्षों में तेज परिवर्तन लाने को लेकर टेक्नोलॉजी, कौशल विकास एवं नवप्रवर्तन को प्रमुख क्षेत्रों के रूप में रेखांकित किया। केवल आमंत्रण पर आगमन हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में 400 से अधिक लोग शामिल हुए जिसमें नेताओं ने उद्योग से जुड़े विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।

आईजीआईसी 2024 के दूसरे दिन भारतीय एवं वैश्विक स्टार्टअप्स के संस्थापकों, वीसी और निवेशकों, कॉरपोरेट और सरकार के प्रमुख लोगों, टेक्नोलॉजी एवं लोक नीति के विशेषज्ञों ने एक साझा मंच के तहत इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इन नेताओं और उद्योग के विशेषज्ञों ने यहां आए लोगों के साथ कई प्रमुख मुद्दों पर चर्चा, परिचर्चा की जिसमें- इस क्षितिज पर नई टेक्नोलॉजी के रुख, बायोटेक एवं जेनोमिक्सः बाधाओं पर नजर एवं अवसरों का दोहन, बदलते डीप टेक इकोसिस्टम के अवसरों एवं चुनौतियों का प्रबंधन, इंटेलिजेंट टेक्नोलॉजीज का इंटेलिजेंट उपयोग, स्केलिंग अप कोड को तोड़नाः उपलब्ध प्रतिभाओं के बीच अंतर को पाटने और भारत में कुशल इंजीनियरों विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस और साइबर सिक्युरिटी जैसे क्षेत्रों में अधिक मांग है, इंजीनियरों की संख्या बढ़ाने की तत्काल जरूरत है। इन इंजीनियरिंग कॉलेजों और हमारे आईआईटी में से कई संस्थानों के पाठ्यक्रमों को नए ढांचे में ढालने की जरूरत है जिससे वे आपूर्ति श्रृंखला के मुद्दे को हल करने के लिए आज की मांग पूरी कर सकें। इस सरकार का अगला पांच साल व्यापक स्तर पर नए रोजगार का सृजन करने के लिए कौशल विकास एवं अप्रेंटिसशिप पर केंद्रित होगा।

मादजा एंड मादजा स्ट्रैटेजिक एडवाइजरी के चेयरमैन क्लॉज मादजा ने कहा, इंडिया ग्लोबल इन्नोवेशन कनेक्ट (आईजीआईसी) 2024 के तीसरे संस्करण का सफल समापन, डिजिटल एवं स्टार्टअप पारितंत्र के भीतर उभरते देशों के बीच वैश्विक गठबंधन को प्रोत्साहित करने में मील का एक बड़ा पत्थर है। पिछले दो दिनों में हमने विभिन्न देशों से विशेषज्ञों को टेक्नोलॉजी के रुख, बायोटेक, डीप टेक, इन्नोवेशन, स्टार्टअप इकोसिस्टम और एआई सहित अन्य विषयों पर विचारों और अंतर्दृष्टि का आदान प्रदान करते देखा है। जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए हमें भरोसा है कि हम आईजीआईसी 2025 के लिए इस गति को बनाए रखेंगे। ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी के सैड बिजनेस स्कूल के डीन एवं मैनेजमेंट के प्रोफेसर, एआई पर विशेषज्ञों के कार्यबल ओईसीडी के चेयर सौमित्र दत्ता ने कहा, ÷भारत में हम वर्तमान में एक भाग्यशाली क्षण में हैं जहां यह देश विभिन्न वर्षों से अनुकूल आर्थिक नीतियों का लाभ उठा रहा है। विद्यार्थियों और युवाओं के बीच हम टेक्नोलॉजी, नवप्रवर्तन और उद्यमशीलता को लेकर एक नया उत्साह देख रहे हैं और उद्यमशीलता को लेकर लोगों में ऊर्जा एवं भूख है। आज भारत का ब्रांड बदला हुआ है और भारत की छवि में उल्लेखनीय बदलाव आया है और अब इसे अपने सॉफ्टवेयर प्रोग्रामरों और प्रतिभावान लोगों के लिए पहचाना जा रहा है।

फंडामेंटल जर्मनी के जनरल पार्टनर शुभांकर भट्टाचार्य ने कहा, जब बात जगह लेने या कारोबारी विचार की आती है तो एक ऐसे कारोबार पर विचार करना महत्वपूर्ण हो जाता है जिसमें आगे विस्तार की गुंजाइश हो और साथ ही वह विचार कुछ हटकर होना जरूरी है। एक कारोबार के एक अच्छी पब्लिक कंपनी बनने की संभावना का अच्छा अनुमान लगाने वाले व्यक्ति का यह अनुमान तभी सही साबित होगा जब संस्थापक बहीखाता के साथ बहुत विस्तृत जानकारी रखने की इच्छा रखता हो। हमारे अनुभव से उस कारोबार में निवेश से पहले ही संभावित संस्थापकों के साथ खुलकर बातचीत करना कारोबार की सफलता और स्वास्थ्य के लिए बेहतर है। यह संकेत देता है कि संस्थापक भी सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार हैं।

आरबीआई ने 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 फीसदी किया

मुंबई। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को सात फीसदी से बढ़ाकर 7.2 फीसदी कर दिया है। आरबीआई ने निजी उपभोग में सुधार और ग्रामीण क्षेत्र की मांग मजबूत होने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाया है।

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को यहां मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक की। उसके बाद इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक घरेलू आर्थिक गतिविधियां मजबूत हैं। घरेलू मांग बढ़ने से विनिर्माण गतिविधियों में तेजी आई है। शक्तिकांत दास ने कहा कि विभिन्न आर्थिक संकेतकों से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र की रफ्तार भी कायम है।

उन्होंने कहा कि एमपीसी ने इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि पहली तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.3 फीसदी, दूसरी तिमाही में 7.2 फीसदी, तीसरी तिमाही में 7.3 फीसदी और चौथी तिमाही में 7.2 फीसदी रहेगी। उन्होंने कहा कि जोखिम समान रूप से संतुलित हैं।

उल्लेखनीय है कि स्टैंडर्ड एंड पूअर्स (एसएंडपी) ग्लोबल रेटिंग्स ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 40 आधार अंक बढ़ाकर 6.80 फीसदी कर दिया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा पिछले महीने की आखिरी तारीख को जारी अनुमान के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी है।

थाना दिवस व समाधान दिवस के लिए रोस्टर जारी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने माह जून से माह अगस्त 2024 में आयोजित होने वाले द्वितीय एवं चतुर्थ शनिवार को आयोजित थाना दिवस/समाधान दिवस के सफल संचालन हेतु राजस्व, पुलिस, चकबंदी अधिकारी को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि दिनांक 08- 06- 2024 को थाना क्षेत्र पडरौना सदर में पर्यवेक्षक के रूप में उप जिलाधिकारी तथा क्षेत्राधिकारी पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना जटहा बाजार में पर्यवेक्षक चकबंदी अधिकारी पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना कुबेर स्थान में तहसीलदार पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष या थाना कोतवाली पडरौना, थाना रविंद्रनगर में नायब तहसीलदार पडरौना व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना कसया में उप जिलाधिकारी कसया तथा पुलिस उपाधीक्षक कसया, थाना चौराखास में नायब तहसीलदार कसया व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना हाटा में उप जिलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष हाटा, थाना अहिरौली बाजार में तहसीलदार हाटा व थानाध्यक्ष, थाना खड्डा में तहसीलदार खड्डा व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना हनुमानगंज में उप जिलाधिकारी खड्डा व पुलिस उपाधीक्षक खड्डा, थाना नेबुआ नौरंगिया में नायब तहसीलदार खड्डा व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना तरया सुजान में सहायक आयुक्त स्टांप व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना पटहेरवा में उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज थाना सेवरही में बंदोबस्त अधिकारी व थानाध्यक्ष, थाना विशुनपुरा में चकबंदी अधिकारी कसया व थानाध्यक्ष, थाना बरवापट्टी में संबंधित राजस्व निरीक्षक व थानाध्यक्ष, थाना तमकुहीराज में तहसीलदार तमकुहीराज व थानाध्यक्ष, थाना तुर्कपट्टी में नायब तहसीलदार तमकुही राज व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना कप्तानगंज में उप जिलाधिकारी कप्तानगंज व संबंधित थानाध्यक्ष, थाना रामकोला में तहसीलदार कप्तानगंज व संबंधित थानाध्यक्ष को पर्यवेक्षक अधिकारी नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने इसी प्रकार 22 जून 2024, 13 जुलाई 2024,10 अगस्त 2024 व 24 अगस्त 2024 तक का रोस्टर उक्तानुसार जारी किया है।

बीएड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने हेतु डीएम ने की बैठक

छोटी गलती भी होगी अक्षम्यः डीएम

सुचिता, पारदर्शिता व नकलविहीन होगी 15 केंद्रों पर परीक्षाएं

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। उ.प्र. संयुक्त बी एड की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट,केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर्यवेक्षक को निर्देश दिया कि परीक्षा की जो नियम-शर्तें बोर्ड ने निर्धारित की हैं, उनके अनुरूप ही परीक्षा संपन्न होगी।

उ.प्र. संयुक्त बी एड की परीक्षा दिनांक 9 जून 2024 को दो सत्रों में पूर्वान्ह 9 से 12 बजे तक तथा अपरान्ह 2 बजे से 5 बजे तक जनपद कुशीनगर के निर्धारित कुल 15 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सम्पन्न होगी। उक्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट जो जनपद तहसील स्तरीय अधिकारी है, नामित किए गए है। 2 मजिस्ट्रेट रिजर्व भी नामित किए गए है। समस्त कार्य बोर्ड के निर्देश के अनुसार हो। किसी भी स्तर पर छोटी से छोटी गलती भी अक्षम्य होगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी संज्ञान में आई तो व्यक्तिगत रूप से जवाबदेही तय करते हुए संबंधित जिम्मेदार पर बड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक, सेक्टर मजिस्ट्रेट आदि द्वारा सम्पादित कराए जाने वाले क्रियाकलापों/कार्यों से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि यह परीक्षा पूर्णतः नकलविहीन, सुचिता, पारदर्शिता, निष्पक्षतापूर्ण रूप से कराना है। यह बहुत ही संवेदनशील व महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र पर्यवेक्षक व केन्द्र सहायक पहले ही यह देख लें कि किसी भी केंद्र पर कोई कमी न रह जाए। परीक्षार्थियों की सीटिंग व्यवस्था मानक के अनुरूप हो तथा केंद्र के बाहर आसपास अन्यास भीड़ भाड़ न हों। कोई भी अवांक्षित व्यक्ति परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित नहीं रहेगा। परीक्षार्थियों से गलत व्यवहार कदापि न करें।

ट्रक से बिहार भेजा जा रहा राशन बरामद

अवधनामा संवाददाता



पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में लिया

फाजिलनगर, कुशीनगर। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया के निर्देश पर चौराखास पुलिस ने कथित रुप से बिहार में बिक्री के लिए ट्रक से ले जाया जा रहा सरकारी राशन पकड़ी है। समाचार लिखे जाने तक आपूर्ति विभाग के जिम्मेदार पकड़े गए राशन की जांच में जुटे थे।

शुक्रवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कसया अंकिता जैन को किसी ने सूचना दिया की चौराखास थाना क्षेत्र के बनकटा बाजार में एक ट्रक से सरकारी राशन जो गरीबों में बंटने के लिए आता है उसे अवैध रुप से बिहार भेजने की तैयारी है। सूचना के बाद ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया जिसके क्रम में पुलिस ने उक्त ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद मौके पर पहुंचे आपूर्ति विभाग के अधिकारियों ने पकड़े गए खाद्यान की जांच में जुटे हुए है। इस सम्बंध ने थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि जिस व्यापारी से खाद्यान पकड़ा गया है उसने खाद्यान से संबंधित कागजात प्रस्तुत कर उसे निजी बता रहा है जिसकी जांच विभागीय तीन कर रही है जाचोपरांत जैसा निर्देश मिलेगा उसके अनुसार कारवाई किया जायेगा। इसके सम्बंध ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से बात करने का प्रयास करने पर उनसे बात नही हो सकी।

विजय का विजय रथ रोकने में नाकाम रहे स्वामी

स्वामी को जनता ने किया नापसंद, जमानत हुई जब्त

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। हिन्दू देवी देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर हमेशा अपनी थू-थू कराने वाले राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के सुप्रीमो स्वामी प्रसाद मौर्य कुशीनगर लोकसभा सीट से

खड्डा छोड़ किसी विधानसभा में नहीं कर पाए दस हजार का आंकड़ा पार

भाजपा के विजय दूबे का विजय रथ रोकने मे पूरी तरह नाकाम रहे। हालांकि मौर्या ने विजय का विजय रथ रोकने के लिए अपने तरफ से कोई कसर नही छोड़ा था, ओवैसी और रावण को बुलाकर जनसभा भी की। इसके बावजूद भाजपा का परचम बुलंद रहा। बता दें कि लगातार रामचरित मानस व हिन्दू देवी-देवताओं पर टिप्पणी करने के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा छोडकर अपनी पार्टी का गठन किया।

लोक सभा चुनाव का बिगुल बजते ही आईएनडीआई गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए स्वामी ने काफी जद्दोजहद किया किन्तु गठबंधन का हिस्सा नही बन पाए। इसके बाद खुद को किसी से कम न आकते हुए कुशीनगर लोकसभा सीट से मौर्या ने चुनावी रणभूमि में ताल ठोका था। कहना न होगा कि हम तो डूबेगें सनम तुमको भी ले डूबेगें के तर्ज पर मौर्या ने जातीय समीकरण के आधार पर भाजपा को हराने की गरज से चुनावी मैदान मे दम भरा रहा था। लेकिन कुशीनगर की जनता मौर्या के ओवर कॉन्फिडेंस के जब्बा को चकनाचूर कर दिया। **अपनी जमानत भी नही बचा सके स्वामी :** भाजपा के विजय दूबे का विजय रथ रोकने का ख्वाब देखने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य अपनी जमानत भी नही बचा पाए। मौर्या को कुशीनगर लोकसभा सीट के पांचों विधानसभा के वोटरों ने पुरी तरह नकारा दिया। खड्डा विधानसभा छोड़ मौर्या किसी भी विधानसभा मे दस हजार का आंकड़ा पार नही कर पाए।

विधान सभावार नजर दौड़ाएं तो स्वामी प्रसाद को खड्डा विधानसभा मे 11719, पडरौना 9137, कुशीनगर मे 7309, हाटा मे 1898 और रामकोला विधानसभा में 6496 वोट मिले है जो कुल मिलाकर 36575 हुए। स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा के नवनिर्वाचित प्रत्याशी विजय दूबे से 479447 मतों से पीछे रहे जिसके वजह से उनकी जमानत भी नही बच सकी।

एमएलसी और महासचिव का छोड़ा पद

स्वामी प्रसाद मौर्य जनवरी 2022 तक योगी सरकार के मंत्री के तौर पर भाजपा के साथ थे। वहीं, पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और एमएलसी का पद छोड़कर अपनी अलग राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाकर कुशीनगर लोकसभा से भाजपा के विजय दूबे का विजय रथ रोकने की गरज से इस सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान किया। इधर आईएनडीआई गठबंधन द्वारा अजय प्रताप सिंह को प्रत्याशी घोषित करने के बाद मौर्या गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए के जद्दोजहद करने लगे लेकिन जब सफलता हाथ नही लगी तो वह अपनी पार्टी से ही विजय का विजय रथ रोकने के लिए कुशीनगर से चुनावी मैदान में उतर गये। मौर्या के चुनावी रणभूमि मे उतरने से ऐसा लग रहा था कि भाजपा का टेंशन बढ़ेगा किन्तु ऐसा कुछ नही हुआ और भाजपा इस सीट पर अपनी जीत का हैट्रिक लगाने की योजना अंजाम देने मे सफल रही।

दलित-पिछड़े वोटर है निर्णायक

ऐसा कहा जाता है कि कुशीनगर लोकसभा सीट पर दलित और पिछड़े वर्ग के वोटर निर्णायक भूमिका निभाते हैं। पूरे चुनाव मे भाजपा, सपा, बसपा और स्वामी प्रसाद मौर्य जातीय समीकरण के सहारे जीत का गुणा-भाग करते रहे है। इसके पीछे वजह यह है कि कुशीनगर लोकसभा सीट पर कुल मतदाताओं की संख्या तकरीबन 187522 लाख है। कुशीनगर लोकसभा के राजनीतिक बिसात पर जातिगत समीकरण की बात की जाए तो अनुसूचित के 15 फीसदी वोटर बड़ी भूमिका निभाते हैं। वहीं, इस सीट पर 14 फीसदी मुस्लिम वोटर, 12 फीसदी सैथवार और 8 फीसदी यादव वोट बैंक के दम पर सपा प्रत्याशी अपनी जीत सुनिश्चित करने मे जुटे रहे। इसके अलावा कुशवाहा-कुर्मी वोटर तादाद 13 फीसदी है। इधर स्वामी प्रसाद मौर्य दलित और कुशवाहा वोटरो के दम पर भाजपा के विजय रथ को रोकने का मुंगेरीलाल का सपना देख रहे थे जो सपना बनकर रह गया।

भाजपा-गठबंधन में रही सीधी टक्कर

बेशक! भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच मुख्य चुनावी लड़ाई होने की उम्मीद शुरु से जताई जा रही थी। लेकिन स्वामी प्रसाद मौर्य ने चुनावी मैदान में उतरने के बाद राजनीतिक विशेषज्ञ त्रिकोणीय लगाई की अनुमान लगा रहे थे। लेकिन राजनीतिक विशेषज्ञों के अनुमान और स्वामी प्रसाद मौर्य की उम्मीद पर जनता ने पानी फेर दिया।

वन विभाग की पौधशाला का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को आगामी वर्षाकाल-2024 में पौधरोपण किए जाने को लेकर वन विभाग की चौहनापुर पौधशाला का स्थलीय निरीक्षण कर वहां पर मौजूद विभिन्न प्रजातियों के पौधों की जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि ग्राम चौहनापुर में दो पौधशालाएं हैं चौहनापुर प्रथम व चौहनापुर द्वितीय जो एक ही परिसर में स्थापित है चौहनापुर प्रथम पौधशाला में कुल 349880 थैली पौध उपलब्ध हैं जिसमें मुख्यतः जामुन शीशम आम कंजी अर्जुन करौंदा अमरुद नीम पाकड़ आदि प्रजातियां उपलब्ध हैं पौधारोपण योग्य निर्धारित मानक ऊंचाई की उपलब्ध है चौहनापुर द्वितीय पौधशाला में कुल 250000 थैली पौध उपलब्ध है जिसमें मुख्यतः जामुन मीलिया डुबिया अर्जुन शीशम प्रोसोपिस अमरुद आंवला आदि प्रजातियां उपलब्ध हैं पौधों की ऊंचाई अच्छी है जो पौधारोपण योग्य निर्धारित मानक ऊंचाई के अनुरुप है।पौधशाला में सिंचाई हेतु स्प्रिंकलर सेट लगा है जैविक उर्वरक हेतु वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार की जा रही है जिसका प्रयोग पौधों में उपयोगी है जीवामृत भी पौधशाला में तैयार किया जा रहा है जिसका उपयोग पौधों में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पौधशाला में जो पौधे तैयार किए जा रहें है उनकी आपूर्ति गौरीगंज विकासखंड में विभिन्न विभागों में वर्षा काल 2024 में पौधारोपण के लिए निर्धारित लक्ष्य हेतु की जाएगी।

भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से लोग परेशान

अमेठी अवधनामा संवाददाता। उमस भरी भीषण गर्मी के बीच विद्युत कटौती से लोग परेशान हैं। गुरुवार को दिन में नगर अमेठी में बिजली की आवाजाही जारी रही। रात भी नगर और ग्रामीण अंचल में बिजली की आवाजाही ने लोगों को परेशान कर दिया। लोगों की नींद हराम हो गई हर 10 मिनट के बाद बिजली आती-जाती रही ऐसे में लोग काफी परेशान हुए। उमस भरी गर्मी ने लोगों की नींद गायब कर दी थी उसमें विद्युत कटौती अहम किरदार निभा रही थी। पीठीपुर विद्युत उपकेंद्र से आच्छादित गांवों में सर्वाधिक विद्युत कटौती होती रही। पिछले कई दिन से लगातार बिजली की आवाजाही होती रही है नगर और ग्रामीण अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में भी विद्युत कटौती ने लोगों को त्रस्त कर दिया है। भीषण गर्मी में विद्युत कटौती लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है।

संसार में श्रीकृष्ण और सुदामा के मित्रता की आज भी जाती है मिसाल

भेंटुआ (अमेठी) अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के सेमरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर गुरुवार को कथा व्यास पं गंगा सागर तिवारी ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा का प्रसंग सुनाया। कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास ने श्री कृष्ण और सुदामा के अद्भुत मिलन प्रसंग और मित्रता का वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि मित्रता का अद्भुत उदाहरण जो भगवान श्री कृष्ण ने प्रस्तुत किया।आज भी उनकी जैसी मित्रता का दूसरा उदाहरण नहीं मिला। हम सबके लिए वो मित्रता आज भी अनुकरणीय है। राजा परीक्षित मोक्ष की कथा में व्यास ने कलियुग के प्रभाव से बचने के लिए लोभ को त्यागने के लिए बताया। कहा कि जिसके पास लोभ मोह नहीं है उसके पास कलियुग आ नही सकता। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने कथा व्यास और संगीत टोली का स्वागत किया। इस मौके पर यजमान बाबूलाल तिवारी राम राज त्रिपाठी के साथ मीना पांडेय नीलम पांडेय शीला त्रिपाठी राम मणि त्रिपाठी कामता मणि त्रिपाठी अवधेश तिवारी जगत नारायण हरी राम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

अभद्र टिप्पणी करने वालों पर कार्यवाही की मांग

अमेठी अवधनामा संवाददाता। बसपा सुप्रीमो मायावती पर अभद्र टिप्पणी करने वाले और मेसेज को आगे बढ़ाने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने के लिए बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद ने कोतवाल को पत्र दिया है।अन्य विधानसभाओं के पदाधिकारियों ने भी एक्स पर बसपा सुप्रीमो मायावती के विरुद्ध टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की तीखी निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की है। नामजद बताया गया है की दो व्यक्तियों ने एक्स पर बसपा सुप्रीमो मायावती के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी की है। व्यंग्यात्मक शब्दों से छींटाकशी ओर मर्यादा खंडित करने का काम किया है। इस टिप्पणी से बसपा के कार्यकर्ता आहत आक्रोशित ओर दुखी हैं। शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध के साथ अमेठी के बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर उनको एक पत्र सौंपा।पत्र के साथ स्क्रीन शॉट भी लगाया गया है।इस मौके पर अनिल गौतम शमशेर बौद्ध दद्दन कनौजिया रवि गौतम सुरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना के अंतर्गत 15 जुलाई तक करें आवेदन

वर्ष 2024-25 में जनपद में खुलेंगे 38 वन स्टॉप शॉप

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद के किसानों को एक ही छत के नीचे बीज, उर्वरक कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइक्रोन्यूट्रिएंट, वर्मी कंपोस्ट, कृषि यंत्र एवं प्रसार सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन योजना अंतर्गत 38 वन स्टॉप शॉप खोलने का लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। कुशीनगर के निवासी कृषि स्नातक/परास्नातक आवेदक दिनांक 15 जुलाई 2024 की सायं 5 बजे तक इसके लिए उप कृषि निदेशक कार्यालय पर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति के व्यक्तियों एवं महिलाओं को अधिकतम 5 वर्ष की छूट है। जिस अभ्यर्थी की जन्म तिथि पहले होगी उन्हें वरीयता दी जाएगी। आवेदक जिस विकासखंड का निवासी है उस विकासखंड हेतु आवेदन करेगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक उप कृषि निदेशक कार्यालय कृषि भवन हरका चौक पडरौना जनपद कुशीनगर पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रदेश मुखिया नैतिकता के आधार पर ले हार की जिम्मेदारी: विकास राजपूत

अवधनामा संवाददाता

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त को लेकर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत ने पत्रकारों से बात करते हुए। कहा कि उत्तर प्रदेश में पार्टी को जो नुकसान हुआ है उसकी समीक्षा कर उत्तर प्रदेश में प्रदेश कार्यकारणी में बदलाव की जरूरत है उन्होंने सीधे तौर पर न कह कर उ श्र प्र श भाजपा प्रदेश मुख्यालय में जिम्मेदारों को हटाने की बात कही, उन्होंने कहा पार्टी के पदाधिकारीयो ने जनता के मुद्दों पर और सरकार द्वारा कराई गई उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जनता को अवगत न करा कर विकसित भारत का लाप गाते रहे और 80 पार का नारा लगाते रहे । जहां सड़के टूटी हुई थी। नालिया नहीं बनी थी बुनियादी सुविधाओं की कमी थी उन सबको नजरअंदाज कर सिर्फ और सिर्फ 80 पार का लाप गाते रहे। उन्होंने कहा भारत कैसे विकसित भारत की तरफ आगे बढ़ रहा है उसके बारे में जनता को अवगत नहीं कराया गया। बल्कि पोस्टर बैनर लगाकर विकसित भारत बनाने में लगे रहे। ग्रामीण क्षेत्र की जनता विकसित भारत की चर्चा से ज्यादा अपने रोज मर्रा की सुविधाओं पर ध्यान देती नजर आयी । पार्टी के पदाधिकारियों ने चुनाव के समय में ग्रामीणों की समस्या को अगर कैंप लगाकर सुना होता तो आज नजारा कुछ और होता और हम इस स्थिति में न होते। भाजपा संघ और संगठन का एक मिश्रण है। जब जब पार्टी इन दोनों से दूरी बनाती नजर आयी। पार्टी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है । पार्टी के कुछ नेताओं ने खुले आम संविधान बदलने की बात कही कही न कहीं विपक्षी दलों ने उसी बात का फायदा उठा कर जनता को गुमराह किया । उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे भारत में जिस तरीके से 10 सालो में रिकॉर्ड तोड़ विकास हुआ । उस विकास को जनता ने स्वयं रोकने का काम किया है। पिछली सरकारों ने इतने वर्षों तक अयोध्या को खंडहर बनाकर रखा । जिस अयोध्या नगरी में कारसेवकों पर गोलिया चलाई गई । कारसेवकों के इतने बड़े बलिदान के बाद आज जो अयोध्या में हुआ है उसकी समीक्षा करने की जरूरत है। केंद्र और प्रदेश सरकार के प्रयास से अयोध्या में प्रभु श्री राम का मंदिर ही नहीं बल्कि एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट अयोध्या नगरी को स्मार्ट सिटी का दर्जा, आधुनिक सुविधाओं के साथ रेलवे स्टेशन न जाने कितनी ट्रेनो की शौगात एवं सरयू घाटों का सुंदरीकरण। जैसे न जाने कितनी शौगाते अयोध्या नगरी को मिली।

पुलिस ने नाबालिग लड़की व लड़के को किया गिरफ्तार

अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। थाना क्षेत्र के गांव निवासी नाबालिक के पिता द्वारा थाना अमृतपुर में 22 मई 2024 को 16 वर्षीय नाबालिक बेटी को भगा ले जाने की रिपोर्ट अंकुल सनी अनीश उसकी बहन निवासी हरसिंहपुर गहलवार के विरुद्ध लिखाई गयी थी। जिसमें सोने के जेवर और नगद रुपए भी साथ ले जाना दर्शाया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद छानबीन की और मुखबिरो का जाल बिछा दिया। बृहस्पतिवार रात्रि को मुखबिर द्वारा दी गई। सूचना पर थाना पुलिस ने राजपुर तिराहा से लड़की सहित अंकुल को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अंकुल का चालान कर दिया गया एवं अग्रिम न्यायिक कार्यवाही के लिए पुलिस सक्रिय हो गई।

मिलावटी सामानों की बिक्री पर नहीं लग रहा अंकुश

अमेठी। महंगाई के इस दौर में बाजारों में मिलावट खोर सक्रिय हैं। नगर और ग्रामीण अंचल की बाजारों में मिलावटी खाद्यान्न खाद्य वस्तुओं और खाद्य तेल की बिक्री जमकर की जा रही है। जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण इस समय बाजार व्यवस्था चरमरा गई है। दुकानदार मनमाने दाम पर मिलावटी सामानों की बिक्री कर रहे हैं।संबंधित विभाग और प्रशासन की उदासीन कार्यप्रणाली के कारण बाजारों में मिलावट का धंधा तेजी से चल रहा है। खाद्य वस्तुओं में मिलावट होने से लोग स्वास्थ्य के प्रति चिंतित नजर आ रहे हैं यहां तक कि चीनी और गुड़ में भी जमकर मिलावट की जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि मिलावट खोरी के विरुद्ध प्रशासन कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर रहा है। जिसका खामियाजा उपभोक्ताओं और आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है।

डीएम ने उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड, 2024 को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु की बैठक

9 जून को दो पालियों में आयोजित होगी प्रवेश परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

- 15 परीक्षा केन्द्रों पर होगी परीक्षा, कुल 6910 परीक्षार्थी होंगे शामिल
- 15 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा 02 सचल दल की लगी ड्यूटी

देवरिया। आगामी 9 जून को आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2024 को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से संचालित कराये जाने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, पर्यवेक्षक, केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सहित केन्द्राध्यक्षों को उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में सभी पहलुओं पर आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित समस्त अधिकारी अपने कार्यदायित्वों के प्रति सजग एवं सतर्क रहें। परीक्षा की शुचिता शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। 9 जून को दो पालियों में प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं अपरान्ह 02 बजे से सायं 05 बजे परीक्षा सम्पन्न होगी। जनपद के 15 केंद्रों पर उक्त परीक्षा सम्पन्न कराई जाएगी, जिसके लिए कुल 15 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 8 सेक्टर मजिस्ट्रेट, तथा 02 सचल दल की ड्यूटी लगाई गई है। जिलाधिकारी ने समस्त परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, महिला एवं पुरुष शौचालय, बिजली, पंखा, क्लॉक रूम इत्यादि मूलभूत आवश्यक सुविधायें सुचारू रूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षा संचालन के समय वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में गठित सचल दलों द्वारा औचक निरीक्षण किया जाए। उन्होंने प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के 200 गज की परिधि में धारा-144 सीआरपीसी के अन्तर्गत आवश्यक निषेधाज्ञा लागू करने का निर्देश दिया। परीक्षार्थियों को गुमराह करने वाले तत्वों/संस्थानों पर कड़ी निगाह रखी जाए तथा संवेदनशील स्थानों की सघन जाँच करायी जाए। आवश्कतानुसार ऐसे समस्त तत्वों के विरुद्ध सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत आवश्यक निरोधक विधिक कार्यवाही की जाय। परीक्षा की गरिमा एवं शुचिता को बनाए रखने हेतु अन्य समस्त आवश्यक कार्यवाही समय से सुनिश्चित कर ली जाए। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर समुचित मात्रा में फोर्स उपलब्ध रहेगी। मोबाइल सहित किसी भी तरह के इलेक्ट्रॉनिक गजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर की जाने वाली व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, परीक्षार्थियों के प्रवेश के समय फोटो मिलान, सीसीटीवी कैमरे, शौचालय, पेयजल, विद्युत, प्रकाश की समुचित उपलब्धता, प्रश्न पत्रों के पैकेट को परीक्षार्थियों के समक्ष खोले जाने की प्रक्रिया इत्यादि के संबन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्र से 500 मीटर की परिधि के साइबर कैफे तथा फोटो कॉपी मशीन बंद रहेंगे।

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाईयां, छोड़े पटाखे

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह की अनुपस्थिति में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने से पूर्व एक दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा पटाखे फोड़ कर खुशी का इजहार किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्षता कर रहे राजेश मिश्रा ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि मोदी जी के नेतृत्व में पुनः एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

कुछ कमियां रह गई जिसके कारण उत्तर प्रदेश में हम कम सीटें ही जीत पाए लेकिन हमे निराश नहीं होना है हमे इसकी समीक्षा करनी चाहिए कि चूक कहां हुई। हालांकि हमने जिले की तीन में से दो लोकसभा सीटें जीती हैं लेकिन हमे खुशी तब होती कि जब प्रदेश की अस्सी की अस्सी सीटें जीतते। हमारे कार्यकर्ताओं ने पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य किया लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं आया फिर भी हमे एक बार फिर से कमर कसके आगे की रणनीति बनानी है ताकि जो भी कमियां रह गई उन्हे दूर किया जा सके । उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारे लिए खुशी और गर्व की बात है कि जवाहर लाल नेहरू के बाद देश को तीसरी बार नरेंद्र मोदी जी का प्रधानमंत्री के रूप में ऐतिहासिक मार्गदर्शन प्राप्त होने जा रहा है।

कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अजय शाही, रविंद्र कौशल, प्रेम अग्रवाल, दिवाकर मिश्रा, अर्चना पांडे, महेश मणि, रमेश सिंह, रंजीत सिंह, सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शाही ने किया।

इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा, निर्मला गौतम, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल, प्रभाकर तिवारी, अभिषेक जायसवाल, शिवकुमार राजभर, रमेश वर्मा, जितेंद्र सिंह, अरविंद चौहान, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, बजरंगी मणि, वीरेंद्र सिंह, मारकंडे गिरी, तेजबहादूर पाल, राहुल शास्त्री, यशवंत शाही,राहुल सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई बचत अभिकर्ताओं की बैठक

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु राष्ट्रीय बचत की दीर्घकालीन प्रतिभूतियों हेतु निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला बचत अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार ने कहा कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र स्तर पर कार्यरत प्रत्येक अधिकृत अभिकर्ता एवं महिला प्रधान अभिकर्ताओं का योगदान आवश्यक है।

बैठक के दौरान एजेन्सी के माध्यम से अधिक से अधिक धनराशि जमा कराना, नये अभिकर्ताओं की नियुक्ति, निष्क्रिय अभिकर्ता को क्रियाशील करने तथा राष्ट्रीय बचत की दीर्घकालीन प्रतिभूतियों का प्रचार-प्रसार कर लोगों जागरूक करना है। जिला बचत अधिकारी डॉ. कुमार ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में जनपद बहराइच हेतु राष्ट्रीय बचत की दीर्घकालीन प्रतिभूतियों में रू. 74.63 करोड़ शुद्ध जमा कराने का लक्ष्य आवंटित किया गया था। जिसके सापेक्ष अधिकृत अभिकर्ता एवं महिला प्रधान अभिकर्ताओं के सहयोग से दीर्घकालीन प्रतिभूति में रू. 85.65 करोड़ जमा कराकर 114.78 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया। डॉ. कुमार ने अभिकर्ताओं से अपेक्षा की कि पूर्व के वर्षों की भांति सहयोग प्रदान कर दीर्घकालीन प्रतिभूति में अधिक से अधिक धनराशि जमा कराएं। बैठक के अन्त में मुख्य अभिकर्ताओं जिला बचत कार्यालय की ओर से बचत योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु बैनर भी उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय बचत अधिकृत अभिकर्ताओं में लाडला प्रसाद, दिनेश सिंह, सौजन्य मिश्रा, पीयूष जैन, कन्हैया लाल पाठक एवं महिला प्रधान अभिकर्ताओं में सुनीता मिश्रा, सन्ध्या देवी, मीनू जैन, ममता वर्मा सहित अन्य अभिकर्ता मौजूद रहे।

सामान सहित पुलिस ने दो पकड़े

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा 02 शातिर चोर गिरफ्तार किए गए जिनके कब्जे से अलग-अलग स्थानों से चोरी का माल बरामद किया गया है।

विगत कुछ दिनों में थाना रामगढ क्षेत्र में हुई चोरियों के सफल अनावरण करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा थाना पुलिस को निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर 02 नफर अभियुक्तगण 1- संजय पुत्र रामदास निवासी सैलई मरघटी थाना रामगढ फिरोजाबाद उम्र करीब 27 वर्ष, 2- पुष्पेन्द्र उर्फसूखा पुत्र रामनाथ निवासी जगजीवन नगर सैलई थाना रामगढ फिरोजाबाद उम्र करीब 32 वर्ष काले पानी की टंकी अब्बास नगर थाना क्षेत्र रामगढ़, से गिरफ्तार किया गया है व एक अभियुक्त मौके से फरार हो गया।

अहिल्यावाई होल्कर की शोभायात्रा कल

शिकोहाबाद। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों की शिवम रेस्टोरेंट पर एक वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें शोभा यात्रा के अध्यक्ष दिनेश चंद बघेल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की शोभा यात्रा 9 जून रविवार को धूमधाम से निकली जाएगी। अध्यक्ष ने बताया की शोभायात्रा का शुभारंभ होने से पूर्व गांधी पार्क में वरिष्ठ जनों का स्वागत सम्मान एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल केंद्रीय मंत्री, प्रेमपाल सिंह धनगर विधायक टूंडला, अध्यक्ष दयालुराम दयालु, विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर,पाल बघेल धनगर महासभा की प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमारी पाल उपस्थित रहेंगे। वार्ता में उपस्थित पदाधिकारी होरीलाल बघेल,जेपी बघेल,पुष्पेंद्र बघेल उर्फ पिंकी,राष्ट्र प्रकाश धनगर, देवेंद्र बघेल प्रधान, अवधेश बघेल पूर्व सभासद,अशोक कुमार बघेल, चेतन बघेल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

जैन धर्मावलंबियों को छहढाला की तीसरी ढाल का समापन

अवधनामा संवाददाता

टूंडला। श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन पद्मावती पुरवाल पंचायती मंदिर के सभागार में संत मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज की मंगल प्रेरणा से संचालित दिगंबर जैन श्रवण संस्कृति संस्थान, जयपुर के तत्वावधान में वहां से पधारे विद्वानों ने विनय कुमार एवं चंद्र प्रकाश द्वारा 10 दिवसीय धार्मिक शिक्षण शिविर का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम के नौवे दिन प्रातः काल शिविर में पधारे सभी जैन धर्मावलंबियों को छहढाला की तीसरी ढाल का समापन किया गया। इस तीसरी ढाल में आत्मा के सच्चे सुख एवं सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान व सम्यक चारित्र के स्वरूप के बारे में भी बताया गया।साथ ही आत्मा एवं परमात्मा के के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर पंचायत समिति के महामंत्री पांडेय जयंत कुमार जैन ने बताया कि कल शिविर के अंतिम दिन छहढाला ग्रंथ के ऊपर आधारित परीक्षा भी संपादित होगी जिसमें सभी शिविरार्थी भाग लेंगे और उनको प्रमाण पत्र भी वितरित किया जाएगा। इस मौके पर पाण्डेय जयंत कुमार जैन, प्रवीण जैन बबली, मुकेश चंद जैन भीषम, प्रमोद जैन, शुभा जैन, मिथिलेश जैन, सुनीता जैन, शिखा जैन, प्रीति जैन, बॉबी जैन, राखी जैन, शालिनी जैन, साधना जैन, नीलम जैन, सुरक्षा जैन, इंदिरा जैन आदि के अलावा बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्दालुगण मौजूद रहे।

राणा प्रताप कॉलेज में परीक्षा का कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक ने किया निरीक्षण

सुलतानपुर। राणा प्रताप पी जी कॉलेज में डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा चल रही परीक्षा का कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल, कुलसचिव, डॉ अंजनी कुमार मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ सिंह ने औचक निरीक्षण किया। प्राचार्य एवं वरिष्ठ केंद्राध्यक्ष प्रो डी के त्रिपाठी ने सभी परीक्षा कक्ष , नोडल केंद्र, परीक्षा नियंत्रण कक्ष को दिखलाया।कुलपति , कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक राणा प्रताप कॉलेज में चल रही परीक्षा की सफल एवं शुचितापूर्ण व्यवस्था से संतुष्ट नज़र आये और विद्यार्थियों को सीट पर ही उपलब्ध कराये जा रहे शीतल जल व्यवस्था की सराहना किया। इस अवसर पर सहायक केंद्राध्यक्ष, डॉ अखिलेश सिंह, डॉ विवेक सिंह, डॉ संतोष अंश, डॉ नीतू सिंह, डॉ वीना सिंह, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ प्रीति प्रकाश, शिवानी पाण्डेय, कर्मचारियों में विनय सिंह, रवि सिंह रणवीर सिंह, रामलाल मिश्रा, रोहित कुमार अशोक सिंह, अजय प्रताप, विष्णु पाल, राजेश शर्मा, संजय कुमार आदि परीक्षा व्यस्था में सक्रियता से उपस्थित रहे।

शासनादेश के खिलाफ प्रधानों ने किया कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, प्रधानों ने किया कार्य बहिष्कार

सुल्तानपुर। पंचायत सहायकों की फेस स्क्रीनिंग के बाद भुगतान किए जाने के मामले में तूल पकड़ लिया है। ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्त पंचायत सहायक को अत्यधिक अधिकार दिए जाने के खिलाफ प्रधान आक्रोशित हो गए हैं। प्रधान और सेक्रेटरी के अधिकार को सीमित किए जाने के पंचायती राज विभाग के शासनादेश के खिलाफ प्रधान कलेक्ट्रेट में पहुंचे और शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानों ने कार्य बहिष्कार करने का ऐलान किया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भदैंया प्रधान संघ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह उर्फ बजरंगबली, कटावां प्रधान रिंकू सिंह, कुड़वार ब्लाक अध्यक्ष गौरीशंकर यादव, हरपाल सिंह, ओम प्रकाश यादव, बहमरपुर प्रधान प्रतिनिधि चिरंजीवी मिश्रा उर्फ मोंटी मिश्रा, विष्णु शंकर साधना यादव, मोहम्मद मोबीन, हरिपाल सिंह, राम कुमार कश्यप, भानुमति पत्नी सुरेंद्र सरोज, राम मूर्ति द्विवेदी आदि प्रधान और उनके सहयोगी मौजूद रहे।

स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में पानी के लिए हाहाकार

सुल्तानपुर। मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों से लेकर ओपीडीओटी तक कहीं पर भी पानी नहीं आ रहा है। जिससे लोगों में अपरा तफरी मची हुई है। इस भीषण गर्मी में 24 घंटे से पानी न मिलने के कारण मरीजो के साथ-साथ उनके परिजन बहुत परेशान हो रहे हैं। इस तरफ जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है।

परख संस्थान ने 19वां स्थापना दिवस समारोह मनाया

टूंडला। परख संस्थान ने 19वां स्थापना दिवस विद्या संबर्धिनी धर्मशाला स्टेशन रोड टूंडला मनाया। इस दौरान विभिन्न लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती पर पुष्प अर्पण उमानंद शर्मा, रामविलास उपाध्याय द्वारा किया गया तथा ईश वंदना डॉक्टर राधेश्याम राही के द्वारा की गई। तदुपरांत संस्थान द्वारा निम्नांकित मनीषियों को पुष्प, सम्मान पत्र, सील्ड, गिफ्ट व सॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संरक्षक डॉक्टर राधेश्याम द्वारा संस्था अब व्यस्क हो गई है अब हमें और अधिक सामाजिक कार्यों और गरीबों की सेवा पर कार्य करना चाहिए। कोषाध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा द्वारा सत्र 2023-2024 के आय व्यय विवरण को प्रस्तुत किया गया। महासचिव अंकित पोरवाल द्वारा सत्र 2023-2024 में संस्था द्वारा किए गए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संस्थापक विनोद गुप्ता, अशोक सारस्वत, राहुल पचौरी, संजय प्रताप, विनोद बंसल, राजेश बंसल, सुनील जैन, एदल सिंह बघेल, पीपी त्रेहन, प्रेम चंद्र पाल, शिव किशोर शर्मा, पी के श्रीवास्तव, डा. संजीव जैन आदि मौजूद रहे।

सरस्वती इंटर कालेज रिसिया के प्रांगण में हुआ पौधरोपण

अवधनामा संवाददाता

प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कराया पौधरोपण

बहराइच। जनपद में पर्यावरण सप्ताह के तृतीय दिवस पर प्रतिभा संरक्षण सेवा न्यास बहराइच एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बहराइच के तत्वावधान में सरस्वती इंटर कालेज रिसिया के प्रांगण में संगठन के संरक्षक एवं इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य घनश्याम वाजपेई की अध्यक्षता में पीपल बरगद एवं आंवला के पौधरोपित किया गया ।पीएसएसएन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने बताया कि संगठन पौधरोपण वहीं कर रहा है जहां पौधे को जीवित रखने का लोग संकल्प लेते हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा लगभग छः वर्ष पूर्व रोपित पौधे में इस समय आम लगा हुआ है। ऐसे कई स्थान पर लगे पौधे इस समय फल दे रहा है।प्रधानाचार्य घनश्याम वाजपेई ने कहा कि वर्तमान में पेड़ लगायें,पानी बचायें और सिंगल यूज पालिथीन हटाये तभी मानव जीवन सुखमय होगा।इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र कुमार उपाध्याय महासचिव ध्रुव कुमार मिश्र, एवं महामंत्री संजय कुमार सिंह व विद्यालय के केशव यादव, संतोष कुमार शुक्ल एवं पवन आदि कर्मचारी उपस्थित थे।

पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

शिकोहाबाद। एमएस विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ.दिलीप यादव ने अतिथियों के साथ किया। इस दौरान विश्वविद्यालय स्टाफ ने मिलकर 251 पौध रोपित की। कार्यक्रम के दौरान कुलाधिपति डॉ.दिलीप यादव ने कहा कि अपने जीवन में अधिक पौधे लगाने चाहिये, ताकि आने वाली पीढी को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान कुलपति डॉ.संजीव भारद्वाज ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व को बताया।

कार सवार में ऑटो को मारी जोरदार टक्कर, 3 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत

सुल्तानपुर। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के बाईपास मोड पर भुल्की - प्यारे पट्टी बाई पास चौराहे पर एक अनियंत्रित एक सफेद कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दिया। ऑटो सवार तीनों लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटनास्थल पर मौजूद पूर्व विधायक अनिल पांडे के पी आर ओ नन्हे मिश्रा (मामा) द्वारा घटना की जानकारी पुलिस व एंबुलेंस को फोन द्वारा दी गई। मौके पर एम्बुलेंस व पुलिस थोड़ी देर में पहुंच गई। मृतक लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। ग्रामीणों के अनुसार मृतकों की पहचान जादीपुर,पखरौली कोतवाली देहात के निषाद जाति के हैं। पुलिस ने मृतकों के विधिक कार्यवाही हेतु शवों को जिलाअस्पताल भेजवा दिया है। कार पर कोई नंबर प्लेट नहीं थी, जिससे कार सवारों का अभी तक पता नहीं चल पाया। प्रत्यक्ष दर्शियों का मानना है कि कर में दो-तीन लोग सवार थे, जो घटना के तुरंत बाद इधर-उधर भाग कर कहीं छुप गए। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। उक्त घटना से बाईपास पर काफी देर तक जाम लगा रहा। घटनास्थल पर कुछ देर बाद जब पुलिस आई तो जाम खुलवाया और भीड़ भाड़ हटवाया । मृतकों में दो वृद्ध व एक अधेड़ बताया जा रहा है।

लम्बित भुगतान को लेकर शिक्षक संघ ने वित्त एवं लेखाधिकारी को सौंपा मांगपत्र

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। जनपद के परिषदीय शिक्षकों के लंबे समय से लंबित विभिन्न भुगतान के लिए उत्तरप्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में वित्त एवं लेखाधिकारी से मिलकर मांग पत्र सौंपा। माग पत्र में प्रमुख रूप से लंबे समय से पोर्टल पर पेड और अनपेड दोनों तरह के एरियर जिसमें छूटे हुए बोनस भुगतान, चयन वेतनमान अवशिष्ट, निलंबन बहाली के वेतन अवशिष्ट, डी ए डिफरेंस आदि के साथ एनपीएस संबंधी विसंगतियां जैसे प्रान किट का आवंटन न होना आवंटन होने के बाद कटौती न होना कटौती होने के बाद भी पोर्टल पर प्रदर्शित न होना सेवानिवृत शिक्षकों के जीपीएफ, पेंशन, सामूहिक जीवन बीमा का भुगतान नहीं होना अग्रीम आयकर कटौती आवश्यकता से अधिक करना अतिरिक्त आयकर की कटौती 26as पर नहीं प्रदर्शित होना, फार्म 16 न प्राप्त होना आदि मांगो के संबंध में लेखाधिकारी ने संघ से विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए लेखाधिकारी ने संगठन को अवगत कराया कि जितने भी पोर्टल पर पेड एरियर प्रदर्शित हो रहे हैं और खाते में भुगतान नहीं हुआ है उनका अवशिष्ट बिल कल तक ट्रेजरी लगा दिया जाएगा। शेष नए आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जा रहा है परीक्षण पूरा होते ही इसी माह के अंत तक समस्त प्रकार के अवशिष्टों का भुगतान कर दिया जाएगा। इस बार तकनीकी बाधा से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के एरियर्स को अलग-अलग प्रस्तुत किया जा रहा है। जिन शिक्षकों के प्रान नंबर आवंटित हो गए हैं वह अपने खंड शिक्षा अधिकारी से प्रान नंबर फीड करवा कर उनकी आईडी से कटौती फॉरवर्ड करवाएंगे तो उनकी कटौती प्रारंभ हो जाएगी और जिनको अभी तक प्रान नंबर अलाट नहीं है वह फॉर्म 5 ए भर करके अपने खंड शिक्षा अधिकारी के हस्ताक्षर के साथ लेखा कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे तब लेखाधिकारी उस शिक्षक का प्रान जनरेट करने के लिए ऑनलाइन आवेदन करके अप्रूव करेंगे। उपस्थित आदि लॉक न होने के कारण जिन शिक्षकों के वेतन बाधित हो गए हैं वह अपने विकास क्षेत्र से बिल बनवाकर शीघ्रता से लेखा कार्यालय पहुंचाने का कष्ट करें जिससे इसी माह पूरक वेतन दिलवाया जा सके।जिन शिक्षकों के चयन वेतन नहीं लग पाया हो तो वह भी अपने ब्लॉक से ऑनलाइन फीड करवा कर भेजे वेतन जोड़ दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में जनपदीय मंत्री डॉ यच बी सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा उपाध्यक्ष विनोद यादव उपाध्यक्ष राम बहादुर मिश्रा लंभुआ अध्यक्ष केदारनाथ दुबे युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धीरेंद्र राव मंत्री राजकुमार चौधरी बल्दीराय अध्यक्ष राजबक्स मौर्य स्थानांतरित नगर मंत्री मीरा यादव धनपतगंज मंत्री शैलेश दुबे भदईया मंत्री राजकुमार यादव भदैया कोषाध्यक्ष संतोष चौरसिया दोस्तपुर मंत्री मेवा लाल युवा प्रकोष्ठ संयोजक आशीष मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं.-1, कार्य का नामः** दो वर्षों के लिए एसएसई/पीवे/गाजीपुर सिटी के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक का रख-रखाव, **ई-निविदा सूचना संख्याः** एनईआर-बीएसबी-2024-41, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 3,82,15,952/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 3,41,100./-, **क्र.सं.-2, कार्य का नामः** दो वर्षों के लिए एसएसई/पीवे/छपरा के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक का रख-रखाव, **ई-निविदा सूचना संख्याः** एनईआर-बीएसबी-2024-42, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,99,77,329/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 2,49,900./-, **क्र.सं.-3, कार्य का नामः** दो वर्षों के लिए एसएसई/पीवे/सिधवलिया के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक का रख-रखाव, **ई-निविदा सूचना संख्याः** एनईआर-बीएसबी-2024-43, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 1,85,96,521/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 2,43,000./-, **क्र.सं.-4, कार्य का नामः** दो वर्षों के लिए एसएसई/पीवे/तमकुही रोड के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक का रख-रखाव, **ई-निविदा सूचना संख्याः** एनईआर-बीएसबी-2024-44, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2,03,59,852/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 2,51,800./-, **क्र.सं.-5, कार्य का नामः** दो वर्षों के लिए एसएसई/पीवे/बलिया के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत ट्रैक का रख-रखाव, **ई-निविदा सूचना संख्याः** एनईआर-बीएसबी-2024-45, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 3,80,80,891/-, **बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹):** ₹ 3,40,400./-, **निविदा बन्द होने की तिथिः क्र.सं. 1 से 5 के लिएः** 02.07.2024, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः क्र.सं. 1 से 5 के लिएः** 24 माह। **नोटः** • निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2024-41 से एनईआर-बीएसबी-2024-45 दिनांक **02.07.2024** को **14.30 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक (इन्जी.)
वाराणसी

मुजाधि/डब्ल्यू-108

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

उत्तर रेलवे

सं0: टीआरडी–10 सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24 दिनांक : 06.06.2024

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / टीआरडी / हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	ई निविदा सूचना संख्या	टीआरडी–10 सीनि0डी0ई0ई0–लखनऊ–24
2	कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के प्रयाग घाट वाशिंग लाइन (2.20 टी0के0 एम0) के विद्युतीकरण के लिए 25 के वी सिंगल फेज ओ0 एच0 ई0 की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य।
3	अनुमानित लागत	रू0 12607862.71
4	बयाना राशि	रू0 213000.00
5	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 माह
6	निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनॉक 05.07.2024 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद।
7	प्रस्ताव की वैधता	निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
8	उत्तर रेलवे की बेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है।
9	पात्रता मापदण्ड	निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता : 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी / एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रूपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक) "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" या "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया किया हो" या "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" । एक समान कार्य की परिभाषा होगी Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों से वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोट : इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज / खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण बेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

1709/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय ग्राम वन्दीपुर, वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 08-06-2024 से 11-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 11-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलॉकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

श्रीमती पूजा सिंह
ग्राम प्रधान- वन्दीपुर
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

श्रीमती सरिता मौर्या
ग्राम पं./ग्रा.वि.अधि.- वन्दीपुर
वि.ख. सिरकोनी, जौनपुर

हर घर नल योजना का बुरा हाल सभी कार्य अपूर्ण

टेस्टिंग में ही फेल हो गई योजना

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। हर घर नल योजना का ग्रामीण क्षेत्रों में बुरा हाल है तीन वर्ष पूर्व खोदी गई सड़कों को आज तक नहीं बनाया गया है। इससे लोगों का चलना फिरना दूभर है। वही ब्लॉक की 41 ग्राम पंचायतों तक पानी मुहैया कराने के लिए पचखुरा बुजुर्ग में बनाया गया। वितरण केंद्र पहली टेस्टिंग में धड़ाम हो गया था और आधा गांव जलमग्न हुआ था तब से अब तक इसको दुबारा टेस्ट नहीं किया गया है। इसके अलावा ब्लाक में अभी तक मुख्य लाइन का कार्य भी पूरी तरह से पूर्ण नहीं हो सका है। इसी बीच बार-बार दावा किया जा रहा है कि जल्द ही हर घर पर स्वच्छ जल पहुंचेगा। जो लोगों को गले नहीं उतर रहा है। सुमेरपुर एवं मौदहा ब्लाक के गांवों को स्वच्छ जल मुहैय्या कराने के लिए पत्योरा गांव के समीप यमुना नदी में इंटेकवेल बनाया गया है। इसका कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। ब्लाक की 41 पंचायतों को पानी देने के लिए इंटेकवेल से पाइपलाइन लाकर पचखुरा बुजुर्ग में वितरण केंद्र बनाया गया है। इस वितरण केंद्र से ब्लाक के कई पंचायतें को पानी दिया जाएगा। करीब 6 माह पूर्व वितरण केंद्र की टेस्टिंग हुई थी। पाइपलाइन फटने के कारण पचखुरा की आधी आबादी जल मग्न हो गई थी। तब से अब तक दुबारा टेस्टिंग नहीं कराई गई है। ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवगांव, मिहुना, विदोखर पुरई आदि में बन रही। पानी टंकियां का कार्य भी पूर्ण नहीं है।इसी बीच दावा किया जा रहा है कि जल्द जलापूर्ति शुरू होगी। छः माह पूर्व हुई टेस्टिंग में मुख्य पाइप लाइन क्षेत्र में कई जगह से फट गई थी। इसके बाद जलापूर्ति नहीं हुई है। गांवों के अंदर पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई रास्ताओ का बुरा हाल है। पाइपलाइन बिछाने के बाद इनको आरसीसी डालकर ठीक किया जाना था लेकिन 2 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद इनको ठीक नहीं किया गया है। इससे लोगों को चलना फिरना दुभर हो गया है। विदोखर पुरई के प्रधान सुंदरलाल प्रजापति विदोखर मेंदनी के प्रधान लालाराम यादव आदि ने बताया कि बार-बार शिकायत के बाद ठेकेदारों ने कार्य नहीं कराया है।

छत से गिरकर युवक की संदिग्ध हालत में मौत

मृतक के मौसा ने लगाया हत्या का आरोप

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के दरियापुर गांव वृहस्पतिवार की रात में शराब के नशे में गाली गलौज के बाद युवक की छत से गिरकर संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। वहीं मृतक के मौसा ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर देने की बात कही है। रागौल मौदहा निवासी फूलचंद ने बताया कि उसके साढू का बेटा दरियापुर गांव निवासी श्यामबाबू कुटार (24) वृहस्पतिवार की रात करीब नौ बजे अपने गांव के एक पड़ोसी युवक के साथ शराब पी और उसके बाद इन लोगों के बीच विवाद हो गया। ग्रामीणों के अनुसार विवाद बढ़ने पर श्यामबाबू अपनी छत पर चढ़कर गाली गलौज करने लगा। जबकि पड़ोसी युवक रास्ते में खड़े होकर गाली देता रहा। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने पर श्यामबाबू मकान के छत से गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जिससे वहां सन्नाटा पसर गया। मृतक की मां सुखदेई ने छत से गिरकर मौत होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मृतक के मौसा फूलचंद ने पड़ोसी युवक पर हत्या करके शव मकान के पिछवाड़े के दरवाजे पर फेंकने का आरोप लगा रहा है। मृतक के मौसा का कहना है कि वह पोस्टमार्टम के बाद युवक के खिलाफ हत्या की तहरीर पुलिस को देंगे। उनका आरोप है कि मृतक की मां को धमकाकर पड़ोसी युवक ने गलत सूचना पुलिस को दिला दी है। मृतक मजदूरी करके मां व अपना भरणपोषण करता था। मां ने बताया कि उसका इकलौता बेटा था। उसकी शादी के बाद बहु कुछ महीने रहने के बाद अपने मायके चली गई थी। जो दुबारा नहीं आई।अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं इस परिवार का चिराग ही बुझ गया।

दो ट्रकों की टक्कर से हाईवे रहा घंटों जाम

हमीरपुर। दो ट्रकों की भिड़ंत में एक ट्रक का चालक घायल हो गया। जबकि इस हादसे में एक ओमनी वैन भी क्षतिग्रस्त ट्रक के पीछे बुरी तरह भिड़ने से क्षतिग्रस्त हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायल ट्रक चालक को जिला अस्पताल पहुंचाया। दोनों ट्रकों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू किया गया। शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े चार बजे सदर थाना क्षेत्र के बेतवा पुल पर दो ट्रक आपस में भीड़ गए।हादसे के बाद एक ओमनी वैन क्षतिग्रस्त ट्रक में पीछे से टकरा गई। ट्रकों की भिड़ंत से एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए। वहीं इस हादसे में एक ट्रक चालक संदीप पुत्र सत्यनाम निवासी सूरजपुर जिला बाराबंकी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने घायल ट्रक चालक को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया जहाँ चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे स्वस्थ बताया है।

चुनाव संपन्न होने के बाद मंडी बंद होने से किसान व्यापारी परेशान, डीएम को भेजी शिकायत

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए अधिगृहीत की गई गल्ला मंडी को चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद मंडी सचिव द्वारा खाली न किए जाने की शिकायत आढतियों व किसानों ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कारोबार के लिए मंडी खोले जाने की मांग की है। लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने इस बार गल्ला मंडी को पूरी तरह से अधिग्रहित करके आढतियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। करीब दो माह तक गल्ला मंडी से बाहर होकर आढती कारोबार कर रहे थे। मतगणना का कार्य संपन्न होने के बाद आढतियों ने जब व्यापार के लिए मंडी में प्रवेश का प्रयास किया तब मंडी सचिव ने कारोबार करने से मना कर दिया। इसकी शिकायत मंडी के आढती राजेश कुमार, संदीप बाजपेई, कुंज बिहारी पांडे आदि के अलावा किसान जगदीश प्रसाद, देवनारायण, महेंद्र सिंह, राजेंद्र कुमार आदि ने जिलाधिकारी को भेज कर मंडी कारोबार के लिए खोले जाने की मांग की है। मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम ने बताया कि प्रशासन चुनाव सामग्री समेटने में जुटा हुआ है। आढतियों से 2 दिन का समय मांगा गया था। शनिवार को कारोबार के लिए मंडी को खोलने का प्रयास किया जा रहा है।

घोरावल तहसील परिसर में गंदगी का अंबार: गिरीश

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। स्वच्छता अभियान पर सरकार द्वारा किए जा रहे सभी दावों को धोता बता रहा है घोरावल तहसील परिसर। तहसील परिसर में आनेवाले आम लोगों के लिए न तो शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है और न ही परिसर में बने शौचालय की स्थिति उपयोग लायक ही है। घोरावल तहसील परिसर का भ्रमण करने पहुंचे सोनभद्र विचार मंच के नेता गिरीश पाण्डेय ने बताया कि इतनी तेज धूप में दूर दराज से तहसील परिसर में आने वाले लोगों को पीने के लिए शुद्ध पानी देने के लिए लगा आर ओ प्लांट थूकदान बनकर रह गया है। इतना ही नहीं स्थानीय रहवासी अमरेश शुक्ला ने बताया कि तहसील परिसर में बने शौचालय में न तो पानी है और ना ही और ना ही साफ सफाई। वाइन गिरीश पांडे ने बताया कि इस संदर्भ में अधिवक्ताओं से भी वार्ता की गई के द्वारा बताया गया कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस विषय में पत्र देकर अवगत कराया गया इसके बाद भी केवल कागजी कार्रवाई कर कर कोरमा पूर्ति की जाती है जमीनी हकीकत पर कुछ और ही नजर आता है वही अधिवक्ता नेता वह ग्रामीणों का जिलाधिकारी की तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि मामले में तत्काल संज्ञान लेकर संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए समस्याओं का निजात दिलाने का कष्ट करें।

पुलिस और परिजनों की निस्क्रियता के चलते गई जुबेदा की जान

अवधनामा संवाददाता

मौदहा हमीरपुर। गुरुवार की शाम कस्बे के बाहर खेतों में मिला महिला के कंकाल की शिनाख्त और पोस्टमार्टम होने के बाद कस्बे में तरह तरह की चर्चाएं हो रही हैं।वहीं लोगों का कहना है कि यदि परिजनों और पुलिस ने सक्रियता दिखाई होती तो गुमशुदा महिला की तलाश की जा सकती थी जिसके बाद महिला की जान नहीं जाती। बीते गुरुवार को कस्बे के बाहर पढोरी रोड पर खेतों में दुर्गंध आने से चरवाहों ने लोगों को जानकारी दी जिसके बाद लोगों ने देखा तो वहां पर एक शव पड़ा हुआ था जो कंकाल का रूप ले चुका था मौके पर पहुंची पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और पास ही मिले कपडों और चप्पलों के आधार पर शिनाख्त कराने की कोशिश की साथ ही फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर जाकर जांच की, और जल्द ही मृतका की पहचान कांशीराम कालोनी छिमौली रोड निवासी जुबेदा उर्फ मुन्नी (62) पत्नी रहमान के रूप में हो गई। कंकाल की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने राहत की सांस जरूर ली होगी लेकिन उसी के साथ कुछ प्रश्न भी खड़े हो गए।सबसे बड़ी बात यह है कि महिला बीते 23 मई की शाम गुमशुदा हुई थी जिसकी गुमशुदगी दो दिन बाद कोतवाली पुलिस ने दर्ज की है।और क्षेत्राधिकारी मौदहा श्रेयस त्रिपाठी ने बताया कि कंकाल लगभग एक सप्ताह पुराना लग रहा है।तो सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है कि महिला की मौत एक सप्ताह पहले हुई और महिला दो सप्ताह पहले गायब हुई तो एक सप्ताह महिला कहां थी।कंकाल कस्बे के निकट मिला है जिससे यह साबित होता है कि मरने से पहले भी महिला कस्बे के आसपास ही रही है अब अगर पुलिस और परिजनों ने अच्छी तरह से तलाश की होती तो शायद महिला की मौत नहीं हुई होती।

प्रतिनिधि के साथ जिला अस्पताल कर्मचारियों ने किया दुर्व्यवहार

- **क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कल बैठक नहीं हुई**
- **जिला अस्पताल परिसर में दवा लेने के दौरान का मामला**

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। लोढी स्थित जिला अस्पताल परिसर में शुक्रवार को सदर ब्लाक अंतर्गत मुसहि क्षेत्र पंचायत सदस्य द्वारा दवा लेने पहुंचे जाने पर वहां के कर्मचारियों द्वारा उनसे हुआ दुर्व्यवहार के खिलाफ क्षेत्र पंचायत सदस्य ने थाने में एप्लीकेशन देकर मामले में उच्च स्तरीय कार्रवाई की की मांग नहीं हुई कार्रवाई तो क्षेत्र पंचायत सदस्य संबंधित जिला अस्पताल कर्मचारियों के खिलाफ करेंगे विरोध प्रदर्शन।

पीड़ित क्षेत्र पंचायत सदस्य राम भरोसे मुसहर ने बताया कि शुक्रवार को जिला अस्पताल दवा लेने गए थे इसी दौरान वहां के चिकित्सक स्टाफ द्वारा दुर्व्यवहार किया गया और गाली दी गई मारने पीटने तक उतावले हो गए जिसको लेकर पीड़ित द्वारा तत्काल पुलिस को सूचना दी गई उसके बाद मौके पहुंची पुलिस द्वारा बीच बचाव करते हुए पीड़ित को थाने लाई पीड़ित ने संबंधित चिकित्सक को स्टाफ के खिलाफ तारीख देकर मामले में उच्च स्तरीय कार्रवाई करने की गुहार लगाई उधर मामले की जानकारी क्षेत्र पंचायत संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला को हुई उनके द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ बैठक के लिए शनिवार को सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सूचित किया गया अगर कार्रवाई नहीं होती है तो जिला अस्पताल चिकित्सक को कर्मचारियों के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने को रणनीति बनाई जाएगी इस तरह से प्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे चिकित्सक स्टाफ तो आम जनमानस के साथ क्या करते होंगे जिसको लेकर श्री शुक्ल ने मामले में जिलाधिकारी का ध्यान इस तरफ करते हुए संबंधितों के खिलाफ कड़ी कारवायीकरण कर आम जनमानस को सुविधा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई।

मौहर मे शर्ट सर्किट से आग लगने से गृहस्थी स्वाहा

सुमेरपुर। विकास खण्ड सुमेरपुर के ग्राम पंचायत मौहर मे बिजली के शर्ट सर्किट से आग लगने से तीन मकान स्वाहा हो गये है जिसमे प्रेम कुमार पुत्र सुखराम निषाद के घर मे आग लगने से दस कुन्तल गेहूँ एक बेड रजाई गद्दा , कूलर , फ्रिज व कुर्सिया एव गृहस्थी का समान इसी प्रकार से पार्थ पुत्र विसम्भर का 28 कुन्तल गेहूँ के साथ घर गृहस्थी का समान जल कर रख हो गया है और राम स्वरूप पुर विसम्भर निषाद का भी गृहस्थी का समान जल कर राख हो गया है मौहर ग्राम प्रधान राम मिलन निषाद ने इसकी जानकारी राजस्व विभाग के लेखपाल तथा शासन को इस घटना से अवगत कराया है और शासन से माँग की है कि इन सभी के नुकसान का अवकलन करके मुआवाजा दिया जाये।

लचर विद्युत व्यवस्था पर भड़की विधायक अधिकारियों को लगाई फटकार

अवधनामा संवाददाता

राठ हमीरपुर। लचर विद्युत व्यवस्था के कारण त्रस्त नगर व क्षेत्र की जनता की दुर्दशा को देख नाराज क्षेत्रीय विधायक ने आज विद्युत विभाग के अधिकारियों को बुलाकर उन्हें कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान अधिकारी विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने का दम्भ भरते नजर आए। आज क्षेत्रीय विधायक मनीषा अनुरागी ने विद्युत विभाग की अधिशाषी अभियंता राजकुमार राव, राठ प्रथम व द्वितीय फीडर के जेई विजय कुमार पांडे, नौरंगा व अमूंद फीडर के जेई अजय कुमार को अपने कार्यालय में बुलाकर उनसे विगत एक माह में विद्युत व्यवस्था के संचालन की समीक्षा ली। इस दौरान उक्त अधिकारियों द्वारा कागजों में विद्युत सप्लाई को गलत दिखाने व उसकी वास्तविकता कुछ और होने पर विधायक ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण नगर क्षेत्र की जनता को इस भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है। अगर इसी तरीके से अधिकारी जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा कर अपनी लचर प्रणाली से कार्य करते रहे तो आगामी समय में इसके दुष्परिणाम सामने आ सकते हैं। जिसके लिए वह अभी से कमर कसते हुए ऐसे लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगी। इस दौरान राठ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरचंद्र अनुरागी, विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, सरीला मंडल अध्यक्ष अरुण राजपूत, मुकेश गुप्ता, दीपू मुंशी बृजेश रोरो, मनोज रोरो, रामजी अड़जरिया सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

सूखे तालाबो से नही बुझ रही बेजुबान जानवरों की प्यास

सुमेरपुर हमीरपुर। हाईवे किनारे स्थित बड़ी आबादी वाले ग्राम इगोहटा में कहने को तो 9 राजकीय नलकूप लगे हुए है फिर भी वहां के आधा दर्जन छोटे बड़े तालाबों में धूल उड़ रही है, जिससे पशु पक्षी ऐसी प्रचंड गर्मी में प्यास बुझाने के लिए दर दर भटकने को विवश है, जिम्मेदार लोगों को इस बड़ी समस्या से कोई लेना देना नहीं है। ग्रामीण ज्ञानेश दीक्षित ने बताया कि गांव में राजकीय नलकूपों द्वारा तालाब पोखर गड्ढे भरकर पशु पक्षियों की प्यास बुझाई जा सकती है। मगर इस दिशा में अभी तक कोई प्रयास ही नहीं किए गए है। उन्होंने बताया कि गांव के उत्तर और दक्षिण में कजरी और रीठा दो बड़े तालाब है, जबकि पूर्व में एक और पश्चिम दिशा में दो छोटे तालाब है। छानी मार्ग में एक हमीरपुरी तालाब है। वर्तमान में सभी तालाब सूखे पड़े है महीनों से ठप पड़े हैं 9 राजकीय नलकूप उनके पानी नहीं है, राजकीय नलकूपों से उन्हे भरा जा सकता है किंतु जिम्मेदार लोगों द्वारा प्रयास ही नहीं किया गया।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा, रेफर

अवधनामा संवाददाता

राठ। कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी लोकनाथ (45)पुत्र सुम्मी आज शुक्रवार की दोपहर लोहे की सरिया को छत पर रख रहा था। तभी छत के ऊपर से गुजरी हाईटेंशन लाइन के तारों में लोहे की सरिया छू गई। जिससे युवक करंट की चपेट में आकर झुलस गया। डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि युवक पैरों व कूल्हे में करीब 30,%झुलसा है। जिसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।

कायाकल्प टीम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

राठ। जिला मुख्यालय से आई कायाकल्प टीम ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने खामियां मिलने पर अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। आज कायाकल्प टीम के क्वालिटी मैनेजर डॉ0 आरिफ,डॉ0 फिरोज व अमित कुमार ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे वहां पर मरीज भर्ती कक्ष, ओपीडी रजिस्टर,दवा स्टॉक रजिस्टर, ड्रेसिंग रूम में दी जाने व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ केंद्र परिसर में तीमारदारो के लिए छाया व पानी की उचित व्यवस्था न होने पर उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक को इसकी व्यवस्था का सुझाव दिया। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ0 अखिलेश कुमार सिंह,डॉ0 नरेंद्र कुमार, फार्मासिस्ट विवेक गुप्ता व बृजेश राजपूत,मोहित मिश्रा, विपिन सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।

जर्जर सड़क का सदर विधायक ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

कोन/सोनभद्र। लोकसभा का चुनाव संपन्न होने के बाद सदर विधायक भूपेश चौबे ने गुरुवार को खराब तेलगुडवा कोन मार्ग का निरिक्षण बृहस्पतिवार के दिन लोक निर्माण अधिकारियों के साथ कोटा-तेलगुडवा मार्ग पर पहूंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मार्ग पर जा रही बालू लदी दो ट्रको को रोककर ट्रकों से गिर रहे पानी पर चालकों को फटकार लगाई और कहा की भविष्य में ट्रकों से पानी नही गिरना चाहिए, बालू लदी ट्रकों से पानी गिरने की वजह से सड़क जगह जगह क्षतिग्रस्त हो रही है। सदर विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि इस मार्ग से आवागमन करने वालों को किसी भी प्रकार का परेशानी ना हो जिसको ध्यान में रखते हुए अधिकारियों के साथ सड़क की नए सिरे से बनाने के लिए निरीक्षण किया गया है जल्द ही दो राज्यों को जोड़ने वाली मार्ग को बना दिया जाएगा। कोन-तेलगुडवा मार्ग का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन गोविंद यादव ने कहा कि सड़क खनन क्षेत्र से प्रभावित है बालू लोडकर जाने वाले ट्रकों से सड़क पर पानी पानी गिरता रहता है जिसके कारण जल्दी सड़क जगह जगह क्षतिग्रस्त हो जाती है। उन्होंने कहा कि सुदृढीकरण हेतू प्रस्ताव भेजा गया है, पुनः प्रस्ताव शासन को भेजा जा रहा है,शासन से अनुमति मिलने के बाद कोटा कोन मार्ग का निर्माण कराया जाएगा। कोन तेलगुडवा, कचनरवा, विंढमगंज मार्ग जगह जगह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसका मुल कारण सड़क पर चल रही बालू लदी ट्रकें है। इस दौरान डाला मंडल अध्यक्ष दीपक दूबे, भाजयुमो उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू, पीडब्ल्यूडी जेई अमित वर्मा, अभय कुमार मौजूद रहे।

पाक्सो एक्टः दोषी सतीश को 20 वर्ष की सज़ा

साढ़े 4 वर्ष पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला

- **एक लाख रूपये अर्थदंड, न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी**
- **अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी**

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। साढ़े चार पूर्व 14 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सतीश भुईयां को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक विंढमगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने विंढमगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि करीब दो माह से उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ सतीश भुईयां पुत्र रामनाथ भुईयां निवासी धूमा, थाना विंढमगंज, जिला सोनभद्र द्वारा जबरन बलात्कार किया जा रहा था और बेटी को धमकी दिया कि किसी से भी बताओगी तो जान से मार देंगे। पीड़िता बेटी ने रोते हुए अपनी माँ से सारी घटना बताई। तब पत्नी ने उसे बताया। इस तहरीर पर 30 सितंबर 2019 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी सतीश भुईयां को 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

दुष्कर्म के दोषी शिक्षक को उम्रकैद

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। साढ़े चार पूर्व 12 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल को उम्रकैद एवं दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से एक लाख 60 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता की मां ने बभनी थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी 12 वर्षीय नाबालिग बेटी कक्षा 5 में पढ़ती है। 6 नवंबर 2019 को जब बेटी स्कूल पढ़ने गई थी तो शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल पुत्र भगौती जायसवाल ने छुट्टी होने पर सभी बच्चे चले गए, लेकिन उसकी बेटी को शिक्षक ने रोक लिया और करीब तीन बजे उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और बेटी को घर पहुंचा कर चला गया। बेटी को किसी से ना बताने के लिए मना किया था। पीड़िता बेटी ने रोते हुए अपनी माँ से सारी घटना बताई। तब पत्नी ने उसे बताया। इस तहरीर पर 7 नवंबर 2019 को पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी शिक्षक संतोष कुमार जायसवाल को उम्रकैद एवं दो लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

सोनभद्र में 9 जून को होगा कवि सम्मेलन

अवधनामा ब्यूरो

- **जुटेंगे कई जिलों के कवि और कवियित्री**
- **कवियित्री चंद्रलेखा सिंह की दूसरी पुस्तक सत्ता का खेल का होगा विमोचन**
- **अभिनंदन समारोह में कई लोगों को किया जाएगा सम्मानित**
- **राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में होगा आयोजन**

सोनभद्र। शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी के तत्वावधान में नौ जून को सोनभद्र में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में सोनभद्र के अलावा वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, भदोही जिलों से कवि और कवियित्री जुटेंगी। इस दौरान कवियित्री चंद्रलेखा सिंह की दूसरी पुस्तक सत्ता का खेल का विमोचन होगा और अभिनंदन समारोह में कई लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के आयोजक प्रद्युम्न त्रिपाठी एड ने बताया कि राबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार में 9 जून 2024 दिन रविवार को सुबह दस बजे वरिष्ठ साहित्यकार अजय शेखर के अध्यक्षता में यह कार्यक्रम होगा। जिसमें अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के साथ ही कवियित्री चंद्रलेखा सिंह की दूसरी पुस्तक सत्ता का खेल का विमोचन होगा। इसके अलावा अभिनंदन समारोह में कई लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि सोनभद्र बार एसोसिएशन अध्यक्ष पूनम सिंह, पूर्व अध्यक्ष विनोद चौबे, पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र पांडेय के उपस्थिति में वरिष्ठ साहित्यकार गण रामनाथ शिवेंद्र ,जगदीश पंथी, पारसनाथ मिश्र के गरिमामय पदार्पण में बार सभागार कचहरी में सत्ता का खेल लेखिका चंद्रलेखा सिंह की दूसरी पुस्तक का विमोचन एवं अभिनंदन समारोह तथा विराट कवि सम्मेलन आयोजित है। जिसमें सोनभद्र के अलावा वाराणसी, चंदौली मिर्जापुर, भदोही जिलों से कवियों का आगमन हो रहा है।

'एक्सप्रेस-वे के किनारे वृक्षारोपण कराया जाय'

प्रत्येक किसान तक लाभ पहुंचाने के लिए हाईटेक नर्सरी का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री दिनेश प्रताप सिंह ने आज शुक्रवार को अपने मंत्री आवास से औद्यानिक विकास को गति प्रदान करने एवं संचालित कार्यक्रमों के ससमय क्रियान्वयन हेतु उद्यान अधिकारियों से वर्चुअल समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु कृषकों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाते हुए निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत पूर्ति किये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक किसान तक लाभ पहुंचाने हेतु

से जनपद मिर्जापुर में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार ड्रैगन फ्रूट का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। स्ट्राबेरी एक हाईवैल्यू औद्यानिक फसल है, जिसकी 01 हेक्टेयर क्षेत्र में खेती करने से किसान को 15 लाख रुपये से अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है, इसको दृष्टिगत रखते हुए हापुड़, मिर्जापुर, गोरखपुर, मुरादाबाद, मेरठ एवं रायबरेली (सतांव) आदि क्षेत्रों में स्ट्राबेरी की खेती को बढ़ावा दिये दिये जाने के निर्देश दिये गये। धार्मिक महत्व वाले स्थल यथा-वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज, सीतापुर आदि जनपदों में फूलों की खेती बढ़ाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय।

उद्यान मंत्री ने हापुड़ एवं कुशीनगर में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार पोटैटो तथा सहारनपुर में सेन्टर आफ एक्सीलेन्स फार फ्रूट्स का निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के समस्त एक्सप्रेस-वे के किनारे स्थित जनपदों में एक्सप्रेस-

■ जनपदों में फूलों की खेती बढ़ाये जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय

वे के किनारे की भूमि पर वृक्षारोपण कराया जाय तथा लगाये गये फलदार वृक्षों की जीवितता सुनिश्चित की जाय। विभिन्न योजनाओं में लक्षित कार्यक्रमों के सापेक्ष आवंटित धनराशि का उपयोग सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए।

मंत्री जी ने जनपदों में स्थापित हाईटेक नर्सरी की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए उद्यान अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन नर्सरियों का सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने बताया कि हाईटेक नर्सरी किसानों को उन्नत किस्म के बीज और अन्य सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसके अलावा, उन्होंने योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और जिला उद्यान अधिकारियों को कार्यों में सुधार की चेतावनी दी। उन्होंने योजनाओं हेतु आवंटित धनराशि का शत प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मंत्री ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, औद्यानिक विकास योजनाओं सहित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मंडल एवं जनपद स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एक हफ्ते के अंदर अपने क्षेत्रों में योजनाओं की प्रगति को बढ़ाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि योगी सरकार किसानों के हितों के लिए कटिबद्ध है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा बैठक में निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण डॉ.वी.बी. द्विवेदी ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं एवं फ्लैगशिप महत्वपूर्ण कार्यक्रम, योजनाओं की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।

चर्चा का बाजार गरम : जितिन के सांसद बनने के बाद किसको मिल सकता है मंत्री पद

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के पीलीभीत लोकसभा सीट से जीतने के बाद यह तय है कि वह केंद्र सरकार की राजनीति में जाएंगे। ऐसे में यह कयासबाजी शुरू हो गई है कि क्या उनके स्थान पर जिले के किसी नेता को मंत्री पद से नवाजा जाएगा? समर्थकों ने अपने नेता के पक्ष में सोशल मीडिया पर लामबंदी भी शुरू कर दी है।

जितिन प्रसाद 2021 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा सरकार ने उन्हें एमएलसी बनाने के साथ ही कैबिनेट मंत्री भी बनाया था। 2022 के विस चुनाव के बाद से वह लोक निर्माण विभाग के मंत्री हैं। लोकसभा चुनाव में पार्टी ने उन्हें पीलीभीत संसदीय सीट से लड़ाया। बड़ी जीत हासिल करने के बाद उनके केंद्र सरकार में मंत्री बनाए

जाने को लेकर भी अटकलें लगाई जाने लगी हैं।

नगर विधायक और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, सहकारिता मंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर भी शाहजहांपुर से आते हैं। तीन-तीन मंत्री होने के कारण शाहजहांपुर पूरे प्रदेश की राजनीति में अपनी धाक रखता है। जितिन के केंद्र में जाने के बाद शाहजहांपुर से किसी नेता को मंत्री बनाया जाएगा, इसको लेकर कयास लग रहे हैं।

सुरेश कुमार खन्ना नौ बार विधानसभा चुनाव जीत चुके हैं। उनके

■ चेतराम सबसे वरिष्ठ विधायक, प्रिंस सबसे युवा

बाद पुवायां से चेतराम छह बार विधायक रह चुके हैं। सुरेश खन्ना के बाद वह सबसे वरिष्ठ विधायक हैं। अनुसूचित जाति से आने और लोकसभा चुनाव में पुवायां से भाजपा को बड़ी जीत दिलाने के कारण भी उनका नाम चर्चा में है। कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने लगातार दो बार जीत हासिल की है। वह जिले में पार्टी के युवा चेहरे हैं। सलोना कुशवाहा एकमात्र महिला विधायक हैं। पिछड़ा वर्ग से आने के कारण उनका दावा मजबूत माना जा सकता है। 2022 के चुनाव में जलालाबाद सीट पर पहली बार भाजपा को जिताने वाले हरिप्रकाश वर्मा भी पिछड़े वर्ग से आते हैं। उनका नाम भी चर्चा में है। जिले में ब्राह्मण समाज से कोई विधायक नहीं है। केवल जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा भाजपा में बड़े पद पर हैं।

शेयरों में 30 लाख करोड़ के घोटाले की हो जांच : प्रमोद

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता, राज्य सभा ने स्टॉक मार्केट के शेयरों के उतार चढ़ाव में 30 लाख करोड़ रुपये के घोटाले के आरोपों की जॉच संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी से कराने की मांग की है, और कहा है कि आने वाले संसद के सत्र में इस प्रकरण को पूरी ताकत एवं शक्ति के साथ संसद में उठायेंगे।

श्री तिवारी ने कहा है कि यह तो सर्वविदित एवं सत्य है कि 01 जून, 2024 को एक्जिट पोल में भारतीय जनतापार्टी और एन.डी.ए. को लगभग 400 सीटें मिलने की अधिकृत रूप से घोषणा करते हुये संभावना जताई गयी थी। ज्यादातर एक्जिट पोल वालों ने 350 से कम सीटे इन्हें मिलना नहीं बताया था। यह सर्वविदित एवं सत्य है कि इससे स्टाक मार्केट शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल आया। यह भी सर्वविदित एवं सत्य है कि चुनाव

परिणाम एक्जिट पोल की घोषणा के अनुरूप खरे नहीं उतरे। भारतीय जनतापार्टी की सीटों में 65 सीटों की गिरावट आयी और वह अल्पमत में आ गयी। यह भी सर्वविदित एवं सत्य है कि इसके बाद स्टाक मार्केट शेयर बाजार में 30 लाख करोड़ रुपये निवेषकों के डूब गये। इसकी जॉच होनी चाहिए। यही नहीं यह भी सर्वविदित व सत्य है कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं केन्द्रीय गृह मन्त्री श्री अमित शाह जी ने शेयर बाजार से शेयर खरीदने की वकालत की थी या नहीं की थी - इसकी भी जॉच होनी चाहिए।

दहेज के लिए महिला को पेड़ से बांधकर पीटा, वीडियो वायरल

अलीगढ़। अलीगढ़ में क्वार्सी क्षेत्र की महिला का दहेज के लिए उत्पीड़न किया गया। उसे पेड़ से बांधकर पीटा गया, यातनाएं दी गईं। वह रोती-बिलखती रही। मायके से पहुंचे परिजनों ने उसे मुक्त कराया। मामले की क्वार्सी थाने में तहरीर दी गई। घटना का वीडियो भी पुलिस को दिया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

क्वार्सी इलाके की युवती की शादी 11 फरवरी 2023 को अतरौली क्षेत्र के युवक के साथ हुई थी। तहरीर के अनुसार शादी में करीब छह लाख रुपये खर्च किए। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुराल वाले महिला से मायके से बाइक लाने की कहने लगे। विरोध पर उसका उत्पीड़न करने लगे। कई बार समझाने के बाद भी ससुराल वाले नहीं माने। इस बीच महिला के पिता की मौत हो गई। आरोप है कि देवर छेड़खानी करने लगा। ससुर बुरी नीयत से देखने लगा।

आंधी और वर्षा से तापमान में गिरावट

अब चलेगी लू, 10 जून तक लू का प्रकोप रहने के आसार

अवधनामा संवाददाता

आगरा। आंधी और वर्षा से शहर में गुरुवार को अधिकतम व न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इससे पिछले कुछ दिनों की अपेक्षा गुरुवार को गर्मी ने कम परेशान किया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार को तेज हवा या गरज के साथ वर्षा या बौछार पड़ सकती हैं। आठ से 10 जून तक लू का प्रकोप रहने के आसार हैं।

बुधवार रात आठ बजे के बाद आंधी आई थी। रात एक बजे के करीब भी तेज हवा चली थी और शहर व देहात में कुछ क्षेत्रों में वर्षा हुई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार सुबह 8:30 बजे से गुरुवार सुबह 8:30 बजे तक 2.1 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई। इसका असर गुरुवार को देखने को मिला। सुबह ठंडी हवा चलती रही और धूप का असर कम रहा।

दिन चढ़ने के साथ धूप तेज जरूर हुई, लेकिन उसका असर मंगलवार व बुधवार की तरह नहीं था। मंगलवार को 46.1 और बुधवार को 46 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया था। इससे दोपहर में कुछ राहत रही। आगरा में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम व न्यूनतम तापमान, सामान्य तापमान से कम रहे।

मौसम विज्ञानी मो. दानिश ने बताया कि शुक्रवार को तेज हवा या गरज के साथ वर्षा या बौछार हो सकती है। अधिकतम तापमान में गिरावट और न्यूनतम तापमान में वृद्धि देखने को मिलेगी। आठ से 10 जून तक लू का प्रकोप देखने को मिलेगा। अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

पीएचडी के लिए शिक्षकों को आरक्षण देने की मांग

कुलपति को लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त कॉलेज शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने शिक्षकों को पीएचडी के लिए 10 फीसदी सुपरन्यूमेरिक सीटों का आरक्षण देने की मांग उठाई है। इसके लिए संघ की ओर से कुलपति को पत्र लिखकर मांग पर विचार करने का अनुरोध किया गया है।

लुआक्टा अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने कुलपति प्रो. आलोक राय को भेजे गए पत्र में कहा है कि शासनादेश में यूजीसी विनियमन 2018 की विनियमन संख्या 18 (ख) में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों को पीएचडी उपाधि पाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सेवारत शिक्षकों के लिए 10 फीसदी सुपरन्यूमेरिक सीटों के आरक्षण का प्रावधान है। इसके साथ ही उन्हें ऑनलाइन कोर्स वर्क पूरा करने का भी निर्देश दिया गया है लेकिन पीएचडी

अध्यादेश 2023 में इसकी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में इस निर्णय से शिक्षकों में काफी नाराजगी है। पूर्व में हुई प्रवेश समिति की बैठक में अध्यादेश में परिवर्तन किए जाने का प्रस्ताव भी पास किया जा चुका है। इसके बाद भी अभी तक यह लागू नहीं हो सका है। डॉ. मनोज पांडेय ने बताया कि कुलपति की ओर से चुनाव आचार संहिता के बाद शिक्षकों के हित में निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिया गया था। अब जबकि लोकसभा चुनाव सम्पन्न हो चुका है तो इस संबंध में कार्रवाई होनी चाहिए।

पावनी अग्रवाल की शीतल परियोजना को मिली सराहना

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के कैम्ब्रिज इण्टरनेशनल की कक्षा-12 की छात्रा पावनी अग्रवाल को पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण हेतु विकसित किये गये अभिनव प्रोजेक्ट 'सोलर हिंज्ड एनर्जी एफिशिएन्ट टेराकोटा एअर-कूलर लाइनअप (शीतल) हेतु सेंटर फॉर साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी (सी.एस.टी.), उत्तर प्रदेश द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। पावनी की इस सृजनात्मक परियोजना ने पर्यावरण को हानि पहुचाने वाली एअर-कंडीशनर जैसी मशीनों का बड़ा ही अनूठा विकल्प प्रदान किया है, साथ ही भावी पीढ़ी को विज्ञान व तकनीक के समाजोपयोगी उपयोग हेतु प्रेरित किया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि अभी हाल ही में पावनी ने अपने इस अनूठे

■ पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण में अभिनव योगदान के लिए सम्मानित

प्रोजेक्ट को उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के सचिव, श्री आशीष तिवारी, आई.एफएस., के समक्ष प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार की क्लाइमेट चेन्ज टीम एवं रिसर्च टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सी.एम.एस. छात्रा के समाजोपयोगी प्रोजेक्ट की भूरि-भूरि प्रशंसा की एवं पर्यावरण संरक्षण की उसकी प्रतिबद्धता हेतु हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर पावनी ने बताया कि उन्होंने यह प्रोजेक्ट ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों और अस्पतालों के लिए खास तौर पर तैयार किया है। श्री खन्ना ने बताया कि पावनी अग्रवाल ने यह 'शीतल' परियोजना श्री रामस्वरूप मेमोरियल यूनिवर्सिटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के डीन डा. अभिषेक सक्सेना के मार्गदर्शन में पूरी की है, जिससे कि गर्मी के मौसम में पर्यावरणीय क्षति और बिजली की खपत को कम किया जा सके।

सपा के सांसद-विधायकों से मिले अखिलेश यादव

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी को मिली सफलता से उत्साह से भरे हुए हैं। उन्होंने सपा सांसदों को लोकसभा में जनता के मुद्दों को मुखरता से रखने का निर्देश दिया और इसी तरह विधायकों से भी यूपी विधानसभा में मुद्दे उठाने की बात कही।

चुनाव परिणाम आने के बाद अखिलेश यादव ने लखनऊ में पार्टी के सांसदों-विधायकों के साथ बैठक की। इस मौके पर शिवपाल यादव ने भी संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा अपने अहंकार के कारण हारी है।

सुल्तानपुर लोकसभा सीट पर भाजपा नेता मेनका गांधी को हराने वाले रामभुआल निषाद ने कहा कि यूपी के विधानसभा चुनाव में सपा

■ बोले- लोकसभा में मुखर होकर उठाएं मुद्दे

जीतेगी। लोकसभा चुनाव में सपा ने यूपी में अकेले 37 सीटों पर और कांग्रेस के साथ मिलकर 43 सीटें जीती। यह प्रदर्शन सपा के लिए ऐतिहासिक है और बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है। अब कहा जा रहा है कि अखिलेश यादव केंद्र की राजनीति करेंगे और यूपी में नेता प्रतिपक्ष किसी और को बनाया जाएगा।

800 मेगा वाट की 2 इकाइयों को बिडिंग रूट से लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की तरफ से जहां 800 मेगा वाट की 2 इकाइयों यानी 1600 मेगावाट की बिजली थर्मल उत्पादन के लिए विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 63 के तहत बिडिंग रूट से टेंडर की प्रक्रिया जारी की गई है और कल विद्युत नियामक आयोग में स्टैंडर्ड बिडिंग गाइड लाइन के तहत टेंडर में कुछ विचलन पर अनुमोदन के लिए याचिका पर सुनवाई संपन्न हुई वहीं दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में ही एक नए घटनाक्रम के तहत 800 मेगा वाट की ही 2 इकाइयों के लिए मिर्जापुर थर्मल एनर्जी यूपी प्राइवेट लिमिटेड अदानी ग्रुप द्वारा बी0एच0ई0एल को ऑर्डर दिया गया है इसके बाद प्रदेश में चर्चा आम हो गई है की उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा 1600 मेगावाट के लिए जो टेंडर को आगे बढाया गया है उसका और अदानी

■ विचलन पर नियामक आयोग में कल हुई सुनवाई

पावर का कोई पिछले दरवाजे संबंध है और यदि नहीं है तो अदानी पावर द्वारा जो प्रोजेक्ट लगाया जाएगा उसकी बिजली कौन खरीदेगा वह एमओयू रुट का प्रोजेक्ट है तो कैसे क्योंकि देश में एमओयू रूट का प्रोजेक्ट पहले ही बंद हो चुका है सब मिलाकर बहुत जल्द ही स्थिति साफ होगी लेकिन प्रदेश के उपभोक्ताओं की तरफ से उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा है कि विद्युत नियामक आयोग को पावर कॉरपोरेशन की विचलन याचिका पर आम जनता का पक्ष सुनने के लिए भी सभी को अनुमति प्रदान करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा चुकी पावर कॉरपोरेशन जब उत्पादन निगम द्वारा पावर प्रोजेक्ट लगाने की बात की जाती है तो वह उसके द्वारा यह तर्क दिया जाता है की शक्ति योजना के तहत पावर कारपोरेशन को जो कोयला का आवंटन मिला है उसमें स्पष्ट लिखा गया है की बिडिंग रूप से ही पावर प्रोजेक्ट लगाना होगा इसलिए पावर कॉरपोरेशन बिडिंग रूट के तहत उत्पादन इकाई लगाने की बात कर रहा है और यदि उत्पादन निगम चाहता है कि उसे यह काम मिले तो उसे भी टेंडर में भाग लेना चाहिए सब मिलाकर उपभोक्ता परिषद की पूरी नजर है और आगामी विद्युत नियामक आयोग की सुनवाई में उपभोक्ता परिषद भी आयोग से अनुमति मांगेगा की विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 63 के तहत स्पष्ट रूप से टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता है कि नहीं के लिए आयोग को पूरे मामले की छानबीन करना होता है ऐसे में स्टैंडर्ड बेटिंग गाइड लाइन में जो विचलन मांगा जा रहा है वह भारत सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत जरूरी है।

वायु जीवनदायिनी, आओ वृक्ष लगाएं : प्रो. मंजुला

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, वृक्ष हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं। ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं। न केवल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल प्रकृति को नष्ट कर रहा है, बल्कि यह हमें प्रकृति से दूर भी कर रहा है। अगर हम वास्तव में सेहतमंद रहना चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाए जाने चाहिए। वह तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की एनएसएस इकाई की ओर से पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। यूनिवर्सिटी कैंपस में पवेलियन के आसपास बुक्सर के पांच पौधे रोपे गए, जबकि 150 छायादार और फलदार पौधे यूनिवर्सिटी के गोद लिए गए गांवों में रोपित किए जाएंगे। इस मौके पर डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर एवम् चीफ प्रॉक्टर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर विशिष्ट अतिथि, एनएसएस समन्वयक डॉ. रत्नेश जैन, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, डॉ. विनोद जैन, श्री धर्मेंद्र सिंह के साथ-साथ सभी एनएसएस इकाई कोऑर्डिनेटर भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने आगामी पहली जुलाई से लागू होने जा रही नवीन आपराधिक न्याय प्रणाली के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा की

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक बैठक में आगामी पहली जुलाई से लागू होने जा रही नवीन आपराधिक न्याय प्रणाली के सम्बन्ध में तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर देश के सामने पंचप्रण लिए थे। इनमें से एक प्रण था-गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त करना। इस प्रण को पूरा करने के लिए संसद ने अंग्रेजों द्वारा बनाए गए इण्डियन पीनल कोड-1860, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड-1898, 1973 और इण्डियन एवीडेंस एक्ट-1872 कानूनों को समाप्त कर तीन नए कानून पारित किए हैं। यह कानून आगामी 01 जुलाई से उत्तर प्रदेश सहित पूरे

देश में लागू होने हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन व्यवस्था के अनुसार इण्डियन पीनल कोड-1860 के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता-2023 स्थापित होगी। क्रिमिनल प्रोसीजर कोड-1898 के स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और इण्डियन एवीडेंस एक्ट-1872 के स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 स्थापित होंगे। नए भारत के यह तीनों स्वदेशी कानून प्रधानमंत्री के प्रण को पूरा करने वाले हैं। समाप्त किए गए तीनों कानून अंग्रेशासन को मजबूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे। उनका उद्देश्य दण्ड देने का था, न कि न्याय देने का। जबकि भारतीय लोकतंत्र न्याय की अवधारणा वाला है। भारतीय मूल्यों को दृष्टिगत रखते हुए संसद द्वारा पारित तीनों नए कानून हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक परिवर्तन करने वाले होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि तीनों नए कानून के लागू होने से पूर्व इनसे सम्बन्धित राज्य स्तरीय अधिनियम, नियमावली, एस0ओ0पी0 तथा शासनादेशों में संशोधन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। नए कानूनों में तकनीक का बहुत महत्व है। डेटा एनालिटिक्स, साक्ष्यों के संकलन, ई-कोर्ट, दस्तावेजों के डिजिटाइजेशन जैसी हर प्रक्रिया में तकनीक का उपयोग किया जाना है। इसके दृष्टिगत आवश्यक तकनीकी बदलाव बिना विलम्ब किए जाएं। इस कार्य में उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइन्सेज, लखनऊ का सहयोग लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रेंज स्तर पर स्थापित सभी फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं में हर जरूरी संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। सभी 75 जिलों में फॉरेंसिक लैब स्थापित कराएं। न्यायालय में अभियुक्तों की पेशी के लिए हर जिले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा होनी चाहिए। यह कार्य शीर्ष प्राथमिकता पर रखें।

लखनऊ में भाजपा और कांग्रेस दफ्तरों में जश्न

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। यूपी की राजधानी में पहली बार भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। जहां एक और भाजपा कार्यालय में बीजेपी कार्यकर्ता झूमते हुए एक दूसरे को मिठाई खिला रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के कार्यकर्ता खुशी में नाच रहे हैं। लखनऊ में पहली बार इस तरह का नजारा देखने को मिल रहा है।

नई दिल्ली में नरेंद्र मोदी को एनडीए की संसदीय दल का नेता चुना गया है। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा-एनडीए मिलकर नई सरकार का गठन करने जा रहे हैं। यूपी की राजधानी लखनऊ में इस बात को लेकर भाजपा कार्यालय में जश्न का माहौल है। कार्यकर्ता मस्ती से झूम रहे हैं। वहीं भाजपा कार्यालय के बाहर नारे लगाए जा रहे हैं कि एक बार फिर मोदी सरकार।

दरअसल, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने

■ अजय राय के हारने के बाद भी झूम रहे कांग्रेसी, बीजेपी इस खुशी में बांट रही मिठाई

यूपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का लखनऊ पहुंचने पर स्वागत किया और जश्न मनाया। बता दें कि अजय राय ने वाराणसी से नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। हालांकि वह डेढ़ लाख से अधिक वोटों से यह चुनाव हार गए। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि नरेंद्र मोदी को अजय राय ने कड़ी टक्कर दी। क्योंकि पहले की तुलना में नरेंद्र मोदी का जीत का मार्जिन काफी हद तक कम हुआ है।